सूर्योदय 6:56 सूर्यास्त 5:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.2 न्यू | 17.2 अधि |
| धर्मशाला | 8.8 न्य | 21.6 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79802.79 |
| निफ्टी | 24131.10 |
| सोना 78,110 | चांदी 94,336 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



स्वियातेक ने एक माह का प्रतिबंध किया स्वीकार

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 1 दिसंबर 2024 | 16 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 345, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

WEMBLEY SINCE 1961
Winner of National Award 2015
Winner of GOLDEN PEACOCK AWARD LONDON
High Gloss Emulsion For Exterior & Interior
High Build Primer for High Gloss Emulsions
(An ISO 9001-2008 Certified Co.)
Wembley Paints & Chemicals
Bring Home Wide Range of
Premium Interior & Exterior Paints
WEMBLEY
THE COMPLETE SOLUTION
For WOOD & WALL COATINGS (SINCE-1961)
JAIN TRADERS UNA Mob.: 9805002437
Authorized Distributors For: Himachal Pradesh
Wembley Paints and Chemicals and Indo Wembly Paints Pvt. Ltd.

## न्यूज शॉर्ट्स

### कनाडा कोर्ट ने दी आतंकी अर्श डल्ला को जमानत



**नई दिल्ली।** कनाडा की अदालत ने खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला को जमानत दे दी है। पिछले दिनों गिरफ्तार किए गए अर्श डल्ला को 30 हजार डॉलर के निजी मुचलके पर जमानत मिली है। डल्ला कभी लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य था, लेकिन आज उसका जानी दुश्मन बन चुका है। मामले की अगली सुनवाई 24 फरवरी 2025 को होगी।

### सिद्दीकी हत्या मामला: 26 आरोपियों पर लगा मकोका

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में 26 आरोपियों के खिलाफ कठोर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) की धाराएं लगाई हैं। अपराध शाखा ने इस मामले में अब तक कथित मुख्य शूटर शिव कुमार गौतम सहित 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। मकोका के तहत जमानत मिलना भी मुश्किल है।

### पुलवामा में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के त्राल में शनिवार दोपहर को गोली चलने की आवाज सुनाई दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके में तलाशी अभियान चलाया है। सुरक्षाबलों को यहां आतंकियों के छिपे होने की आशंका है।

अनंत ज्ञान
अनुभवी स्टाफ चाहिए
'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।
संपादकीय विभाग
उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।
मार्केटिंग विभाग
मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।
मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- 10 दिन से अस्पताल में एक्स-रे मशीन खराब -पेज 2
- नशा मुक्ति केंद्र नूरपुर में युवक की हत्या मामले में 3 दोषी करार -पेज 4
- नगर निगम के टैक्स प्रस्तावों पर अढ़ाई दर्जन आपत्तियां दर्ज -पेज 10
- दिल्ली में नहीं सुधर रहे हालात, वायु गुणवत्ता बेहद खराब -पेज 13
- गुकेश ने लिरेन से विश्व शतरंज चैंपियनशिप में खेला ड्रॉ -पेज 14

# बांग्लादेश में एक और हिंदू नेता को किया गिरफ्तार

## जेल में चिन्मय कृष्ण दास से मिलने गए थे श्याम दास प्रभु

**एजेंसी, ढाका**



**बांग्लादेश** में इस्कॉन पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के कुछ दिनों बाद बांग्लादेश के चटगांव में एक और हिंदू पुजारी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार पुजारी की पहचान श्याम दास प्रभु के रूप में हुई है, जो कथित तौर पर जेल में चिन्मय कृष्ण दास से मिलने गए थे। श्याम दास प्रभु को बिना किसी आधिकारिक वारंट के गिरफ्तार किया गया है।

**इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने एक्स पर दी जानकारी**

कोलकाता स्थित इस्कॉन के उपाध्यक्ष और प्रवक्ता राधारमण दास ने भी पुजारी की गिरफ्तारी के बारे में 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि एक और ब्रह्मचारी श्याम दास प्रभु को आज चटगांव पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बांग्लादेश में पुजारी की गिरफ्तारी के विरोध में लोग सड़कों पर उतर आए हैं और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं, कई इलाकों में भारी संख्या में हिंदू समुदाय के लोग जमा होकर विरोध जता रहे हैं। इस्कॉन के पूर्व सदस्य हिंदू पुजारी चिन्मय कृष्ण दास को 25 नवंबर को देशद्रोह के मामले में गिरफ्तार किया गया और अगले दिन उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। चिन्मय की रिहाई के लिए विरोध-प्रदर्शन जारी हैं।

### हिंसा में वकील की हत्या के मामले में नौ लोग गिरफ्तार

**बांग्लादेश** के चटगांव में हुई हिंसा के दौरान वकील की हत्या के मामले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सहायक लोक अभियोजक सैफुल इस्लाम की हत्या में संलिप्तता के लिए 46 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था, जिनमें से अधिकतर अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सफाई कर्मचारी हैं।

### हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार हों बंद चिन्मय को किया जाए रिहा : आरएसएस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से अपील की है कि हिंदुओं पर अत्याचार बंद हों और हिंदू आध्यात्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास को जेल से तत्काल रिहा किया जाए।

आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने भारत सरकार से अपील की कि बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर अत्याचारों को रोकने के लिए अपने प्रयास जारी रखें और उनके प्रति समर्थन में वैश्विक राय बनाने के लिए जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं, महिलाओं और अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामी कट्टरपंथियों की ओर से किए हमलों, हत्याओं, आगजनी और अमानवीय अत्याचार की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक हैं।

# रोहतांग दर्रे सहित कुल्लू-लाहौल की चोटियों पर ताजा बर्फबारी

## ऊंचाई वाले क्षेत्रों में चार दिन बारिश-बर्फबारी की संभावना



**न्यूनतम तापमान**

| | |
|---|---|
| शिमला 8.2 | मनाली 2.5, |
| सुंदरनगर 4.9 | बिलासपुर 6.3, |
| भुंतर 3.2 | चंबा 6.8 |
| कल्पा 0.4, | कुकुमसेरी -5.4, |
| धर्मशाला 8.8 | समदो -2.2, |
| ऊना 4.5, | ताबो -9.4 |

**अनंत ज्ञान टीम, शिमला/कुल्लू**

**हिमाचल** प्रदेश की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में शनिवार को बर्फबारी हुई है। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। रोहतांग के साथ कुल्लू व लाहौल-स्पीति की ऊंची चोटियों पर रुक-रुककर बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 4 दिन बर्फबारी और बारिश की संभावना जताई है।


रोहतांग, शिंकुला दर्रा, बारालाचा, कुंजुम दर्रा सहित घेपन पीक में पांच से आठ सेंटीमीटर तक बर्फबारी हुई है। इसका असर लाहौल के साथ कुल्लू जिले में भी पड़ा है और तापमान तीन से चार डिग्री तक लुढ़क गया है। वहीं, एहतियात के तौर पर साच दर्रा भी आगामी आदेशों तक बंद रखने का निर्णय लिया है।

**लाहौल-स्पीति में शीतलहर :** जनजातीय जिले लाहौल-स्पीति में दिनभर शीतलहर का दौर जारी रहा और कड़ाके की ठंड में लोग घरों में ही दुबके रहे। वहीं, शिमला में दिनभर हल्के बादल छाए रहे। किसान-बागवान व पर्यटन कारोबारी लंबे समय से बारिश-बर्फबारी का इंतजार कर रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार चंबा, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, कांगड़ा, मंडी और किन्नौर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 3 दिसंबर तक बारिश व बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया है। अन्य जिलों में आगामी सात दिन तक मौसम साफ रहने के आसार हैं। 4 दिसंबर से सभी जिलों में मौसम साफ रहने की संभावना है।

# गिरानी ही होंगी संजौली मस्जिद की तीनों मंजिलें

## जिला कोर्ट ने खारिज की मुस्लिम पक्ष की अपील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**हिमाचल** प्रदेश के बहुचर्चित संजौली मस्जिद विवाद में जिला अदालत ने शनिवार को ऑल हिमाचल मुस्लिम वेलफेयर एसोसिएशन की अर्जी को खारिज दिया है। मुस्लिम पक्ष ने नगर निगम आयुक्त शिमला के मस्जिद की तीन अवैध मंजिलों को तोड़ने के आदेशों को चुनौती दी थी।

हाईकोर्ट ने 20 दिसंबर तक अवैध मंजिलों को गिराने का आदेश दिया था। जो 5 मंजिला मस्जिद बनाई है, वहां पुरानी छोटी मस्जिद की जगह अवैध इमारत खड़ी कर दी है। अवैध मस्जिद को लेकर हिंदू पक्ष ने कड़ा विरोध किया था।

### ब्रिटेन की संसद ने इच्छामृत्यु को किया वैध, विधेयक पास

**लंदन।** ब्रिटेन की संसद के निचले सदन में इच्छामृत्यु को लेकर बिल पास हो गया। बिल के मुताबिक, इच्छामृत्यु की चाहत रखने वाले लोग अब आसानी से खुद को मौत दे सकते हैं। गंभीर रूप से बीमार बुजुर्गों को अपना जीवन खत्म करने में मदद मिलेगी। बिल को ब्रिटेन की संसद से शुरुआती मंजूरी मिल गई है, जिसे अब ऊपरी सदन में भेजा जाएगा। संसद में बहस के बाद इस बिल पर संसद में वोटिंग कराई गई, जिसमें विधेयक के पक्ष में 330 वोट पड़े, जबकि विपक्ष में 275 वोट पड़े। इससे पहले 2015 में यह विधेयक संसद में लाया गया था, लेकिन यह उस समय पास नहीं हो पाया था।

# बस में राहुल के खिलाफ ऑडियो चलाकर दुष्प्रचार करने की शिकायत निकली निराधार : रोहन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

एचआरटीसी बस में राहुल गांधी के खिलाफ ऑडियो चलाकर दुष्प्रचार करने की शिकायत निराधार निकली है। एचआरटीसी प्रबंधन निदेशक रोहन चंद ठाकुर ने प्रेसवार्ता में कहा कि इस मामले में अब जांच पूरी हो गई है। इस मामले की शिकायत एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री कार्यालय में की थी।

एचआरटीसी की ओर से मामले की फैक्ट फाइंडिंग की गई, जिसमें शिकायत निराधार निकली है। इसके बाद प्रबंधन ने मामले को बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि हमारी बसों में हर दिन पांच से छह लाख लोग यात्रा करते हैं और कई तरह की



शिकायतें आती रहती हैं। उन्होंने कहा कि हर शिकायत में फैक्ट फाइंडिंग करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि पूरा प्रबंधन मानता है कि दोनों चालकों-परिचालकों को जारी नोटिस की शब्दावली और बेहतर हो सकती थी। संबंधित अधिकारी को इस तरह का स्पष्टीकरण मांगने की जरूरत नहीं थी। बता दें कि 5 नवंबर को नवबहार निवासी सैमुयल प्रकाश ने लिखित शिकायत की थी कि शिमला से संजौली रूट पर चल रही एचआरटीसी बस में एक तेज आवाज में एक ऑडियो प्रोग्राम चल रहा था। आरोप लगाया कि इसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और भारत सरकार समेत कुछ अन्य नेताओं के खिलाफ दुष्प्रचार किया जा रहा था। इसके बाद सचिवालय से मामले को निगम प्रबंधन को भेजा गया। पूरे मामले को लेकर एचआरटीसी शिमला लोकल डिपो ने बस के चालक और परिचालक से तीन दिन के भीतर लिखित में स्पष्टीकरण मांगा गया। अब जांच आगे नहीं बढ़ेगी।

**डीजीपी-आईजी सम्मेलन**

### पीएम मोदी ने की सुरक्षा मुद्दे से निपटने के रोडमैप पर चर्चा



**भुवनेश्वर।** 59वें डीजीपी-आईजी सम्मेलन के दूसरे दिन शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के रोडमैप पर चर्चा की। पीएम ने राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण घटकों की चर्चा की गई। इसके अलावा आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद, तटीय सुरक्षा, नए आपराधिक कानून के अलावा नारकोटिक्स विषय पर विचार-विमर्श किया गया।

### चुनाव आयोग बोला- चुनाव प्रक्रिया में नहीं हुई कोई गड़बड़ी, हर सवाल का मिलेगा जवाब

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस की ओर से ईवीएम समेत चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोपों पर निर्वाचन आयोग ने कहा कि चुनाव में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। इसके बाद भी पार्टी के जो भी सवाल है, वह उन सभी का लिखित और मौखिक जवाब देने को आयोग तैयार है। चुनाव आयोग ने कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को 3 दिसंबर को शाम पांच बजे मिलने मुख्यालय बुलाया है। आयोग ने यह जवाब 29 नवंबर को चुनाव में गड़बड़ियों को लेकर सौंपे ज्ञापन पर दिया है।

**3 दिसंबर को कांग्रेस नेताओं को बुलाया**

### संभल में 10 दिसंबर तक बाहरी लोगों के प्रवेश पर लगी रोक

**संभल ( उप्र )।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में 24 नवंबर को हुई हिंसा के बाद यहां शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने 10 दिसंबर तक बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। जिला प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा की अवधि भी एक दिसंबर से बढ़ाकर 31 दिसंबर कर दी है। जिलाधिकारी राजेंद्र पेसीया ने कहा कि कोई भी बाहरी व्यक्ति बिना अनुमति के प्रवेश नहीं कर पाएगा। वहीं, हिंदू पक्ष ने इस मस्जिद के हरिहर मंदिर होने का दावा किया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने कोर्ट में दाखिल किए अपने हलफनामे में कहा कि उनकी टीम को भी इस मस्जिद में दाखिल नहीं होने दिया गया।

# महाराष्ट्र में शपथ ग्रहण पांच को लेकिन सीएम अभी फाइनल नहीं

## शिंदे की तबीयत बिगड़ी, भाजपा विधायक दल की बैठक टली

**एजेंसी, मुंबई**

**महाराष्ट्र** विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आए 7 दिन बीत चुके हैं। भाजपा, शिवसेना शिंदे और एनसीपी अजित पवार गुट यानी महायुति ने 288 में से 230 सीटें जीतीं, लेकिन अब तक शपथ पर सस्पेंस बना हुआ है।

सूत्रों के मुताबिक, एकनाथ शिंदे डिप्टी सीएम का पद लेने को तैयार हैं, लेकिन गृह मंत्रालय पर अड़े हुए हैं। 29 नवंबर को शिंदे दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद मुंबई लौटे और सभी कार्यक्रम रद्द कर अपने गांव सातारा निकल गए। गांव में उनकी तबीयत बिगड़ गई है। मुंबई से डॉक्टरों की टीम पहुंची है। इस बीच, भाजपा विधायक दल की बैठक भी दो दिन आगे बढ़ गई है। 1 दिसंबर को होने वाली बैठक अब 3 दिसंबर को होगी। इस दिन दिल्ली से दो ऑब्जर्वर मुंबई आएंगे और विधायकों से चर्चा के बाद आधिकारिक रूप से सीएम फेस अनाउंस करेंगे। उधर, भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि संघ से हरी झंडी मिलने के बाद सीएम पद के लिए देवेंद्र फडणवीस का नाम फाइनल कर दिया गया है। शपथ ग्रहण 5 दिसंबर को दोपहर 1 बजे मुंबई के आजाद मैदान में होगा। शिवसेना और एनसीपी की ओर से एक-एक डिप्टी सीएम भी शपथ लेंगे। गौरतलब है कि शिंदे सरकार में डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के पास ही गृह मंत्रालय था। वह इस मंत्रालय को छोड़ना नहीं चाहते हैं। वहीं, शिंदे गुट का तर्क है कि अगर डिप्टी सीएम का पद हमें मिल रहा है तो गृह मंत्रालय भी उन्हें ही मिलना चाहिए। शाह के साथ बैठक में भी इसका हल नहीं निकल पाया है।

**शिंदे डिप्टी सीएम का पद लेने को तैयार गृह मंत्रालय पर अड़े**






# शिमला-बिलासपुर



## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षा मंत्री 2 दिसंबर को हाटकोटी के प्रवास पर

**दशमी रावत, जुब्बल।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को हाटकोटी के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। रोहित ठाकुर 2 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे हाटकोटी में सावरा कुड्डू जलविद्युत परियोजना से संबंधित स्थानीय मुद्दों पर विद्युत निगम के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से छात्रों ने बांधा समां



**सपना सूद, नेरवा।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल नेरवा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की खूब धूम रही। इस मौके पर स्कूल के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से खूब समां बंधा। प्रदेश कांग्रेस संगठन महासचिव रजनीश किमटा ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि एसजेवीएनएल से सेवानिवृत्त महाप्रबंधक कमल सिंगटा बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य केवल राम चौहान ने मुख्यातिथि व अभिभावकों को स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट व उपलब्धियों से अवगत करवाया। इस दौरान पोजिशन हासिल करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

### पीरन बटोला सड़क हादसे में एक महिला की मौत

**जुन्गा (शिमला)।** ग्राम पंचायत पीरन के बटोला रोड पर बीते कल एक सड़क हासदा पेश आया जिसमें सवार एक महिला की मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार बीते रोज करीब तीन बजे एक पिकअप एचपी 65 ए 0285 बटोला से पीरन आ रही थी जिसमें सवार चालक राकेश का भाई नीलू और भाभी सरला (40) भी सरकारी डिपो के सामान के लिए आ रहे थे। जैसे ही पीरन के लिए निकले ही थे कि चालक गाड़ी पर से नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी अनियंत्रित होकर करीब 60 मीटर नीचे लुढ़क गई और सरला गाड़ी के नीचे दब गई जिसे आईजीएमसी ले जाया गया जहां पर चिकित्सों ने उन्हें मृत घोषित किया गया। जबकि चालक राकेश और उसके भाई नीलू को हल्की चोटें आई है। एएसआई जुन्गा महेंद्र सिंह ने बताया कि महिला का पोस्टमार्टम करके उनके शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

### घर में घुसकर लड़की से दुष्कर्म का प्रयास

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिला में एक युवक द्वारा घर में घुसकर लड़की से दुष्कर्म करने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। लड़की की उम्र 13 साल है। जानकारी के अनुसार शिमला में एक नाबालिग लडक़ी के साथ उसके घर में घुस कर युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया था। जिसकी जानकारी युवती ने अपने परिजनों को दी। जिसके बाद परिजनों ने पुलिस थाना झाकड़ी में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को उसके घर में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी 22 साल का स्थानीय युवक है। पुलिस की मामले को लेकर जांच जारी है।

### मॉडल सेंट्रल जेल कंडा में किया प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण




**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस द्वारा 'मॉडल सेंट्रल जेल 'कंडा के बंदीयों एवं स्टाफ को एक दिवसीय प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण दिया गया जिसमें हिप्र राज्य रेडक्रॉस की मास्टर ट्रेनर डॉ. गंगा ने बतौर प्रशिक्षक भाग लिया व प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जेल अधीक्षक सुशील कुमारद्वारा किया गया। यह जानकारी हिप्र राज्य रेडक्रॉस के सहायक सचिव डॉ. संजीव कुमार ने दी। सुशील कुमार, जेल अधीक्षक द्वारा राज्य रेडक्रॉस से आए प्रतिनिधियों का स्वागत किया व प्राथमिक सहायता के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए बंदीयों को उक्त प्रशिक्षण गंभीरता से सीखने हेतु प्रेरित किया। इस प्रशिक्षण शिविर में रेडक्रॉस से आए वीरेंद्र सिंह बिष्ट ने प्रतिभागियों को रेडक्रॉस के बारे में जानकारी प्रदान की।

### झंडूता भाजपा ने किया बूथ अध्यक्षों का चुनाव



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता भाजपा मंडल झंडूता के बूथ अध्यक्षों के चुनाव मंडल प्रभारी लेखराम कौंडल व सत्यपाल वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुए। इसमें बूथ बेहरण 1 से अध्यक्ष ज्ञानचंद बूथ मंत्री धर्मेंद्र ठाकुर बीएल, संजय धीमान, बूथ बेहरण 2 से अध्यक्ष रतन सिंह ठाकुर, बूथ मंत्री राजेश शर्मा, बीएल, कृष्ण चंद, बूथ शेर से अध्यक्ष अमर सिंह ठाकुर, बूथ मंत्री मनोहर लाल महाजन बीएल, जगत राम जमवाल, बेहना ब्राह्मण से अध्यक्ष हेमराज, बूथ मंत्री सुरेश मन्हास, बीएल, संजय कुमार, बलधाड़ बूथ से अध्यक्ष बाबू राम, राणा बूथ मंत्री कश्मीर सिंह ठाकुर, बीएल, जगदीश राम शर्मा को बनाया गया है। सभी बूथों से 11-11 सदस्यों को नियुक्त किया गया है।

### नकराणावासी राशन डिपो शिफ्ट करने से नाराज



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री नयना देवी तहसील के तहत आने वाले नकराणा पंचायत के लोग खाद्य आपूर्ति विभाग के डिपो को बदलने पर खफा हो गए हैं। इसी संदर्भ में नकराणा पंचायत के लोगों ने क्षेत्र के पूर्व विधायक कृष्ण कुमार कौशल की अगुवाई में अतिरिक्त उपायुक्त एवं खाद्य आपूर्ति नियंत्रक को ज्ञापन देकर स्थानांतरित डिपो को वहीं पर स्थापित करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि नकराणा पंचायत के तहत आने वाले गलुआ में विभाग द्वारा खाद्य आपूर्ति का डिपो खोला था, लेकिन अब उसे स्थानांतरित किया गया है। इससे पंचायत के लोगों को दूसरी पंचायत में सस्ता राशन लेने के लिए जाना पड़ेगा। इससे न केवल उनका समय बर्बाद होगा। बल्कि आने-जाने के धन भी खर्च करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने कहा है कि गलुआ नकराणा पंचायत का केंद्र बिंदु है। लेकिन अब इस डिपो को मंडयाली पंचायत में स्थानांतरित किया गया है जबकि मंडयाली पंचायत में पहले से ही डिपो है। तर्क दिया है कि जिस स्थान पर अब डिपो खोला गया है, वहां पर न तो उपभोक्ताओं को बैठने के लिए स्थान है और ही वहां पर बस ही रुकती है। जिस कारण ग्रामीणों को आवागमन करने में भारी असुविधाओं से जूझना पड़ रहा है। इतना ही नहीं संबंधित डिपो में लोगों को 25 तारीख के बाद राशन दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि लोकहित में इस डिपो को गलुआ में ही रखा जाए। इस अवसर पर बली राम ठाकुर, मंगल सिंह, जैमल सिंह, ओमप्रकाश, राजकुमार, चरण सिंह, इंद्र सिंह व श्याम लाल भी मौजूद रहे।

### महिला सशक्तिकरण पर करवाया सेमिनार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में समाजशास्त्र विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण पर सेमिनार आयोजित करवाया गया। सेमिनार में महाविद्यालय प्राचार्य डाक्टर पीएस कटवाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। महाविद्यालय प्राचार्य ने अपने संबोधन में महिला सशक्तिकरण पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 2010-11 में महिला सशक्तिकरण का संचालन किया गया था। उसके पश्चात महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपना स्थान निश्चित किया है। आज महिलाएं सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और प्रशासनिक अधिकारियों के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है।आज महिलाएं हर प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं उन्नति की ओर अग्रसर है। हमें महिलाओं का सम्मान करना चाहिए क्योंकि महिला हमारे समक्ष विविध रूपों में विद्यमान है। कार्यक्रम के आयोजक और महाविद्यालय के सह प्राचार्य प्रोफेसर प्रेम जीत ने अपने संबोधन में कहा कि हमें नारी की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए तभी हमारा समाज विकास की और अग्रसर होगा। रिसोर्स पर्सन के रूप में हिन्दी विभाग के डॉ श्यामलाल ने संवैधानिक प्रावधानों के आधार पर कम्हिलाओं की समाज में स्थिति के बारे में विद्यार्थियों के साथ अपने विचार साझा किए और संविधान में व्यक्त महिला के अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में समाजशास्त्र के विद्यार्थियों ने महिला सशक्तिकरण पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।




### 56 सेंटरों में 5 हजार 870 एड्स पीड़ित ले रहे दवाइयां

# नशेड़ी सिरिंज से फैला रहे एड्स

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

प्रदेश भर में भले ही एड्स पर काबू पाने के लिए सरकार और एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा कड़े कदम उठाए जा रहे हैं, लेकिन सोचने का विषय तो यह है कि हिमाचल में नशेड़ी युवा वर्ग सिरिंज का प्रयोग कर एड्स फैलने को खुला न्यौता दे रहे हैं। इसका खुलासा एड्स कंट्रोल सोसायटी की रिपोर्ट में हुआ है। बताया जा रहा है कि इन दिनों युवा वर्ग सिरिंज के माध्यम से तरह तरह के नशे का प्रयोग कर रहे हैं।

पीछले साल की अपेक्षा इस बार प्रदेश में एड्स के मामलों में जरूर कमी आई है, फिर भी वर्तमान में 56 सैंटरों में 5 हजार 870 के आसपास लोग एड्स की दवाइयां ले रहे हैं। ध्यान रहे कि 0 से 18 साल के बच्चे भी अब एड्स की चपेट में आ रहे हैं। एआरटी सैंटर की अगर बात की जाए तो यहां कुछ बच्चों के नाम दर्ज हुए हैं, जिनमें एड्स की बीमारी फैली हुई है।

#### दवाइयां मुफ्त, आना-जाना भी फ्री

**स्टेट** एड्स कंट्रोल सोसाइटी की तरफ से ऊना, बिलासपुर, मंडी, टांडा, शिमला, हमीरपुर सहित अन्य जिलों में एआरटी सैंटर खोले गए हैं। जहां पर एड्स से पीड़ितों में निशुल्क दवाईयां दी जाती है। सोसायटी की तरफ एड्स से पीड़ित मरीजों को घर से आने व जाने का खर्च भी दिया जाता है।

#### टैटू बनाने वाले जरा ध्यान दें



**इन** दिनों युवा लोगों ने टैटू बनाना एक फैशन बनाया हुआ है। टैटू बनाने वाले जरा ध्यान दें कि जो सीरिंज इसमें इस्तेमाल होती है वह क्या सही है या नहीं। चिकित्सकों की माने तो यह अगर यह सीरिंज ठीक नहीं है तो एड्स फैलना तय है। टैटू बनाने वाले काफी लोगों में एड्स के लक्षण सामने आए है।

#### एड्स के लक्षण में इन बातों का रखें ख्याल

- एड्स के लक्षण ऊर्जा की कमी, वजन घटना, बार-बार बुखार और पसीना, देर तक या बार बार होने वाली फंगल की छूत।
- देर तक रहने वाला डॉयरिया, कुछ समय के लिए विस्मृति, मुख जननेन्द्रिय और गुर्दा में फोड़े, खांसी और श्वास फूलना।

#### एड्स फ्री होगा हिमाचल, उठाए जा रहे कड़े कदम

हिमाचल के एक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने कहा कि स्थिति बाकी राज्य से बेहतर है, क्योंकि विभाग द्वारा विभिन्न संस्थाओं के साथ मिल कर जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। प्रदेश में पीछले साल की अपेक्षा इस बार कमी आई है। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोगों से अपील की जाती है कि वह स्वयं भी इस बीमारी से बचकर रहे। युवा लोग नशे से बचे व असुरक्षित सीरिंज का इस्तेमाल करने से बचें। अस्पतालों में संक्रमित रोगियों का इलाज निशुल्क होता है। लक्षण दिखाई देने पर अपना शीघ्र उपचार करवाएं। जल्द हिमाचल एड्स मुक्त होगा।

#### ऐसे फैलता है एड्स

**एड्स** एचआईवी मानव की रोधन क्षमता को कमजोर करने वाला वायरस से होता है, जो कि शरीर की रोधन क्षमता पर प्रहार करता है, जिसका काम शरीर को छूत या संक्रामक रोगों से बचाना होता है। इस सुरक्षा कवच के बिना एड्स वाले लोग भयानक छूत के रोगों और कैंसर आदि से पीड़ित हो जाते हैं। एक संक्रमित व्यक्ति से एचआईवी के छूत दूसरे व्यक्ति स्राव अथवा रक्त के देने लेने से पहुंचती है।

यह एक इंजैक्शन की सीरिंज का दूसरे व्यक्ति के लिए प्रयोग करने से और एक संक्रमित मां से उसके बच्चे को जन्म या उसके आसपास के समय में पहुंचाता है। हालांकि मौखिक संभोग से भी संक्रमण की संभावना रहती है परंतु औरत या पुरूष के साथ असुरक्षित यौन संबंध रखने से भी खतरा होता है वह कहीं अधिक रहता है। (अनंत ज्ञान)

## 1215 स्कूलों में 4 को होगा परख सर्वे



बैठक के दौरान मौजूद राजेश शर्मा व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

स्कूली बच्चों के सीखने की क्षमता को जांचने के लिए 4 दिसंबर को हिमाचल में परख सर्वे-24 होगा। समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा ने कहा है कि परख सर्वे-24 के लिए 1215 स्कूलों को रैंडम सैंपलिंग के माध्यम से चुना गया है। सर्वे में पारदर्शिता बने रहे, समग्र शिक्षा यह सुनिश्चित कर रहा है।

इसके लिए 1367 जेबीटी प्रशिक्षु इनविजिलेटर के तौर पर तैनात किए जाएंगे, जिनकी संबंधित स्कूलों में ड्यूटियां लगा दी गई हैं। सीबीएसई के 1215 पर्यवेक्षक भी इसके लिए तैनात किए जा रहे हैं। इस तरह हर स्कूल में एक पर्यवेक्षक तैनात रहेगा। राजेश शर्मा ने बताया कि जिन 1215 स्कूलों में यह टेस्ट होगा, उनमें राज्य के 589 सरकारी स्कूल, 505 निजी स्कूल और 113 केंद्रीय विद्यालय शामिल हैं। सर्वे में तीसरी और 6वीं और 9वीं के कुल 27559 बच्चे शामिल होंगे।

#### शिक्षा मंत्री स्वयं तैयारियों की कर रहे मॉनिटरिंग

समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा ने कहा कि परख सर्वे में हिमाचल का प्रदर्शन बेहतर हो, इसको लेकर सरकार बेहद गंभीर है। शिक्षा मंत्री लगातार परख सर्वे की तैयारियों की मॉनिटरिंग स्वयं कर रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने इसकी तैयारियों को लेकर सरकारी स्कूलों के साथ साथ निजी स्कूलों के शिक्षकों के साथ भी विडियो कांफ्रेंसिंग की हैं।

#### शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने पर किया कार्य

**समग्र** शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का फोकस शिक्षा की गुणवत्ता पर है। बीते दो सालों से शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर बड़े स्तर पर कार्य हुआ है। दो साल से प्रयासों का असर इस बार के परख सर्वे में भी देखने को मिलेगा। इस बार हिमाचल परख सर्वे में बेहतर प्रदर्शन करेगा।

## जुन्गा स्कूल में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे : अनिरुद्ध

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**



ज्योति प्रज्वलित करते हुए अनिरूद्ध।

बच्चों की सुरक्षा को मध्यनजर रखते हुए राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुन्गा के परिसर में सीसीटीवी कैमरा स्थापित किए जाएंगे।

इस आश्य की घोषणा ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मत्री अनिरुद्ध सिंह ने पाठशाला के वार्षिक पारितोषिक समारोह के उपलक्ष्य पर बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए की।

उन्होंने कहा कि जुन्गा स्कूल में ओपन जिम, साइंस ब्लॉक की छत की मुरम्मत के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने के अतिरिक्त उन्होंने अपनी ऐच्छिक निधि ने पाठशाला में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 25 हजार तथा अन्य स्कूल में सयंत्र खरीदने के लिए 50 हजार देने की घोषणा की। उन्होने कहा कि जुन्गा स्कूल में स्पोर्ट्स होस्टल स्थापित करने के लिए मामला सीएम के साथ उठाया जाएगा।

पाठशाला के पुराने जर्जर तीन कमरों को गिराने तथा नए कमरों और शौचालय निर्मित करने के लिए लोक निर्माण विभाग को प्राक्कलन तैयार करने के आदेश दिए। मंत्री ने स्थानीय पंचायत के पुस्तकालय में फर्नीचर खरीदने लिए एक लाख तथा तीन कमरों की मुरम्मत के लिए तीन लाख की राशि मौके पर स्वीकृत की गई ।

## डीडब्ल्यूओ ने किया टूटीकंडी स्कूल का दौरा

**शिमला।** अपना विद्यालय दि हिमाचल स्कूल एडॉप्शन कार्यक्रम' के अन्तर्गत आज जिला कल्याण अधिकारी शिमला केवल राम चौहान ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, टूटीकंडी का दौरा किया गया। इस दौरान बच्चों व उनके अभिभावकों तथा एसएमसी के सदस्यों से विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।

जिला कल्याण अधिकारी ने कहा कि आज की सबसे बड़ी चुनौती नशा है। नशा नई पीढ़ी को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। बच्चों को बताया गया कि यदि वे नशे से दूर रहे तो उनके लिए जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल करना मुश्किल नहीं। उन्हें नशे से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए नशा मुक्त ऐप तथा हेल्पलाइन नंबर 1908 के बारे में बताया।

## कांग्रेस सरकार को भाजपा चारों तरफ से घेरेगी : बिहारी लाल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

कांग्रेस सरकार की भ्रष्ट सरकार, भ्रष्ट मुख्यमंत्री, भ्रष्ट मित्रों को भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश में चारों तरफ से घेरेगी। वर्तमान झूठी एवं भ्रष्टाचारी सरकार को भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता एवं दिग्गज नेता चौक चौराहे पर जाकर एक्पोज करेगा, यह बात भाजपा के प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने शिमला से जारी एक बयान में कहीं। उन्होंने बताया भाजपा प्रदेश भर में जिला स्तर पर विशाल प्रदर्शनों का आयोजन भी करेगी एवं महामहिम राज्यपाल महोदय को सरकार के खिलाफ एक ज्ञापन भी सौंप की, यह ज्ञापन 11 दिसंबर को सौंपा जाएगा।

7 दिसंबर को भाजपा हिमाचल प्रदेश जिला चंबा, कुल्लू ,उन्ना और सिरमौर में प्रदर्शनों का आयोजन करने जा रही है, जिसमें जिला चंबा में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज एवं राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार से कुल्लू में भाजपा नेता विपिन परमार, कंगना।

ऊना जिला में पूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर, महामंत्री प्रदेश सिकंदर कुमार और सिरमौर जिला में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल , संसद सुरेश कश्यप, इंदु गोस्वामी उपस्थित रहेंगे।

9 दिसंबर को जिला मंडी एवं सुंदरनगर, जिला हमीरपुर, सोलन एवं बिलासपुर में प्रदर्शनों का आयोजन होगा जिसमें मंडी में नेता प्रतिपक्ष जयराम एवं सांसद कंगना, हमीरपुर में पूर्व केंद्र मंत्री अनुराग ठाकुर एवं विक्रम ठाकुर, सोलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, सांसद सुरेश कश्यप और बिलासपुर में पूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर एवं पूरक प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सती उपस्थित रहेंगे। 10 दिसंबर को जिला शिमला एवं महासू का संयुक्त प्रदर्शन शिमला में होगा जिसमें प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बिंदल, अनुराग ठाकुर, सांसद सुरेश कश्यप आदि उपस्थित रहेंगे।

10 दिसंबर को जिला देहरा में प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर, जिला किन्नौर में विधायक त्रिलोक जमवाल एवं लाहौल स्पीति में पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर उपस्थित रहेंगे। बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि 18 को जिला कांगड़ा, पालमपुर, नूरपुर का प्रदर्शन धर्मशाला में होगा जिस कार्यक्रम के प्रभारी प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर रहेंगे और कार्यक्रम में प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर आदि मौजूद होंगे।

# 10 दिन से अस्पताल में एक्स-रे मशीन खराब

## मरीज परेशान, एमएस बोले- कंपनी को जल्द मशीन ठीक करने के दिए हैं निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में एक्स-रे मशीन खराब होने से परेशान बैठे लोग।

क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में 10 दिनों से एक्स-रे मशीन खराब पड़ी है। प्रतिदिन यहां आ रहे मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पहुंचे मरीजों को एक्स-रे करवाने के लिए निजी लैब में जाना पड़ रहा है। निजी लैब में जाकर मरीजों से 300 से 500 रुपए तक का शुल्क वसूला जा रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को एक्स-रे के लिए बोला जा रहा है, लेकिन बिलासपुर अस्पताल में एक्स-रे मशीन खराब होने की वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

जानकारी प्राप्त हुई है कि एक्स-रे मशीन के सॉफ्टवेयर में कुछ दिक्कत आ गई है। इसके कारण यहां पर एक्स-रे नहीं हो रहे है, वहीं इस समस्या को लेकर बिलासपुर अस्पताल प्रशासन ने क्रसना कंपनी को पत्र भी लिखा है और फोन के माध्यम से इस समस्या के बारे भी अवगत करवाया है, लेकिन अभी तक भी कंपनी की ओर से इस समस्या को दूर नहीं किया गया है।

जिला के झंडूता, नयना देवी के क्षेत्रों से पहुंचे संदीप, विकास, दुर्गी देवी, गौरी शर्मा, उज्वला, मंदीप व अन्य मरीजों ने बताया कि वह अपना इलाज करवाने के लिए जिला अस्पताल आए हुए थे। यहां पर एमडी विशेषज्ञ ने उन्हें एक्स-रे करवाने के लिए कहा, लेकिन यहां पर एक्स-रे न होने की वजह से वह निजी लैब से एक्स-रे करवाकर आए तो तब तक चिकित्सक के पास उनका नंबर काफी पीछे चला गया था। मरीजों का कहना है कि यहां पर वह सुबह से अस्पताल में आ जाते हैं। ऐसे में सबसे बड़ा चैलेंज उनके लिए पर्ची बनाना होता है, उसके बाद चिकित्सक तक पहुंचना ही बहुत बड़ी चुनौती होती है। क्योंकि मरीजों की संख्या अधिक होने के चलते यहां पर नंबर काफी देर बाद पड़ता है। ऐसे में अगर अस्पताल में ही सारी सुविधाएं न मिले तो फिर उनको चिकित्सक के पास जांच करवाने में काफी दिक्कतें होती है।

उधर, इस संदर्भ में जब चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर क्रसना कंपनी को पत्र लिखा गया है। फोन के माध्यम से भी उनको अवगत करवाया गया है। इस मशीन को जल्द से जल्द ठीक करने के आदेश जारी किए गए हैं। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए अस्पताल प्रशासन कार्यरत हैं।

## विवेक कुमार ने मरोतन स्कूल के मेधावी बच्चे किए सम्मानित




**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता उपमंडल के कोटधार में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मरोतन में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में झंडूता कांग्रेस नेता व पूर्व प्रदेश कांग्रेस महासचिव विवेक कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

विवेक कुमार ने स्कूल के मेधावी बच्चों को सम्मानित भी किया। वहीं, कार्यक्रम में स्कूल प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। बच्चों ने एक से बढक़र एक बेहतर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इससे पहले स्कूल पहुंचने पर मुख्य अतिथि विवेक कुमार का स्कूल स्टाफ सदस्यों की ओर से स्वागत किया गया। मुख्यातिथि विवेक कुमार ने कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की ओर से शिक्षा के ढांचे को सुदृढ़ करने को लेकर बेहतर कार्य किया जा रहा है। हर बच्चे को बेहतर शिक्षा मुहैया करवाने को लेकर सरकार बचनवद्ध है। विवेक कुमार ने कहा कि सरकार ने अन्य क्षेत्रों में भी बेहतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि बच्चों को वर्तमान में कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। बच्चे मेहनत कर आगे बढ़ें और अपने क्षेत्र, अपने अभिभावकों, स्कूल का नाम चमकाएं। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को भी अपने बच्चों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने की आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि बच्चे अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें। विवेक ने स्कूल की ओर से रखी गई सभी मांगों को भी जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार के समक्ष सभी मांगों को रखा जाएगा।

## जुखाला कॉलेज में विश्व एड्स दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय जुखाला में विश्व एड्स दिवस का आयोजन कार्यकारी प्राचार्य प्रो. राजेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस दिवस का आयोजन रेड रिबन क्लब व साइंस सोसायटी के संयुक्त तत्वाश्धान में किया गया। इस अवसर पर साइंस सोसायटी के प्रभारी डॉ. जसवंत सिंह सैनी व रेड रिबन क्लब के प्रभारी प्रो. डिंपल चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकारी प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एड्स एक भयंकर बीमारी है। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा विश्व एड्स दिवस अंतरराष्ट्रीय समुदायों को याद दिलाता है कि एचआईवी का अभी पूरी तरह से उन्मूलन किया जाना बाकी है। इस दिशा में अधिक से अधिक जागरूकता बढ़ाना, साथ ही लोगों को इस बारे में शिक्षित किया जाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को भी इस बात की जानकारी भी दी कि एक बार संक्रमण हो जाने के बाद आपका शरीर इससे छुटकारा नहीं पा सकता। जानकारी से ही इसका बचाव है।

## मांगें पूरी न होने से पेंशनर्स में भारी रोष

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश जिला कांगड़ा के सिटी यूनिट शाहपुर की बैठक सेठ राम प्रधान की अध्यक्षता में शाहपुर में हुई, जिसमें प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष और जिला कांगड़ा के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। बैठक का संचालन चंडी दत्त शर्मा महासचिव ने किया। इस दौरान उन्होंने संघ द्वारा की गई पिछली गतिविधियों बारे अवगत कराया। बैठक में पेंशनर्स की मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई और सर्वसम्मति से पारित किया गया कि अगर प्रदेश सरकार पेंशनर्स की मांगों को दो माह के अंदर नहीं मानती है तो सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा। पेंशनर्स में सरकार के प्रति भारी रोष है, क्योंकि पेंशनर्स को नए वेतनमान 2016 से वित्त लाभ देय नहीं किए जा रहे हैं। बैठक में डॉ. गौतम , रविंदर महाजन, सुभाष नाग, विनय कइस्था, जगदीश गुप्ता, रोहितदास जंवाल, आरपी शर्मा, देवी कुमारी, प्रकाश देवी, कमला कुमारी, सुतिक्षण नाग, चुहरू राम, राम लोक शर्मा, भीम सिंह, चुनी लाल, रघुनाथ, राम चंद शर्मा, ओंकार परमार, करतार नंबरदार, पुरषोत्तम आदि को सम्मानित किया।

**समारोह** वैद्य शमशेर सिंह चंदेल सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल गेहड़वीं में धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव

# विधायक कटवाल ने नवाजे एसवीएम के होनहार



**अनंत ज्ञान, झंडूता**

वैद्य शमसेर सिंह चंदेल सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय गेहड़वीं में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झंडूता हलके के विधायक जीतराम कटवाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने होनहार छात्र छात्राओं को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। स्कूल प्रबंधन समिति ने मुख्यातिथि को शॉल टोपी और स्मृति चिन्ह भेन्ट कर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक जेआर कटवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि उन्होंने शिक्षा के बिना मानव जीवन का कोई महत्व नहीं है शिक्षा से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की नसीहत दी। इसके बाद मुख्यातिथि ने पूरे वर्ष में स्कूल के मेधावी छात्रों द्वारा शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया व स्कूल प्रबंधन कमेटी को 10000 रुपए की राशि प्रदान की। उनके साथ जिला महिला मोर्चा अध्यक्षा शैलजा शर्मा और पंचायत समीति अध्यक्ष अभिषेक चंदेल आदि उपस्थित रहे।



## भांगड़े की शान ही निराली



ऊना के भांगड़े की शान ही निराली है, किसी भी कार्यक्रम में भांगड़ा न हो तो वह कार्यक्रम ही अधूरा माना जाता है। भांगड़े के लिए तैयार नौजवानों की टोली।




जिला सोलन की राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कंडाघाट के वार्षिक समारोह में गिद्दा नृत्य पेश करती छात्राएं।

## छात्राओं की नाटी





जिला मुख्यालय सोलन के राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गाईघाट में वार्षिक समारोह में छात्राओं की नाटी रही आकर्षण का केंद्र।

## श्रृंगा ऋषि



महायज्ञ में शामिल होने मंडी पहुंचे कुल्लू की बंजार घाटी के आराध्य देव श्रृंगा ऋषि का मनमोहक रथ। देवता के दर्शन करने दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं।

## वार्षिक उत्सव





डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर में वार्षिक उत्सव का धूमधाम से आयोजन किया गया। इस दौरान नन्हें-मुन्हें बच्चों ने अपने डांस से आए हुए लोगों का मन मोह लिया।

## राजमहल




कुल्लू के रघुनाथपुर (सुल्तानपुर) स्थित राजपरिवार का राजमहल। वर्तमान में भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार राजा महेश्वर सिंह अपने परिवार के साथ यहां रहते हैं। (फाइल फोटो)

## ओड़की माहूंनाग



जिला मंडी के सुंदरनगर स्थित माहूंनाग मंदिर में ओड़की माहूंनाग देव प्रतिमा का सुंदर व भव्य स्वरूप।

## देशी गोवंश



मंडी के पड्डल मैदान में देशी गोवंश के साथ एक दंपती। बता दें कि पहाड़ी देश गोवंश के संरक्षण के लिए मंडी में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। पड्डल में दस दिनों तक देशी गौवंश विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा।

## बिजली महादेव



कुल्लू की खराहल घाटी के अधिष्ठाता देवता भगवान बिजली महादेव जी की मक्खन से बनी पिंडी। यहां लोग दूर-दूर से माथा टेकने के लिए आते हैं।


## समाजसेवी संस्था



ऊना में एक समाजसेवी संस्था ऐसी भी है जो निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी करवाती है, ऐसी ही एक शादी में कन्या को आशीर्वाद देने पहुंचे डीसी जतिन लाल।

# न्यूज ब्रीफ

## भाटियां के वार्ड 3 में बने डंगे की हो जांच



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** विकास खंड फतेहपुर की पंचायत भाटियां के वार्ड नंबर 3 के निवासी माडू राम ने शनिवार को रेस्ट हाउस फतेहपुर में प्रेसवार्ता कर वार्ड 3 में 2 लाख रुपए की लागत से बने डंगे की जांच की मांग की है। उन्होंने कहा जिस जगह पर डंगा बनाया गया है वह सरकारी भूमि है, वहीं जिस व्यक्ति के नाम पर डंगा स्वीकृत हुआ है उसकी उस डंगे के पास थोड़ी सी भी भूमि नहीं है। उन्होंने बताया कि उनकी शिकायत पर पहले डंगे का काम रोक दिया गया था, लेकिन बाद में उसे बना दिया गया। उन्होंने इसकी शिकायत 22 अक्तूबर को बीडीओ फतेहपुर के कार्यालय में की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, इस बारे में जब बीडीओ फतेहपुर सुभाष चंद अत्री के साथ बात की तो उन्होंने कहा कि फिलहाल वह क्षेत्र से बाहर हैं फिर भी जहां तक उन्हें याद है उक्त शिकायत को संबंधित जेई को भेज दिया गया है। वहीं, जेई बलवान सिंह के साथ बात की तो उन्होंने कहा उन्होंने उक्त शिकायत को पंचायत को भेज कर जल्द जवाब मांगा है।

## स्कूली बच्चों ने दिया एड्स से बचाव का संदेश



**अनंत ज्ञान, जवाली।** विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा में एड्स दिवस बहुत ही सुंदर ढंग से विद्यालय प्रांगण में मनाया गया। एड्स दिवस पर विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ब समस्त स्टाफ सहित एड्स दिवस का बहुत सुंदर चिन्ह बना कर जागरूकता का संदेश दिया। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय के कक्षा छठी से बारहवीं तक बच्चों द्वारा रैली भी निकाली गई जिसमें बच्चों ने बहुत ही सुंदर और जागरूकता स्लोगन और चित्र बना कर लोगों को एड्स से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे बताया। बच्चों की यह रैली विद्यालय से चलवाड़ा बाजार से होते हुए कांगड़ा बैंक से होते हुए फारिया गांव से वापस विद्यालय पहुंची इस उपलक्ष्य पर विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने अपने संदेश में विश्व एड्स दिवस पर कहा कि हमें इस प्रकार की बीमारियों से बच कर रहना चाहिए और ऐसा कोई भी कार्य न करें जिससे आपको सेहत और स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव हो इस उपलक्ष्य सभी स्टाफ मौजूद रहा।

## केंद्रीय स्कूल धीरा की मुख्याध्यापिका सेवानिवृत्त



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय प्राथमिक केंद्रीय विद्यालय धीरा में केंद्र मुख्य अध्यापिका के पद पर तैनात सीमा महाजन शिक्षा विभाग में 37 वर्ष सेवाएं प्रदान करने के उपरांत शनिवार को सेवानिवृत्त हो गईं। इस अवसर पर प्राथमिक पाठशाला धीरा में उनके सम्मान में सेवानिवृत्ति समारोह रखा गया। यह कार्यक्रम प्रारंभिक खंड शिक्षा अधिकारी त्रिलोक शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस विदाई समारोह में स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## कर्तव्य समझकर करें यातायात नियमों का पालन

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा पुलिस चौकी प्रभारी रवि दत्त शर्मा ने कहा कि सुरक्षित यात्रा के लिए आवश्यक है कि हम यातायात नियमों का पालन करें। वाहन को निर्धारित गति सीमा के अंदर ही चलाना चाहिए। रवि दत्त शर्मा ने कहा कि यातायात के निर्देशों का पालन करने से खुद भी सुरक्षित रहेंगे और दूसरे भी। खुद व परिवार की सुरक्षा के साथ औरों की सुरक्षा का भी ख्याल रखना जरूरी है। जुर्माने के डर से नियमों का पालन करने की बजाए कर्तव्य समझकर पालन करने की आदत डालें। रवि दत्त शर्मा ने कहा कि न सिर्फ खुद यातायात नियमों का पालन करें बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। यातायात नियम हमारी सुरक्षा के लिए हैं और हमें इन्हें जिम्मेदारी से अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं मोबाइल पर बात न करें और गति सीमा का उल्लंघन न करें हेलमेट तथा सीट बेल्ट लगाएं शराब पीकर वाहन न चलाएं और नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दें और बाहन की इंश्योर्स भी होनी चाहिए नहीं तो चालान किए जाएंगे।

## आईटीआई प्रशिक्षुओं ने निकाली जागरूकता रैली



**अनंत ज्ञान, गगल।** धौलाधार आईटीआई इच्छी के प्रशिक्षुओं ने शनिवार को जमानाबाद रोड से लेकर गगल चौक तक एड्स पर रैली के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया। युवाओं को एड्स के विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करना होगा और लोगों को एड्स के प्रति जो भी भ्रांतियां हैं उनको मन से निकालना होगा। इस अवसर पर धौलाधार आईटीआई के प्रबंधक रजनीश मोगरा ने कहा वर्तमान में एचआईवी के लोगों के लिए कोई इलाज नहीं है, लेकिन बहुत प्रभावी दवा उपचार है जो वायरस से पीड़ित अधिकांश लोगों को लंबा व स्वस्थ जीवन जीने में सक्षम बताते हैं। प्रारंभिक निदान और प्रभावी उपचार के साथ एचआईवी से पीड़ित अधिकांश लोगों को एड्स से संबंधित कोई बीमारी नहीं होती।

## 51 ग्राम हेरोइन के साथ महिला गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर अशोक रत्न द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत शनिवार को पुलिस थाना डमटाल के अंतर्गत गांव भद्रोया में नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है। इसमें अलका पत्नी राजकुमार, निवासी भद्रोया, तहसील इंदौरा के रिहायशी मकान में नारकोटिक्स टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गई तो घर से 51 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। आरोपी अलका का पति राजकुमार, जो कि एक कुख्यात अपराधी है अभी न्यायिक हिरासत में बंद है। पहले भी पंजाब तथा हिमाचल में कई मामले एनडीपीएस के दर्ज हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया के नशे के खिलाफ सरकार द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## ढलियारा कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन



**अनंत ज्ञान, देहरा।** राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में रेड रिबन क्लब व एनएसएस इकाई द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विद्यार्थीयों द्वारा पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, मानव श्रृंखला व रैली आदि कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर लगभग 60 विद्यार्थीयों ने भाग लिया। इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर सुशील कुमार ने विद्यार्थियों एड्स तथा संचारित रोगों के प्रति जागरूक किया। रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी पीतांबर सिंह ने एड्स के बचाव, उपचार व इसके दुष्प्रभावों के बारे में बताया तथा हमें एड्स के रोगियों के प्रति सकारात्मक नजरिया अपना की सलाह दी।

## डॉ. उदय बने मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन के चुनाव अधोजित किए गए। चुनाव एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर सन्नी धीमान, सौरव शर्मा तथा विकास की अध्यक्षता में संपन्न कराए गए। चुनाव में एसोसिएशन की से नई जिला इकाई बनाई गई। इसमें सर्वसम्मति से जिला इकाई का डॉ. उदय को अध्यक्ष, डॉ. अंकुश बडियाला को महासचिव चुना गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में डा गौरव शर्मा, गोलमा आनीफ़ को चुना गया। इसके अलावा संयुक्त तथा महिला सचिव भी चुने गए। इस दौरान नगरोटा बगवां के विधायक तथा पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने सीएमओ तथा बीएमओ को मोमेंटो प्रदान किए।

# एक करोड़ खर्च, नहीं पड़ा कोई फर्क

### डल के जीर्णोद्धार को अब डीपीआर का इंतजार, पर्यटन विभाग को मंजूर 2 करोड़ रुपए हो चुके वापस

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

जीर्णोद्धार तथा सौंदर्यीकरण के लिए ऐतिहासिक डल झील पर लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद भी प्रशासन के हाथ खाली नजर आते हैं। कोई भी कदम दीर्घगामी साबित नहीं हो सका तथा रिसाव नहीं रुका। धर्मशाला समेत प्रदेश भर के लोगों की आस्था की प्रतीक तथा पर्यटन गंतव्य डल झील जल शक्ति विभाग की डीपीआर का इंतजार कर रही है। लेकमैन ऑफ इंडिया आनंद मल्लिगावाद ने निरीक्षण के दौरान डल लेक के पानी के रिसाव की समस्या गहनता से अध्ययन किया है तथा जिला प्रशासन, वन विभाग, जलशक्ति विभाग के अधिकारियों को सुझाव भी दिए हैं। कभी राजस्थान की काली मिट्टी तो कभी कंक्रीट के उपाय, करीब आधा दर्जन विभागों ने यहां एक दशक से जारी रिसाव की समस्या के हल के लिए प्रयास किए हैं। इस पर 90 लाख रुपए से एक करोड़ रुपए तक का खर्च हुआ है। वहीं सस्ती और उपयोगी बताई जा रही स्थानीय स्तर पर बनने वाली लेकमैन की कार्ययोजना, इसके मुकाबले किफायती तथा दीर्घकालीन रहने की उम्मीद है।

**लेकमैन के सुझावों पर योजना का खाका खींच रहा जलशक्ति विभाग**

बताते चलें कि उपमंडल धर्मशाला के प्रशासन प्रमुख ने इस झील को लेकर हुए उपायों तथा खर्च हुए बजट को लेकर संबंधित विभागों से रिपोर्ट तलब की थी। रिपोर्ट के अनुसार जिला परियोजना अधिकारी, उपमंडलाधिकारी, एसडीओ धर्मशाला, वन विभाग, जल शक्ति विभाग, नगर निगम तथा पर्यटन विभाग ने विभिन्न कार्ययोजनाओं की एवज में करीब 90 लाख से एक करोड़ रुपए का बजट इस झील के जीर्णोद्धार को खर्च किया। नगर निगम ने यहां 16 तो वहीं पर्यटन विभाग ने करीब 15 लाख रुपए खर्च किए हैं। वहीं, पर्यटन विभाग को आए 2.20 करोड़ रुपए के बजट में से 2 करोड़ रुपए वापस हो गए थे।

बताते चलें कि कभी साफ पानी से सरावोर रहने वाली इस झील का अस्तित्व सालों से खतरे में है। विभिन्न विभागों द्वारा करोड़ों रुपए का बजट खर्च करने के बावजूद भी न समस्या सुलझी और न स्वरूप बदला। डल झील में 2011 से लगातार हो रहे पानी के रिसाव से अब झील में पानी न के बराबर होने से गाद उभर आई है। झील से 2011 में पहली बार गाद निकाली गई थी।


डल झील

### डल के हल को खर्च एक करोड़ का ब्यौरा

- जिला परियोजना अधिकारी के तहत डल के पास कैंपिंग साइट की योजना पर 35 लाख खर्च।
- एसडीएम धर्मशाला के तहत झील की खुदाई आदि पर 2 लाख खर्च।
- एसडीओ धर्मशाला के तहत डेढ़ लाख व्यय।
- वन विभाग के तहत सोलिंग एंड पेचिंग के लिए साढ़े चार लाख व्यय।
- झील के सौंदर्यीकरण के लिए करीब 9 लाख रुपए खर्च।
- जलशक्ति विभाग के तहत करीब साढ़े 16 लाख रुपए खर्च।
- नगर निगम धर्मशाला के तहत करीब 4 लाख रुपए व्यय।
- पर्यटन विकास निगम के तहत करीब 15 लाख रुपए खर्च।

### उपायों की जानकारी के लिए मांगी रिपोर्ट

**एसडीएम** धर्मशाला संजीव कुमार भोट ने बताया कि पूर्व में किए गए उपायों के बारे में जानकारी लेकर उनका विश्लेषण करने के लिए विभागों से मांगी गई रिपोर्ट आ गई है। उन्होंने बताया कि आरंभिक जांच के अनुसार विभिन्न विभागों ने करीब एक करोड़ रुपए के बजट से रिसाव को रोकने तथा सौंदर्यीकरण आदि के विविध कार्य किए हैं। इन्होंने बताया कि डीपीआर तैयार होने के बाद लेकमैन की कार्यप्रणाली से काम होगा।

### क्या कहते हैं डिप्टी डायरेक्टर टूरिज्म

**पर्यटन** विभाग उपनिदेशक विनय धीमान ने बताया कि 2.20 करोड़ रुपए का बजट पर्यटन विभाग तथा एडीबी के तहत आया था। उन्होंने कहा कि किन्हीं कारणों से अनुमानित तौर पर 2 करोड़ रुपए का बजट वापस हो गया था।

इसके बाद 2013, 2017, 2019, 2020, 2021 और 2022 में भी झील में रिसाव हो चुका है। (अनंत ज्ञान)

## विद्युत उपभोक्ता 4 से पहले करवाएं केवाईसी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल थुरल के सहायक अभियंता इंजीनियर प्रवीण सिंह ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि विद्युत उपमंडल थुरल के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ता अपने विद्युत मीटर की केवाईसी 4 दिसंबर से पहले विद्युत कार्यालय थुरल में करवाएं। जिसके लिए अपना आधार कार्ड तथा बिजली का बिल लाना आवश्यक है। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## परख के तहत फतेहपुर के 5 स्कूल चयनित

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** परख योजना के तहत सर्वे किया जा रहा है। इसके लिए शिक्षा खंड फतेहपुर के पांच स्कूलों को चयनित किया गया है। खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी फतेहपुर बलवान सिंह ने बताया योजना के तहत फतेहपुर के एंजल कॉन्वेंट स्कूल की तीसरी कक्षा, आदर्श मॉडल हाई स्कूल चाटा की छठी कक्षा, राजकीय उच्च पाठशाला जखबड़ की छठी कक्षा, रावमापा कन्या रैहन की 9वीं कक्षा व रावमापा स्थाना की 9वीं कक्षा के बच्चों का 4 दिसंबर को लिखित टेस्ट के माध्यम से सर्वे होगा।

## नशा मुक्ति केंद्र नूरपुर में युवक की हत्या मामले में 3 दोषी करार

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

नशा मुक्ति केंद्र नूरपुर में युवक की हत्या के मामले में तीन आरोपियों को कोर्ट द्वारा दोषी करार दिया गया है। एसपी अशोक रत्न ने बताया के 2 मार्च, 2023 को बुआ दत्ता पुत्र संसार सिंह निवासी नूरपुर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था जिसमें शिकायतकर्ता ने अपने बेटे रशपाल को 2 मार्च, 2023 को नशा मुक्ति केंद्र नूरपुर में दाखिल करवाया था तथा मासिक फीस 5000 रुपए जमा भी करवाई थी अगले ही दिन 3 मार्च को उन्हें सूचना मिली कि उनके बेटे का दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई है। जब वह वहां पहुंचे तो बेटा वहां पर मृतक पाया गया। शिकायतकर्ता द्वारा आरोप लगाने पर नशा मुक्ति केंद्र के कर्मचारियों द्वारा इलाज के दौरान उसके बेटे के साथ मारपीट करने का करने के चलते उसकी मौत होने का कारण बताया गया था जिसके चलते पुलिस जिला नूरपुर ने मामले को शीघ्र पेशेवर ढंग से कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों प्रशांत गुलरिया, कुणाल तथा सुशांत को गिरफ्तार किया था। एसपी ने कहा कि जिला पुलिस ने गहन जांच तथा सभी तथ्यों को बारिकी से जांच करने के बाद 30 मई, 2023 को इस मामले का चालान कोर्ट में पेश कर दिया था। 26 नवंबर, 2014 को सुनवाई पूरी करते हुए तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए प्रशांत गुलरिया को धारा 304 के तहत 5 साल का कारावास तथा 10000 रुपए का जुर्माना सुनाया, वहीं कुणाल तथा सुशांत को धारा 323 तथा 34 आईपीसी तहत 1 साल का कारावास तथा एक हजार रुपए की सजा सुनाई गई।

## तीखे मोड़ पर पलटा सीमेंट से लदा ट्रक



**अनंत ज्ञान, गरली।** गरली के गांव नक्की खड्ड में एक तीखे मोड़ पर अचानक सीमेंट से लदा ट्रक सड़क किनारे पलट गया। हादसे मे ट्रक चालक गंभीर रूप से जख्मी बताया जा रहा है। ट्रक को भी भारी नुकसान पहुंचा है। गमनीत यह रही की उपरोक्त हादसे के दौरान ट्रक के आगे को गाड़ी या पैदल राहगीर चपेट में नहीं आया, अन्यथा यह हादसा बड़ा रूप ले सकता था। हादसा शनिवार सुबह तड़के का बताया जा रहा है। ट्रक कलोहा से परागपुर की ओर आ रहा था कि नक्की खड्ड के समीप पलट गया। ट्रक चालक ने बताया कि तीखे मोड़ पर अचानक ब्रेक न लगने के कारण यह हादसा पेश आया है।

## प्रतिभा खोज में रैत, रजोल, शाहपुर, चड़ी हारचकियां व सिहूवां के विद्यार्थी अव्वल

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**



शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी 20 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं के विद्यार्थियों की अलग-अलग संकाय की प्रतिभा खोज परीक्षा करवाई गई। इसमें अलग-अलग संकाय के कुल 116 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभा खोज परीक्षा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैत, रजोल, शाहपुर, चड़ी, हारचकियां और सिहूवां के विद्यार्थी अव्वल रहे।

जानकारी के अनुसार विज्ञान संकाय में रैत स्कूल की कनन प्रथम, चड़ी स्कूल की प्रियंका शर्मा दूसरे स्थान और चड़ी स्कूल की ही मोनिका तीसरे स्थान पर रही। वहीं मेडिकल संकाय में रात स्कूल की अंशिका पहले स्थान पर, शाहपुर स्कूल का छात्र आयुष दूसरे स्थान पर और शाहपुर स्कूल की ही छात्रा सुगंधी तीसरे स्थान पर रही। वहीं वाणिज्य संकाय में राजल स्कूल का छात्र तनिष्क पहले चड़ी स्कूल का छात्र गौरव दूसरे और चड़ी स्कूल की छात्रा प्रिया और लंज स्कूल की छात्रा सानिया तीसरे स्थान पर रही। इसी तरह कला संकाय में रैत स्कूल की अंकिता पहले स्थान पर, सिंहवा स्कूल का कार्तिक दूसरे और भटेछ स्कूल की छात्रा एलिजा तीसरे स्थान पर रही। परीक्षा समन्वयक एवं प्रधानाचार्य शाहपुर अनिल जरियाल ने बताया कि परीक्षा संचालन में प्रधानाचार्य शमशेर भारती, रैत विद्यालय से अन्य प्रवक्ता वीरेंद्र कुमार तथा विभिन्न विद्यालय से आए सभी प्रवक्ताओं का विशेष योगदान रहा। (अनंत ज्ञान)

## थुरल में रैली निकाल एड्स बारे जागरूक किए लोग




डरोह। महाराणा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब की ओर से एड्स जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत विद्यार्थियों की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। लोगों को रैली के माध्यम से एड्स के प्रति जानकारी दी गई। महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें निहा बीए की छात्रा ने प्रथम स्थान, एकता ने दूसरा और पायल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने एड्स के लक्षण, नियंत्रण और रोकथाम के बारे में विस्तारपूर्वक अपने विचार रखें। प्रोफेसर प्रेमलता रेड रिबन क्लब नोडल ऑफिसर ने भी बच्चों को एड्स के बारे जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य कमल कुमार, प्रो. रवि सिंह पल्सरा, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. विशाल वालिया, डॉ. अमित शर्मा, डॉ., लेखराज, प्रो. पवन राणा, डॉ. शिशु पॉल, प्रो. नविता, प्रो. प्रेम लता, प्रो. अमनजीत, प्रो. रितु व रेनू शर्मा भी उपस्थित रहे।

## शाहपुर में पशु गणना कार्य शुरू

**शाहपुर।** शाहपुर में 21वीं पशु गणना का कार्य पशु चिकित्सालय शाहपुर के कार्यकर्ताओं द्वारा शुरू कर दिया गया है। पशुपालन विभाग शाहपुर के फार्मासिस्ट रितेश महाजन और योगराज क्षेत्र में घर-घर जा कर पशु गणना का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि पशु गणना का कार्य करने में पशुपालन विभाग का सहयोग करें तथा पशुपालक अपने पशुओं की पूरी जानकारी दें कोई भी जानकारी नही छुपाएं। उन्होंने बताया कि पशुओं की नस्ल आधारित (अलग अलग नस्ल) गणना की जाएगी और बताया कि पूरे प्रदेश में यह कार्य युद्ध स्तर पर चला हुआ है।

### पठानिया ने नवाजे हार बोह स्कूल के मेधावी

## अब धन के अभाव में उच्च शिक्षा से वंचित नहीं रहेगी युवा पीढ़ी


हार बोह स्कूल के मेधावी बच्चों के साथ उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शाहपुर**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि बच्चे धन के अभाव में उच्च शिक्षा ग्रहण करने से वंचित न रहे, इसके लिए प्रदेश सरकार ने महत्वाकांक्षी डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना आरंभ की है। शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हार बोह के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्यातिथि उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि योजना के अंतर्गत 28 वर्ष से कम आयु के पात्र हिमाचली विद्यार्थियों को एक प्रतिशत ब्याज की दर से बैंकों से 20 लाख रुपए का शिक्षा ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। योजना के अंतर्गत पात्र हिमाचली विद्यार्थी मेडिकल, पैरा-मेडिकल, फॉर्मेसी, नर्सिंग, विधि, आईटीआई एवं पॉलीटेक्नीक के तकनीकी पाठ्यक्रम तथा विश्वविद्यालयों से पीएचडी करने के लिए शिक्षा ऋण के लिए आवेदन कर सकते हैं।

बच्चों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका है तथा शिक्षा क्षेत्र के सुधार में शिक्षकों की रचनात्मक सहभागिता जरूरी है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षकों को अपने विद्यालयों में ऐसा माहौल तैयार करना चाहिए, जिसमें विद्यार्थी राष्ट्रभक्ति, संस्कार और देश प्रेम की भावना के साथ आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा क्षेत्र के कायाकल्प के लिए अनेक नवाचार कदम उठाए हैं। ऐसी ही एक पहल है 'अपना विद्यालय: द हिमाचल स्कूल अडोप्शन प्रोग्राम' इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेशवासी राजकीय पाठशालाओं को गोद लेकर शिक्षा क्षेत्र के सुधार में अपनी सहभागिता को सुनिश्चित कर रहे हैं।

## पंचरुखी में राष्ट्रीय प्रतियोगिता होना गौरव की बात : गोमा

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**



21वीं आल इंडिया डॉ. वाईएस परमार वॉलीबाल टूर्नामेंट के दूसरे दिन खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर मैच देखे तथा खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने क्षेत्रवासियों को राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबाल प्रतियोगिता के आयोजन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि इसमें भारतीय वॉलीबाल टीम के साथ-साथ भारत के उत्कृष्ट खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा पंचरुखी में वॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित गौरव कर बात है। इससे लोगों के मनोरंजन के साथ यहां के खिलाड़ियों की प्रतिभा में भी निखार आएगा। इस अवसर पर पूर्व सीपीएस जगजीवन पॉल सहित शिवा शिवा एवं खेल विभाग के अधिकारी तथा भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। शनिवार को उत्तराखंड और राजस्थान, भारतीय नौसेना और हिमाचल प्रदेश, भारतीय सेना और उत्तर रेलवे, इनकम टैक्स गुजरात और हरियाणा, उत्तराखंड और भारतीय नौसेना, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश, भारतीय सेना और इनकम टैक्स गुजरात तथा हरियाणा और उत्तर रेलवे के मध्य मैच खेले गए। उत्तराखंड ने राजस्थान को 3-1, भारतीय नौसेना ने हिमाचल प्रदेश को 3 शून्य, भारतीय सेना ने उत्तर रेलवे को 3-1 इनकम टैक्स गुजरात ने हरियाणा को 3- शून्य, भारतीय नौसेना ने उत्तराखंड को 3 शून्य, राजस्थान ने हिमाचल को 3-1, उत्तर रेलवे ने हरियाणा को तीन एक और इनकम टैक्स गुजरात ने 3 -2 के मुकाबले विजय प्राप्त की।

## जागोरी संस्था के मनरेगा रोजगार मेले में 170 लोग बने सहभागी

**अनंत ज्ञान, गगल**



जागोरी संस्था द्वारा उमड़ते 100 करोड़ अभियान के तहत विकास खंड रैत की 10 पंचायतों में मनरेगा रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इसमें 170 लोगों की सहभागिता रही। खंड विकास अधिकारी अनिल ने सभी पंचायत के प्रधान, उप प्रधान, वार्ड पंच, बाल विकास विभाग, कृषि विभाग,उद्यान विभाग के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार ने मनरेगा रोजगार कानून से जुड़ी जानकारी लोगों के साथ सांझा की। साथ ही मनरेगा से जुड़ी समस्याओं पर लोगों के साथ बातचीत की जिसमें बहुत से लोगों ने मनरेगा से जुड़कर उन्हें क्या लाभ हुए हैं, इसके बारे में बताया और साथ में जो भी समस्याएं उन्हें मनरेगा के दौरान आ रही थी उसके बारे में चर्चा की। खंड विकास अधिकारी ने लोगों को मनरेगा के तहत 100 दिन पूरा करने के लिए प्रेरित किया और साथ ही लोगों को आगामी स्कीमों के बारे में बताया। कार्यक्रम में बहुत से लोगों ने जागोरी से जुड़कर उन्हें क्या क्या सीखने का मौका मिला।

**संस्कृति** | अरनी यूनिवर्सिटी काठगढ़ में हिमालयन सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य आगाज

## विलुप्त हो रही लोक संस्कृति का संरक्षण जरूरी : डॉ. विवेक

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**


हिमालयन कल्चरल फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में नाटी की प्रस्तुति देते युवा कलाकार।

भारतीय कला एवं संस्कृति के संबर्धन तथा विकास हेतु यूथ डेवलपमेंट सेंटर द्वारा भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग एवं हिमाचल प्रदेश भाषा, कला एवं संस्कृति अकादमी के निर्देशन में शुक्रवार को अरनी यूनिवर्सिटी काठगढ़ में हिमालयन सांस्कृतिक महोत्सव का भारतीय लोक नृत्यों की प्रस्तुतियों से भव्य आगाज हो गया।

अरनी यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. विवेक सिंह ने वाईडीसी निर्देशक कर्ण भूषण की उपस्थिति में पारंपरिक द्वीप प्रज्वलन कर इसका शुभारंभ करते हुए कहा कि हिमालयन कल्चरल फेस्टिवल जैसे आयोजनों से हमारी संस्कृति और परंपराएं मजबूत होती हैं। लोक कलाओं के संरक्षण का अर्थ देश की परंपरागत सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखना है। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने, बढ़ावा देने और लोकप्रिय बनाए रखने के लिए सांस्कृतिक मेलों व उत्सवों का आयोजन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारतीय समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर परंपराओं, रीति-रिवाजों और विश्वासों का एक व्यापक संगम है। परंपरागत लोक संस्कृति मानवीय भावों की हृदयस्पर्शी अभिव्यक्ति है। यह हमारी अमूल्य धरोहर है, जो हमें विरासत के रूप में अपने पूर्वजों से प्राप्त हुई है। भारत आदिकाल से ही अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता एवं परंपराओं के कारण विश्व पटल पर विशेष पहचान बनाए हुए है। अनेकता में एकता भारतीय संस्कृति की विशेषता है।

उत्सव की शुरुआत ईश्वर वंदना से की गई। युवा लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोक नृत्य नाटी ने कला एवं संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भारतीय लोक गीतों पर दर्शक नाचने पर मजबूर हो गए। हिमाचली लोक नृत्यों ने धूम मचा दी। बहुत सी पारंपरिक खूबसूरत धुनों से सजे इस उद्घाटन समारोह को दर्शक सदैव याद रखेंगे। (अनंत ज्ञान)

# ड्रोन तकनीक से 15 हजार युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर: आरएस बाली

## सोलर एनर्जी में तीन हजार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर होंगे सृजित

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**


नगरोटा बगवां में जनसमस्याएं सुनते पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली।

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि राज्य के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और लघु एवं सूक्ष्म उद्योग स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है ताकि युवा आत्मनिर्भर बनकर प्रदेश की आर्थिकी को सुदृढ़ करने में अपना योगदान दे सकें। शनिवार को नगरोटा बगवां के ओबीसी भवन में लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित किए जा रहे हैं। इसमें ड्रोन तकनीक आधारित सेवाएं महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। प्रदेश की भौगोलिक परिस्थिति को केंद्रित करते हुए निर्माण, कृषि, चिकित्सा, आपदा के दौरान खाद्य वस्तुओं का वितरण इत्यादि सेवाएं ड्रोन तकनीक के तहत महत्त्वपूर्ण साबित हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन तकनीक के माध्यम से प्रदेश में लगभग 15 हजार युवाओं को रोजगार के अवसर सृजित किए जा रहे हैं। युवाओं को ड्रोन तकनीक आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अत्याधुनिक पाठ्यक्रम आरंभ किए गए हैं जिनमें कृत्रिम मेधा जैसे विषय भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सोलर एनर्जी के माध्यम से भी प्रदेश में लगभग तीन हजार से अधिक युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित किए जा रहे हैं। प्रदेश में घरों की छतों पर लगभग 16 लाख सोलर रूफटॉप लगाए जाएंगे। सरकार के इस कदम से प्रदेश को हरित राज्य बनाने का सपना साकार करने में सहायता मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि नियमित तौर रोजगार मेलों का आयोजन प्रदेशभर में किया जा रहा है, ताकि युवाओं को घर द्वार पर ही रोजगार की सुविधाएं मिल सकें। आरएस बाली ने कहा कि लोगों की समस्याओं के त्वरित निदान के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं ताकि लोगों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं हो। इस अवसर पर पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने उपायुक्त हेमराज बैरवा के साथ भी नगरोटा बगवां के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की।

# टॉय ट्रेन से और बढ़ेगा सौरभ वन विहार का आकर्षण: शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि सौरभ वन विहार न केवल प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है, अपितु कारगिल युद्ध के प्रथम शहीद कैप्टन सौरभ कालिया को समर्पित यह स्मारक वीरता की गाथा से परिपूर्ण है। शांता ने यह बात आज सौरभ वन विहार में स्थापित की जा रही टॉय ट्रेन के निरीक्षण के पश्चात कही।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना के कार्यन्यन में राजनीतिक सदभावना के चलते कभी किसी प्रकार की कठिनाई नहीं आई। उन्होंने कहा कि सौरभ वन विहार में कृत्रिम झील तथा नौकायन सुविधा तथा कारगिल युद्ध के परिदृश्य को दर्शाता रॉक गार्डन पहले ही पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। अब इस वन विहार में टॉय ट्रेन को स्थापित किया जाना इसके आकर्षण को और बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि लगभग एक करोड़ की लागत से स्थापित की जा रही इस टॉय ट्रेन में सफर करते हुए पर्यटक एक ओर धौलाधार के सौंदर्य को निहार सकेंगे तो दूसरी ओर चीड़ तथा देवदार के पेड़ों के मध्य से गुजरती टॉय ट्रेन कृत्रिम झील के चारों ओर का परिदृश्य भी दर्शकों को दिखाएगी। इस मौके पर वन मंडल अधिकारी ने बताया कि यह ट्रेन बीओटी के आधार पर तैयार की जा रही है तथा मार्च 2025 तक यह ट्रेन ऑपरेशनल कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि तीन डिब्बों वाली इस ट्रेन में 36 यात्री एक साथ सफर कर सकेंगे तथा लगभग साढ़े आठ सौ मीटर का चक्कर ट्रेन लगाएगी। शांता कुमार ने सौरभ वन विहार में टॉय ट्रेन के निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों को लड्डू खिलाकर बधाई दी। वहीं, सौरभ वन विहार पहुंचे विभिन्न निजी स्कूलों के बच्चों को भी इस अवसर पर लड्डू बांटे गए।

# किसी राजनीतिक दल को नहीं कर्मचारियों की परवाह: प्रवीण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** न्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ राष्ट्रीय सयोंजक प्रवीण शर्मा ने देश की सभी सरकारों पर आरोप लगाते हुए कहा कि विभिन्न सरकारें अपने फायदे के लिए एक दूसरे पर आरोप लगाती हुई दिख रही हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों में किसी प्रकार का अनुशासन नहीं है। कोई भी चैनल खोल लो राजनीतिक दल एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप में संलिप्त हैं और पांच साल तक ऐश भरा जीवन व्यतीत कर खजानों को खत्म कर चले जाते हैं। परंतु जनता उनके शब्द बाणों से इतनी प्रभावित हुई होती है कि उन्हें भीख में मिली रोटी ही खाना पसंद हो गया है। राष्ट्रीय संयोजक प्रवीण शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कर्मचारियों के हकों को राजनीतिक दल निचोड़ रहे हैं। कानून की परवाह भी राजनीतिक दल नहीं करते सिर्फ अपने तक सीमित हैं। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट भी अब विभिन्न सरकारों के रवैये से तंग हो चुका है और हाई कोर्ट के महत्वपूर्ण कार्य पर कर्मचारियों के मुद्दों के कारण रुकावट आई हैं। कोर्ट फैसलों पर सरकार सक्रिय नहीं है। हाई कोर्ट की खंड पीठ में सत्येन वैद्य जज ने अब सरकार के नुमाइंदों पर जुर्माना लगाना शुरू कर दिया है। वरिष्ठता व सभी लाभों से अभी भी कर्मचारी वंचित हैं, जबकि सुप्रीम कोर्ट में सभी सरकारें हार चुकी हैं। शिमला हाई कोर्ट जज सत्येन वैद्य ने कह दिया है कि कर्मचारियों के इतने केस आते हैं कि अन्य महत्वपूर्ण केसों की सुनवाई करने का समय ही नहीं मिलता है।

**अनंत ज्ञान संडे स्पेशल**

# कुर्सी की जंग

# एक अनार सौ बीमार



## बिलासपुर में मनेगा सरकार के दो साल का जश्न, तैयारियां युद्ध स्तर पर

**हिमाचल सरकार 11 दिसंबर, 2024 को दो साल की हो जाएगी। जश्न बिलासपुर के कहलूर कांप्लेक्स लुहणू में मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं। सरकार इस दौरान अपने दो साल का 'रिपोर्ट कार्ड' जनता के सामने पेश करेगी, जिसमें उसकी नीतियों और कार्यक्रमों से आए सकारात्मक बदलावों पर प्रकाश डाला जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालने वाला एक वृत्तचित्र बनाने के निर्देश दिए हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के अलावा सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को भी आमंत्रित किया गया है। सीएम सुक्खू दावा कर रहे हैं कि कांग्रेस सरकार ने विभिन्न विभागों में सुधार किए हैं, जिससे सार्वजनिक सेवाओं में सुधार हुआ है, पारदर्शिता बढ़ी है और पूरे राज्य में डिजिटलीकरण को बढ़ावा मिला है।**

वहीं, सुक्खू सरकार में एक और मंत्री पद भी भरा जाना है, लेकिन कैबिनेट मंत्री की इकलौती खाली कुर्सी के लिए हालात एक अनार और सौ बीमार वाले हैं। सीएम दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, राजीव शुक्ला और केसी वेणुगोपाल जैसे बड़े नेताओं से मुलाकात कर मंत्रीपद के नाम पर मंथन कर चुके हैं। प्रदेश में छह सीपीएस की नियुक्ति रद्द होने के बाद तलबगारों की लिस्ट और लंबी हो गई है। ये सभी पूर्व सीपीएस सीएम सुक्खू के करीबी माने जाते हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री के सामने भी एक अनार सौ बीमार की चुनौती से पार पाना भी आसान नहीं होगा, लेकिन यह भी सही है कि सीएम सुक्खू की पसंद पर ही हाईकमान की मुहर लगेगी। यही कारण है कि मंत्री पद के चाहवान अपने आप को सीएम की गुड बुक में दिखाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

### सुक्खू मंत्रिमंडल में कितने मंत्री?

**हिमाचल** प्रदेश में मौजूदा समय में सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू और डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री समेत मंत्रिमंडल में कुल 11 सदस्य हैं। इनमें कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार, स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी व आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा शामिल हैं।



### प्रतिभा सिंह व विक्रमादित्य को कार्यक्रम की जानकारी नहीं

**हिमाचल** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने 11 दिसंबर को सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर बिलासपुर में करवाए जा रहे जश्न पर कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। हालांकि, वह कहती हैं कि सरकार ने दो वर्ष में आपदा के बावजूद अच्छा काम किया है। पांच गारंटियों को पूरा कर दिया गया है। महिलाओं को 1500 रुपए व पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया है। संगठन इसे जनता के बीच पहुंचाएगा। इससे पहले प्रतिभा सिंह के बेटे एवं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी कहा था कि उन्हें सरकार के दो वर्ष के जश्न कार्यक्रम की जानकारी नहीं है। उन्हें मीडिया से ही इसकी सूचना मिली है।



## न्यूज ब्रीफ

### विस सत्र: जोरावर से तपोवन तक चलेंगी बसें



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जोरावर स्टेडियम में वाहन को पार्क करने के बाद विधानसभा सत्र के दौरान तपोवन पहुंचना आम लोगों के लिए मुश्किल हो जाता है। ऐसे में अब परिवहन निगम लोगों की सुविधा से जोरावर स्टेडियम से तपोवन स्थित विधानसभा तक दो इलेक्ट्रिक बसें चलाएगा। बताते चलें कि ये बसें लोगों को सुविधा देने के उद्देश्य से दिन भर आवागमन करेंगी। इस बारे में जानकारी देते हुए एचआरटीसी मंडल धर्मशाला के मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा ने बताया कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान 18 से 21 दिसंबर तक दो इलेक्ट्रिक बसें जोरावर स्टेडियम से तपोवन तक आवागमन करेंगी ताकि लोगों को विधानसभा परिसर तक पहुंचने में समस्या न हो।

### नारा लेखन प्रतियोगिता में सलोचना अव्वल



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर के रेड रिब्बन क्लब, एनएसएस और रोवर रेंजर्स इकाई, सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा संयुक्त रूप से विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं और नुक्कड़ नाटक मानव श्रृंखला, रैली जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं करवाई गई, उसके बाद विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बना कर इस महामारी से निपटने में सहयोगात्मक रूप से काम करने और अलगाव की भावना को कम करने का संदेश दिया। तत्पश्चात महाविद्यालय प्रांगण से लेकर बगली गुरुद्वारा रोड तक एड्स जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर नारा लेखन में सलोचना ने पहला, आंचल चौधरी ने दूसरा,निकिता और शायनी ने तीसरा, पोस्टर मेकिंग में सलोचना पहले,पलक दूसरे, मुसकान तीसरे स्थान पर रही।

### डॉ. नंदलाल सिन्हा की 136वीं जयंती मनाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारत में इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के प्रचारक मसीह-उल-हिंद डॉ. नंदलाल सिन्हा का 136वीं जयंती बड़ी धूमधाम के साथ सर्वोदय भवन बगली धर्मशाला में मनाया गया। 30 नवंबर 1889 को जन्मे डॉ. सिन्हा ने चिकित्सा विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने के बाद जर्मनी के डॉ. एजेएल गिल्डन की पुस्तक स्टेपिंग स्टोन ऑफ इलेक्ट्रोहोम्योपैथी से प्रभावित होकर 1911 में लंदन स्कूल ऑफ साइंस से इलेक्ट्रोहोम्योपैथी में डिग्री हासिल की। डॉ.सिन्हा ने 1920 में नेशनल यूनीवर्सिटी ऑफ इलेक्ट्रोहोम्योपैथी कानपुर उत्तर प्रदेश में स्थापित करके पद्धति के विकास में योगदान दिया। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु ने पद्धति की गुणवत्ता को परखने के लिए कुष्ठ रोगियों पर काम करने की अनुमति प्रदान की। वर्ष 1960 में सरकार द्वारा मसीह-उल-हिंद के सम्मान से नवाजा गया। संस्थान के निदेशक डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि आज पूरे देश में डॉ सिन्हा की जयंती समारोह पर भव्य आयोजन किया जा रहा है और बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले चिकित्सकों को राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित भी किया जा रहा है।



### बाड़ी कंदरोढ़ी स्कूल में मनाया वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाड़ी कंदरोढ़ी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि स्थानीय विधायक मलेंद्र राजन ने शिरकत की। समारोह में स्कूल के बच्चों ने कई रंगा रंग प्रोग्राम पेश किए। विधायक ने कहा कि भारत विश्व में प्राचीन काल से ही अपने ज्ञान तथा मूल्य आधारित शिक्षा के लिए विख्यात रहा है।



# डीसी बोले, पारंपरिक पेयजल स्रोतों-कूहलों के संरक्षण के लिए कार्ययोजना करें तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**


नगरोटा बगवां में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त हेमराज बैरवा।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि पारंपरिक पेयजल स्त्रोतों तथा कूहलों के संरक्षण के लिए कार्य योजना तैयार किया जाए ताकि लोगों को पेयजल तथा सिंचाई की बेहतर सुविधा मिल सके। शनिवार को नगरोटा बगवां में उपमंडल पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि जलशक्ति, ग्रामीण विकास विभाग तथा वन विभाग के अधिकारियों को दिए गए हैं आपसी समन्वय के साथ पेयजल संरक्षण के लिए विभिन्न स्तरों पर आधारभूत संरचना विकसित के लिए कार्य योजना तैयार करें।

उन्होंने सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याण की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लोगों को लाभावित किया जा सके। अधिकारी नियमित तौर पर विकास कार्यों का निरीक्षण भी सुनिश्चित करें तथा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध पूरा करने के लिए तत्परता के साथ कार्य करें।

एसडीएम नगरोटा बगवां मुनीष शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए नगरोटा उपमंडल में राजस्व संबंधी मामलों की प्रगति की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार के निर्देशानुसार राजस्व संबंधी मामलों को निपटाने के लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है।

### उपायुक्त ने तपोवन में लिया प्रबंधों का जायजा

**धर्मशाला।** उपायुक्त तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रस्तावित शीतकालीन सत्र की तैयारियों को शनिवार को विधानसभा परिसर तपोवन में जायजा लिया। इस अवसर पर उपायुक्त हेमराज बैरवा ने जल शक्ति तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों को विधानसभा सत्र आरंभ होने से पहले बेहतर पेयजल सुविधा तथा विद्युत के रखरखाव के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी भी तरह की असुवधिा नहीं हो।

# रजियाना में जमीनी विवाद को लेकर भिड़े दो पक्ष, बुजुर्ग महिला घायल

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां के रजियाना में शनिवार रात जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए ,जिसमें एक 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला घायल हो गई। एसएचओ नगरोटा बगवां चमन लाल ने बताया कि रजियाना में जमीनी विवाद के चलते एक पक्ष इतना हावी हो गया कि सामने वाले पक्ष के घर में घुसकर तेजधार हथियार से बुजुर्ग महिला अजोध्या देवी पर हमला कर दिया जिसमें अजोध्या देवी तो घायल हुई ही ,परंतु हमलावर खुद भी घायल हो गया। इस हमले में बुजुर्ग महिला बेहोश हो गई, जिन्हें बेहोशी की हालत में टांडा मेडिकल कॉलेज उपचार के लिए ले जाया गया। बाद में आरोपी के परिवार वाले आरोपी कवि राज को भी घायलावस्था में टांडा उपचार के लिए ले गए। पुलिस की जानकारी मुताबिक बता दें कविराज टांडा में उपचाराधीन हैं और पुलिस की निगरानी में हैं। अन्य दूसरे अरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109 और धारा 115(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### चढ़ियार अस्पताल में सीबीनाट मशीन का शुभारंभ

**बैजनाथ।** विधायक किशोरी लाल ने शनिवार को धार चढ़ियार के सिविल अस्पताल में सीबीनाट मशीन का शुभारंभ किया। किशोरी लाल ने कहा कि बैजनाथ हलके में भी स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टीबी बीमारी की जांच की यह एक सर्वोत्तम मशीन है।

# बिजली की चोरी करते पकड़े तो कटेगा कनेक्शन

**पंचरुखी।** विद्युत उपमंडल चढ़ियार के अंतर्गत आते सभी उपभोक्ताओं के मीटर व लोड को चेक किया जा रहा है। सहायक अभियंता उपमंडल चढ़ियार ओम प्रकाश राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी हाल ही मे बिजली के मीटरों के औपचारिक नरिक्षण के दौरान दो उपभोक्ताओं को बिजली की चौरी करते हुए पकड़ा है जिनसे 30707 रुपए जुर्माना वसूल किया है। उन्होंने कहा कि नरिक्षण के दौरान कोई भी उपभोक्ता बिजली की चौरी करता हुआ पकड़ा गया तो तुरंत उसका कनेक्शन काट दिया जायेगा और तब तक नहीं जोड़ा जायेगा जब तक वो जुर्माना नही भर देता। सहायक अभियंता ने सभी उपभोक्ताओं से कहा है कि जिन के बिजली के मीटरों का लोड कम है वो शीघ्र ही लोड को बढ़ा लें।

# बाइक और बस की टक्कर में 2 घायल

**पालमपुर।** पुलिस थाना पालमपुर के तहत कालू दी हट्टी में एक बाइक चालक ने हरियाणा रोडवेज की बस को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक चालक इशान व उसके साथ बैठा पंकज कुमार दोनों घायल हो गए। दोनों युवक उपचार के लिए पालमपुर अस्पताल में उपचाराधीन हैं। इस संदर्भ मे पुलिस थाना पालमपुर में अधिनियम में पंजीकृत किया गया है।

# शरारती तत्वों ने तोड़े दो गाड़ियों के शीशे

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

बैजनाथ के पंडोल रोड स्थित द्वारका सूद के घर में पार्क की दो गाड़ियों के शीशे बीती रात शरारती तत्वों ने तोड़ डाले। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन की तरह अपने घर में बने गए गैराज में उनकी दो कारें खड़ी कर रखी थी साथ में एक पुरानी मारुति कार भी खड़ी कर रखी थी। बीती रात शरारती तत्वों ने दोनों नई गाड़ियों के शीशे तोड़ डाले साथ में मारुति कार के दरवाजे भी खोल कर अंदर सब कुछ बिखेर दिया था। इस बारे उन्होंने थाना बैजनाथ में शिकायत दर्ज करवाई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस द्वारा मौके पर जा कर छानबीन की है। पुलिस छानबीन कर रही है।

### 8.82 ग्राम अफीम सहित युवक काबू

**बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ के तहत आर्युवेदिक अस्पताल पपरोला में स्कूटी एचपी 53ए-2461 से 8.82 ग्राम अफीम बरामद की है। इस संदर्भ में स्कूटी चालक दर्शित निवासी बुरली कोठी डाकघर पपरोला तहसील बैजनाथ के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# अवस्थी कॉलेज धर्मशाला में मनाया विश्व एड्स दिवस

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

हर साल की तरह इस साल भी अवस्थी कॉलेज धर्मशाला में विश्व एड्स दिवस मनाया गया, जिसका उद्देश्य (एचआईवी)एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना और इस महामारी के खिलाफ वैश्विक प्रयासों को प्रोत्साहन देना है। छात्रों ने पोस्टर मेकिंग,मानव श्रृंखला और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। उन्होंने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया कि यह मुख्य रूप से असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई या रक्त के उपयोग, और मां से बच्चे को जन्म के दौरान फैलता है।

अंत में कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुमित चौहान ने कहा कि एड्स दिवस मनाने का अवस्थी कॉलेज का मुख्य उद्देश्य लोगों को इस बीमारी के प्रति शिक्षित करना और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना है।

**नशा** | **रोगों को न्योता दे रहा इंजेक्शन से नशा, 90 प्रतिशत लोगों में गंभीर बीमारियां**

# सुई से नशा करने वाले 25 फीसदी युवाओं को एड्स

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

सुई से नशा करने वाले 90 फीसदी युवा गंभीर बीमारियों से पीड़ित पाए गए हैं। वहीं, 25 फीसदी युवाओं में एड्स जैसी जानलेवा बीमारी पाई गई है। प्रदेश पुलिस के इतिहास में ऐसी पहल करने वाले पुलिस जिला नूरपुर में हुई पायलट स्टडी में ये बात सामने आई है। पुलिस, प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय में इस पायलट प्रोजक्ट की सनो बॉल सैंपलिंग में करीब 150 से ऊपर युवाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। इसमें सुई से नशा करने वाले करीब 85 फीसदी युवाओं जाने-अनजाने गंभीर बीमारियों की चपेट में आए मिले हैं। नूरपुर से शुरू हुई इस पायलट स्टडी में पुलिस जिला बनने के बाद नूरपुर के पहले एसपी अशोक रत्तन का अहम योगदान रहा। प्रदेश में पहली बार नूरपुर के पुलिस जिला के बनने के बाद करवाई गई पायलट स्टडी में इंजेक्शन से मेडिकल नशा लेने वाले 80 से 89 प्रतिशत युवा हैपेटाइटस सी तथा एचआईवी पॉजिटिव पाए गए। पुलिस जिला बनने के बाद पुलिस ने नूरपुर क्षेत्र में नशा माफिया पर नकेल कसी है। वहीं, एक पहल के तहत एसपी नूरपुर ने इंजेक्शन के जरिए किए जाने वाले मेडिकल नशे से बीमारियों से संक्रमित होने के खतरे को देखते हुए नूरपुर प्रशासन के साथ मिलकर स्वास्थ्य विभाग को मदद से इसकी स्टडी करवाई। इस जांच मेंकुल 119 सैंपलों में से 82 में हैपेटाइटस सी यान काला पीलिया तथा 32 एचआईवी संक्रमित पाए गए। वहीं, हैपेटाइटस बी के करीब 3 मामले भी इस जांच के बाद सामने आए हैं। अब सैंपलों की जांच 130 पहुंचने के बाद एचआईवी संक्रमित भी 34 हो गए हैं।



**नूरपुर पुलिस की पहल की प्रदेश स्तर पर जरूरत**

सुई से नशा करने वाले जसूर क्षेत्र के विजय, काला पीलिया जैसी बीमारी के शिकार हो गए हैं। पुलिस के मार्गदर्शन के साथ पुलिस, प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग की मदद से ठीक होकर अब वो नॉर्मल जिंदगी गुजार रहे हैं। ऐसे ही नूरपुर के संजीव एचआईवी संक्रमित थे। उनका भी उपचार जारी है तथा अब वह परिवार के साथ नशा छोड़ खुशहाल जिंदगी बसर कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

**OFFICE OF THE MEDICAL OFFICER, JAISINGHPUR DISTRICT KANGRA HP**
No. MO/JSP/Quotation/2024/-306-307 Dated:-30/11/2024

**QUOTATION/TENDER**

The sealed quotation / limited tender are hereby invited by Medical Officer Jaisinghpur for the Medical Shop in hospital complex at CH Jaisinghpur auction for next three years, base rent is Rs 8000/- per month. The interested parties are hereby requested to submit their quotation/tender on or before 20/12/2024 and will be opened on the same day at 2:00PM sharp in the presence of tenderer or their authorized representative if any.

The quotation must be accompanied by EMD for an amount Rs. 50000/- in the name of undersigned. The undersigned reserve the right to reject any or all the offers without assigning any reason.

**Terms and conditions:-** * Shop should be operated 24*7 pan year. * The rent will increase by 10% per year. * Discount: Upto 25% on medicines and upto 40% on surgical items / consumables. * Owner should have valid diploma/degree along with registration (paramedical council) * Minor repairs and electricity charges/ connections will be borne by second party. * Rent should be paid monthly on or before 10th of every month. * Segregation and disposal of biomedical waste generated should be carried out as per BMW guidelines 2016. * Terms and conditions will be reviewed in every governing body meeting of RKS.

**Medical Officer I/C**
**CH Jaisinghpur, District Kangra (HP)-176095**

## न्यूज ब्रीफ

### बस स्टैंड के निजी लॉज में मिला शव

**अनंत ज्ञान हमीरपुर।** हमीरपुर बस स्टैंड के पास एक निजी लॉज में एक 50 वर्षीय व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ है, जैसे ही पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस ने दोपहर करीब 2 बजे लॉज में जाकर जांच पड़ताल की है और शव को कब्जे में दिया है। एएसपी राजेश ने बताया कि यह शव सुरेश कुमार गांव भोटी का है और अभी तक की उम्र 50 वर्ष बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सब का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है और पुलिस थाना में मामला भी दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नए आपराधिक कानून का प्रशिक्षण संपन्न



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस लाइन हमीरपुर जिला हमीरपुर में जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा नए आपराधिक कानून का प्रशिक्षण देने हेतु पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 26 से 30 नवंबर तक किया गया। इसमें मध्य खंड के अंतर्गत आने वाले जिलों व आरक्षित वाहिनियों तथा जिला हमीरपुर के ग्रेड-वन व ग्रेड-टू पद के पुलिस कर्मचारियों को नए आपराधिक कानून का प्रशिक्षण दिया गया। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में कुल 35 पुलिस कर्मचारियों ने भाग लिया। जिन्हे लॉ ऑफिसर पंकज दीवान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हमीरपुर राजेश कुमार, उपपुलिस अधीक्षक हमीरपुर सुनील दत्त व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसवी एंड एवीबी हमीरपुर रेनू शर्मा द्वारा नए आपराधिक कानून की जानकारी दी गई। कार्यशाला का समापन राजेश कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हमीरपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

### ट्रक में फंसी तारें; चार पोल टूटे, यातायात बाधित



**नादौन।** नादौन-ज्वालामुखी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थानीय उपडाकघर के निकट शनिवार शाम उस समय बहुत बड़ा हादसा होने से टल गया, जब बड़ा मिक्सर वाहन लादकर ले जा रहा एक ट्रक बिजली लाइनों की चपेट में आकर जब आगे बढ़ा तो उप डाकघर से लेकर लेबर चैक तक चार विद्युत पोल टूट गए। इस कारण हाईपावर बिजली की लाइनें टूटकर सड़क पर बिछ गईं। इस हादसे में एक अन्य ट्रक तथा स्कूटी चालक भी आ गए परंतु उनकी जान बाल-बाल बच गई। इस दुर्घटना के चलते नेशनल हाईवे पर यातायात काफी समय तक बाधित रहा। ट्रक नंबर एचपी 64 ए 92 56 के चालक जगतार सिंह ने बताया कि वह ऊना से नादौन के लिए सामान लेकर आ रहा था कि लेबर चौक के पास अपने गंतव्य स्थल पर पहुंचते ही जैसे उसने ब्रेक लगाई तो एक ट्रक पीछे से आ रहा था इस ट्रक पर बड़ी मिक्सर मशीन लादी गई गई थी। अधिक ऊंचाई होने के कारण उस मशीन में विद्युत लाइन उलझ गई जिसका ट्रक चालक को पता नहीं चला और हादसा घट गया। यातायात प्रभारी एसआई नरेश कुमार तथा उनकी टीम ने तुरंत मौका पर पहुंच कर जाम को खुलवाया। इस संबंध में विभाग के एसडीओ अक्षय कुमार ने बताया कि लापरवाही से ट्रक चलाने के आरोप में ट्रक चालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### करियर प्वाइंट विवि में एक्सपर्ट लेक्चर आयोजित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के आईआईसी सैल ने आईपीआर सेल के माध्यम से एकदिवसीय एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन करवाया। यह एक्सपर्ट लैक्चर कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, भौगोलिक संकेत, औद्योगिक डिजाइन, पेटेंट, आईपीआर मुद्दे से संबंधित विषय पर था। एसोसिएट प्रो. अंजना देवी ने बताया कि इस एक्सपर्ट टॉक में मुख्य वक्ता के तौर पर असिस्टेंट प्रो. दीक्षा लॉ विभाग से उपस्थित हुई। उन्होंने प्रतिभागियों को पेटेंट से संबंधित कानूनी अधिकार, वैज्ञानिक और तकनीकी साहित्य, पेटेंट करवाने की प्रक्रिया आदि के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम की को-समन्वयक डॉ. रोलिका गुप्ता ने नवीनता, औद्योगिक अनुप्रयोग और पेटेंट विषय के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी।

### भगवती स्कूल में अध्यापक-अभिभावक सभा आयोजित



**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में अध्यापक-अभिभावक सभा करवाई गई । इसमें कक्षा नर्सरी, बाल वाटिका-1 और बाल वाटिका-2 कक्षा के बच्चों की अध्यापक अभिभावक मंत्रणा हुई जिसमें बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। अध्यापकों ने कुछ बच्चों की कमियों के बारे में अभिभावकों को अवगत कराया तथा बच्चों को भविष्य में बेहतर परिणाम के लिए प्रेरित किया। प्रिंसिपल आरती कटोच ने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों की ओर अधिक से अधिक ध्यान दें और बच्चों को मोबाइल फोन न देने की अपील की और इसके दुष्परिणामों के बारे में अवगत करवाया।

### कैंसर पीड़ित इशिता की मदद के लिए बढ़ाए हाथ



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सेरा में 10 कक्षा की छात्रा ब्लड कैंसर की बीमारी से जूझ रही है। पीजीआई में डॉक्टरों ने इशिता के इलाज के लिए लगभग 25 से 30 लाख रुपए का खर्च बताया है। इशिता के पिता आर्थिक रूप से इतने सक्षम नहीं हैं कि वे बेटी के इलाज के लिए इतने रुपए खर्च कर सकें। इसलिए कैंसर से जूझ रही इशिता के इलाज के लिए लोगों के सहयोग की आवश्यकता है। इशिता पुत्री श्रवण कुमार गांव मखोन डाकखाना सेरा तहसील नादौन जिला हमीरपुर की निवासी है। सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर ने इशिता की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। शनिवार को सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर के पदाधिकारियों ने इशिता के पिता श्रवण कुमार को एक लाख रुपए का चेक सौंपा। इस अवसर पर सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर के अध्यक्ष विजय कुमार पुरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओपी शर्मा, काउंसिल के सलाहकार भगवान दास शास्त्री, दीप चंद शर्मा, इंद्र कुमार गुलजार उपस्थित रहे।

### आयुर्वेद चिकित्सकों को दिया पंचकर्म का प्रशिक्षण




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** निदेशक आयुष डॉ. निपुण जिंदल के दिशा-निर्देश पर शनिवार को जिला हमीरपुर में आयुष विभाग के 20 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों को पंचकर्म चिकित्सा में पारंगत करने हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर जिला आयुर्वेद चिकित्सालय हमीरपुर में आयोजित किया गया। इसमें जिला के विभिन्न भागों से आए चिकित्सकों ने भाग लिया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. बृज नंदन शर्मा ने बताया कि इस से आयुर्वेद स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर प्रकार से रोगियों को सेवा प्रदान की जाएगी।

### सीएम शिक्षा-स्वास्थ्य को दे रहे प्राथमिकता : डॉ. वर्मा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ताल का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सबसे पहले डॉ. वर्मा ने स्कूल में नवनिर्मित स्मार्ट क्लासरूम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। इस अवसर पर डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू भी हर सरकारी संस्थान में विश्व स्तरीय सुविधा देना चाहते हैं और इसी कड़ी में वह शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार प्रयासरत हैं और उनके इस प्रयास में हम सबको भी मिलकर भागीदारी निभानी है।

# विधायक सुरेश कुमार ने अधिकारियों के साथ किया विकास कार्यों का निरीक्षण

## बोले- कुनाह खड्ड का हो रहा तटीकरण, कंज्याण हेलिपैड के विस्तारीकरण पर खर्च होंगे 45 लाख

**एसके शर्मा, जाहू**

भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने अधिकारियों के साथ कंज्याण हेलिपैड के विस्तारीकरण, कुनाह खड्ड के तटीयकरण और लगने वाले नए मिल्क चिलिंग प्लांट की भूमि का निरीक्षण करके अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान भोरंज मंडल के लोक निर्माण विभाग व जल शक्ति विभाग के उच्च अधिकारी व स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस दौरान विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास 35 सालों के बाद शुरू हुआ है तथा विधानसभा क्षेत्र को आदर्श



भोरंज के विधायक सुरेश कंज्याण हेलिपैड के विस्तारीकरण के कार्य का निरीक्षण करते हुए।

विधानसभा क्षेत्र बनाने के लिए प्राथमिकता दी जा रही है, इसलिए भोरंज विस के कंज्याण में बने हेलिपैड का विस्तार करना समय की मांग है। इससे सुरक्षित करने तथा विस्तार के लिए 45 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हेलिपैड के विस्तारीकरण के हेलीकॉप्टर को उतारने में आसानी होगी। उन्होंने विस्तारीकरण के कार्य का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को गुणवत्ता से कार्य करने के आदेश दिए।

इसके अलावा 2 करोड़ रुपए की लागत से हो रहे कुनाह खड्डु के तटीयकारण के कार्य का भी निरीक्षण किया तथा विभागीय अधिकारियों को समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुनाह खड्डु के तटीकरण के कार्य के पूर्ण होने से बरसात के मौसम में होने वाले भूमि कटाव से लोगों को राहत मिलेगी। इसी तरह 40 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले मिल्क चिलिंग प्लांट की भूमि का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान भोरंज ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष विजय बन्याल, डॉ. रमेश डोगरा, विजय डोगरा, सुभाष जैलदार, चंदन ठाकुर, प्रधान संदीप चौहान, लोनिवि मंडल भोरंज अधिशाषी अभियंता केके. भारद्वाज, जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता प्रदीप चड्डा व अन्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### भोरंज थाना के कोहटा गांव में रसोई घर में हुई चोरी

**जाहू।** भोरंज थाना के तहत धमरोल पंचायत के वार्ड नंबर 8 कोहटा गांव में चोरों ने रात को सेंध लगाकर एक घर की रसोईघर से सारा सामान चुरा लिया है। घर के मालिक चमन लाल ने बताया कि वह 28 नवंबर शुक्रवार को अपनी बहन के घर हमीरपुर गया था। जब वह घर वापस आया तो घर के रसोईघर के ताले टूटे हुए थे और सारा सामान गायब था। उन्होंने बताया कि चोर रसोईघर के अंदर से गैस सिलेंडर, इंडक्शन चूल्हा, कांसे की तीन थालियां, पीतल की परात, पानी गर्म करने के लिए तांबे का बड़ा बर्तन व अन्य सामान चुरा कर ले गए है। पुलिस ने सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच कर चोरी की घटना का जायजा लिया और जांच की तथा साथ लगते घरों के लोगों से पूछताछ की है। धमरोल पंचायत के उपप्रधान विजय कुमार ने पुलिस से चोरों को पकड़ने की मांग की है। उधर चोरी की घटना की जांच कर रहे जाहू पुलिस चैकी मुख्य आरक्षी सुरजीत कुमार का कहना है कि पूलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

# नाटी, गिद्दा व पंजाबी भांगड़े पर छात्रों ने मचाया खूब धमाल



डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर में धूमधाम से आयोजित किया गया वार्षिक उत्सव।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

डीएवी हमीरपुर में 2024-25 का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। नर्सरी से पांचवीं तक के दो दिवसीय इस आयोजन के पहले दिन नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर हमीरपुर की एसी टू डीसी अपराजिता चौहान बतौर मुख्य अतिथि उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम में आए उपस्थित सभी अभिभावकों का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज बच्चों का बचपन छीना जा रहा है जिसका कुछ कारण पढ़ाई तथा कुछ कारण मोबाइल है। प्रधानाचार्य ने कहा कि अभिभावक अपने जो सपने पूरे नहीं कर पाए, उनका बोझ अपने बच्चों पर न डालें बल्कि उन्हें समझें तथा उन्हें आगे बढ़ने का मौका दें।

उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वह बच्चों को अधिक से अधिक खेलों तथा अन्य गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर नर्सरी के नन्हे मुन्ने बच्चों ने जहां भारत के विभिन्न राज्यों की फैंसी ड्रैस के माध्यम से झलकियां दिखाई वहीं एलकेजी के छात्र अंग्रेजी धुन पर थिरके। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि डीएवी स्वामी दयानंद के पदचिन्हों पर चलने की प्रेरणा देता है और निरंतर मेहनत से आप अपने लक्ष्य को अवश्य हासिल कर लेते हैं। इस अवसर पर छात्रों को पिछले सत्र की शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए पुरस्कार भी दिए गए।

### केवाईसी जल्द करवाएं लंबलू टौणी देवी, बड़सर के उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान टीम।** विद्युत उपमंडल लंबलू के सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने बताया कि जो उपभोक्ता किसी कारणवश अभी तक ई-केवाईसी नहीं करवा सके हैं वह 7 दिसंबर से पहले विद्युत उपमंडल कार्यालय में अपनी ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें।

वहीं, विद्युत उपमंडल टौणी देवी के सहायक अभियंता दीपक चौहान ने बताया कि सभी बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि ई-केवाईसी के कार्य में बिजली कर्मचारियों का सहयोग करें ताकि इस कार्य को 15 दिसंबर तक पूर्ण किया सके।

वहीं, विद्युत उपमंडल बड़सर के सहायक अभियंता विजय सिंह पटियाल ने विद्युत उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे बिजली मीटर की ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से करवाएं अन्यथा सुविधाओं से वंचित रह जाएंगे।

# सुजानपुर में एचआरटीसी बस की ब्रेक फेल, नहीं आई किसी को भी चोट

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर में उसे समय बड़ा हादसा टल गया, जब परिवहन निगम की एक बस धैल से सुजानपुर आ रही थी। अचानक रास्ते में ब्रेक फेल हो गई, जिससे बस एक मकान में से टकरा गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

बस चालक ने बताया कि यह बस धैल से सुजानपुर आ रही थी। ढांगू रोड पर तीखी उतराई पर सुजानपुर बस स्टैंड से लगभग 200 मीटर की दूरी पर बस की अचानक ब्रेक फेल हो गई। ब्रेक फेल होने से बस में बैठे यात्री



ब्रेक फेल होने से मकान से टकराई बस।

घबरा गए। यह बस यात्रियों से खचाखच भरी थी। प्रत्यक्ष व्यक्तियों के अनुसार जब बस नीचे की ओर आ रही थी तथा इस समय एक ट्रक भी ऊपर की तरफ जा रहा था। गनीमत यह रही कि यह बस ट्रक से नहीं टकराई, नहीं तो और भी बड़ा हादसा हो सकता था।

इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच शुरू की। बस के मकान से टकरा जाने से मकान को भी नुकसान पहुंचा है। यह दुर्घटना सुबह के वक्त हुई। यह बस यात्रियों से हर रोज यात्रियों से भरी होकर आती है, लेकिन किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं पहुंची। पुलिस ने बताया कि मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है।

### राज्य चयन आयोग ने 4 पोस्ट कोडों का फाइनल परिणाम किया घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग हमीरपुर द्वारा 4 पोस्ट कोडों के तहत भरने जाने वाले पदों का फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया है। राज्य चयन आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि शनिवार को वर्कशॉप इंस्ट्रक्टर मशीनिस्ट पोस्ट कोड 993 के 4 पदों का फाइनल परिणाम घोषित किया गया, जिसमें रोल नंबर 993000009, 993000146, 993000206, 993000528 के उम्मीदवार को सफल घोषित किया गया है। इसके अलावा पोस्ट कोड 986 सेनेटरी सुपरवाइजर के 3 पदों का भी परिणाम घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि इन पदों पर रोल नंबर 986000037, 986000045, 986000078 के उम्मीदवारों का सफल घोषित किया गया है। इसके अलावा पोस्ट कोड 978 फिशिरी ऑफिसर के दो पदों पर भी उम्मीदवारों का चयन कर लिया गया है। जिनके रोल नंबर 978000447, 978001431 इस प्रकार से हैं। वहीं, पोस्ट कोड 967 डिस्पेंसर के 11 पदों का फाइनल परिणाम भी घोषित कर दिया है। इसमें रोल नंबर 967000157, 967000270, 967000305, 967000347, 967000365, 967000565, 967000570, 967000605, 967000684, 967001224, 967001392 को सफल घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि परिणाम आयोग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### तकनीकी विश्वविद्यालय में तीन दिसंबर से शुरू होंगी परीक्षाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की परीक्षाएं तीन दिसंबर से शुरू होंगी। तकनीकी विवि के परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। उन्होंने कहा कि स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षा के नियमित सेमेस्टर और रि-अपीयर के परीक्षाएं तीन दिसंबर से शुरू होंगी, जो जनवरी माह तक चलेंगी। परीक्षा तिथि से संबंधित ब्यौरा विस्तारपूर्वक तकनीकी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके अलावा स्नातक और स्नातकोत्तर के एनएस और सीबीसीएस स्कीम के थ्योरी और प्रेक्टिकल की परीक्षाएं होंगी।

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के निर्देशों का अनुसरण करेगी किसान कांग्रेस : दीपक



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव (संचार) एवं झारखंड, जम्मू-कश्मीर के प्रभारी महासचिव दीपक शर्मा ने कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के संबोधन को महत्वपूर्ण करार देते हुए उसके अनुसार आगे बढ़ने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि खड़गे के निर्देश और व्यक्त चिंताएं गंभीर हैं। किसान कांग्रेस इनका अनुसरण करते हुए आगे बढ़ेगी, पार्टी को मजबूत बनाएगी। दीपक ने कहा कि किसान कांग्रेस ने पूरे देश में संगठन को मजबूत करने हेतु कार्ययोजना तैयार की है। विभिन्न राज्यों में संगठन निर्माण एवं किसानों के स्थानीय मुद्दों को लेकर किसान न्याय एवं किसान सम्मान यात्राएं की जा रही हैं। प्रथम चरण में उत्तर प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में इन यात्राओं को शुरू किया जाएगा।

शर्मा ने कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि मोदी सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति उदासीन है और चंद उद्योगपतियों पर मेहरबान है। किसान कांग्रेस ने देश के हर राज्य में अपनी गतिविधियों को बढ़ा कर सक्रिय पदाधिकारियों की एक टीम तैयार की है, ताकि गांव-गांव पहुंच कर किसानों के दुखदर्द को समझा जाए और समस्याओं के निराकरण हेतु संघर्ष किया जा सके।

# माहड़े गांव में छह महीने बाद रुका पानी का रिसाव, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**संजीव चौहान, टौणी देवी**

टौणी देवी के तहत माहड़े गांव के ग्रामीणों के लिए राहत की खबर है। पिछले 6 महीने से माहड़े गांव के रास्ते में बहते पानी की समस्या का आखिरकार समाधान हो गया है।

एनएच 3 के निर्माण कार्य के दौरान पानी की पाइपलाइन टूटने से पानी का लगातार रिसाब हो रहा था। जल शक्ति विभाग और एनएच निर्माण कंपनी ने ग्रामीणों के बढ़ते आक्रोश और चेतावनियों को गंभीरता से लेते हुए पाइप लाइनों की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने इस समस्या को प्रमुखता से उठाया था, जिसके चलते जल शक्ति विभाग ने अपनी ही टीम लगाकर इस समस्या का समाधान किया। इस दौरान एनएच निर्माण कंपनी का कोई भी कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा।

अनंत ज्ञान इंपैक्ट


इस समस्या के समाधान से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है, क्योंकि पानी का बहाव रास्ते पर कीचड़ और फिसलन का कारण बन रहा था। इस वजह से स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और अन्य राहगीरों को परेशानी हो रही थी। अब पाइपलाइनों के ठीक होने से गांववासियों ने जल शक्ति विभाग का आभार व्यक्त किया है। जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता पंकज ने कहा कि ग्रामीणों की मांग और समस्या को ध्यान में रखते हुए पाइप लाइनों की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के साथ पूरा किया गया।

### भाजपा अस्पताल मुद्दे पर कर रही गुमराह : बन्याल



**एसके ठाकुर, बड़सर।** राधा स्वामी चैरिटेबल अस्पताल भोटा को लेकर भाजपा के नेता आए दिन बयानबाजी कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। विश्राम गृह बड़सर में पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस नेता इंजीनियर राजेश बन्याल ने कहा कि चैरिटेबल अस्पताल की तकनीकी फाइल को खुद रिजेक्ट कर अब भाजपा लोगों को गुमराह कर रही है। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में तो 12 सितंबर, 2024 को यह मामला पहुंचा था, जिसके बाद इस पर फिर से कार्रवाई शुरू हुई। 6 नवंबर को रिमाइंडर आया, उसके बाद सरकार अब इस मामले पर विधानसभा में बिल लाकर इस पर कार्रवाई करेगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस मामले पर एक दिसंबर को मीटिंग भी रखी है। सरकार इस मामले में अमलीजामा पहनाने में गंभीर है। प्रेस वार्ता में मैहरे बाजार कमेटी अध्यक्ष विनोद लखनपाल, पूर्व जिला परिषद सदस्य बल्ली, कांग्रेस नेता परमजीत डैंफा, बलयाह पंचायत के प्रधान वीरु जायसवाल, कांग्रेस नेता मनोज शर्मा उपस्थित रहे।

### बड़सर कॉलेज में विवि की टीम करेगी निरीक्षण



**एसके ठाकुर, बड़सर ।** एनएसयूआई राष्ट्रीय महासचिव रूबल ठाकुर ने बताया कि महाविद्यालय बड़सर में बीबीए और बीसीए में 40-40 सीटें थीं, लेकिन अब ये सीटें 80-80 होने वाली हैं जिसमें विश्विद्यालय से निरीक्षण के लिए टीम जल्द ही महाविद्यालय का निरीक्षण करने वाली है। वालीबॉल कोर्ट के लिए 10 लाख और महाविद्यालय के गेट के निर्माण के लिए 6 लाख रुपए भी महाविद्यालय को मिलने वाले हैं। रूबल ने अभी भी महाविद्यालय के लिए और कार्यों को करने की जरूरत है। ठाकुर ने कहा की इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह का धन्यवाद करते हैं, साथ ही एनएसयूआई इकाई बड़सर ने भी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार प्रकट किया है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गलोड़ में ट्रूनाट मशीन स्थापित



**अनंत ज्ञान, गलोड़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गलोड़ में 25 लाख रुपए की लागत से ट्रूनाट (मेड इन इंडिया) मशीन लगाई गई है। इस मशीन से टीवी के मरीजों के सैंपल की जांच होगी। ज्ञात रहे कि पहले टीबी के मरीजों के जांच के लिए नादौन या हमीरपुर जाना पड़ता था।

इसके अतिरिक्त गलोड़ अस्पताल में पिछले कुछ माह से रेडियोग्राफर का पद खाली चला हुआ था, उसमे भी ज्वाइनिंग हो गई है, अब लोगों को एक्स-रे के लिए भी भटकना नहीं पड़ेगा। बीएमओ गलोड़ अरविंद कौंडल व चिकित्सा अधिकारी मोहित डोगरा ने सरकार और प्रशासन का धन्यवाद किया है।

# मेडिकल कॉलेज में नए छात्रों का वेलकम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर**

मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में एमबीबीएस के नए बैच के छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दूसरे वर्ष के एमबीबीएस छात्रों ने नए छात्रों का स्वागत किया। फ्रेशर्स छात्रों ने फैकल्टी और सीनियर छात्रों को अपना परिचय दिया। फ्रेशर्स छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां भी प्रस्तुत कीं।

संस्था के प्राचार्य रमेश भारती ने कहा कि फ्रेशर्स पार्टी नए छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है। जब नए छात्र संस्था में आते हैं, तो वे सिस्टम से परिचित नहीं होते हैं और उनके मन में कई तरह की शंकाएं और आशंकाएं होती हैं तथा रैगिंग का डर बना रहता है। फ्रेशर्स पार्टी नए छात्रों को घर जैसा एहसास कराती है और उन्हें यह विश्वास दिलाती है कि वे अकेले नहीं हैं। प्रिंसिपल ने कहा कि यह फ्रेशर्स इवेंट फ्रेशर्स और सीनियर्स के बीच बॉन्डिंग सेशन है। प्रिंसिपल ने कहा कि



फ्रेशर्स पार्टी का शुभारंभ करते प्रिंसिपल।

सर्वोच्च न्यायालय और नैटेनाल मेडिकल काउंसिल के दिशा-निर्देशों के अनुसार फ्रेशर पार्टी अनिवार्य है, क्योंकि यह रैगिंग की समस्या को रोकने में महत्वपूर्ण कदमों में से एक है।

**आयोजन** वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए बोले पूर्व विधायक राणा

# जिस स्कूल का परिणाम सही, अभिभावक समझें उनका बच्चा सुरक्षित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

जिस स्कूल का परिणाम बेहतरीन आ रहा है, जिस स्कूल के बच्चे हर पायदान में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं, ऐसे में अभिभावक इस बात को समझें कि उनका बेटा-बेटी उस शिक्षण संस्थान में पूरी तरह सुरक्षित है।

यह बात सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता राजेंद्र राणा ने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सैंट साईं पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोट के 26वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने मेधावी छात्र छात्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलित करके हुई। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे मुख्य अतिथि राजेंद्र राणा का



मेधावी छात्रों के साथ पूर्व विधायक और भाजपा नेता राजेंद्र राणा।

स्कूल के एमडी कर्नल बलवंत सिंह राजपूत, प्रिंसिपल निशा शर्मा सहित तमाम स्टाफ सदस्यों छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने भव्य स्वागत किया।

राजेंद्र राणा ने कहा कि जानकारी मिली है कि इस स्कूल के छात्र हर पायदान में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। चाहे बात शिक्षा के क्षेत्र की हो या फिर खेलकूद के क्षेत्र की, हर फील्ड में स्कूल के छात्र अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को पूर्व विधायक ने कहा कि आज का समय बच्चों को बेहतरीन शिक्षा देने के साथ-साथ बेहतरीन संस्कार देने का भी है। अध्यापक जहां स्कूलों में उन्हें बेहतरीन शिक्षा बेहतरीन संस्कार दे रहे हैं, लेकिन अभिभावक भी घर पर उन्हें हर अच्छी और बुरी चीज से अवगत करवाए उनकी हर एक्टिविटी पर नजर रखें, जिस तरह से आजकल नशे का प्रचलन बढ़ गया है, ऐसे में अभिभावकों को अपने बच्चों को इस नशे के चंगुल से बचाने में आगे आना होगा।

इस अवसर पर विधायक ने छात्र-छात्राओं द्वारा बेहतरीन कार्यक्रम प्रस्तुत करने पर स्कूल प्रबंधन को अपनी तरफ से प्रोत्साहन राशि के रूप में 11 हजार रुपए दिए। इस दौरान स्कूल प्रबंधन की ओर से मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया।



## न्यूज ब्रीफ

### चुवाड़ी में 3 को भूतपूर्व सैनिकों के लिए लगेगा जांच शिविर



**चंबा।** सैनिक विश्राम गृह चुवाड़ी में 3 दिसंबर को भूतपूर्व सैनिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी कैप्टन अनुमेहा पाराशर (सेवानिवृत) उपनिदेशक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय चंबा द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि भूतपूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों के परिवारों और वीर नारियों के स्वास्थ्य जांच के लिए सैनिक विश्राम गृह चुवाड़ी में 3 दिसंबर को चिकित्सा जांच शिविर स्टेशन हैडक्वांटर ईसीएचएस द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसमें कर्नल जीएस ठकुर, डॉ. वाईडी शर्मा, लैब. टेक. जोगिंद्र सिंह तथा लाभ सिंह मौजूद रहेंगे।

### साहित्यकार यशपाल की जयंती पर हमीरपुर में होगा कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा क्रांतिकारी साहित्यकार यशपाल की राज्य स्तरीय जयन्ती का आयोजन 3 दिसम्बर, 2024 को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस स्मारक राजकीय महाविद्यालय, हमीरपुर के सभागार में करने जा रहा है। कार्यक्रम में प्रथम सत्र में प्रातः 11:00 बजे लेखक गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जवाहर लाला नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के सेवानिवृत्त प्रो. चमन लाल 'क्रांतिकारी साहित्यकार यशपाल के जीवन में क्रांति और साहित्य का सामंजस्य' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।

### मार्क्सवादी कमेटी के संजय बने राज्य सचिव



**अनंत ज्ञान, शिमला।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी राज्य कमेटी हिमाचल प्रदेश का तीन दिवसीय सम्मेलन शिमला के कालीबाड़ी हॉल में संपन्न हुआ। सम्मेलन को पार्टी पोलिट ब्यूरो सदस्य कॉमरेड सुभाषिनी अली, तपन सेन, ए विजय राघवन व केंद्रीय कमेटी सदस्य विक्रम सिंह ने संबोधित किया। सम्मेलन में दो स्थाई आमंत्रित सदस्यों सहित बत्तीस सदस्यीय राज्य कमेटी का गठन किया गया। संजय चौहान को राज्य सचिव चुना गया। डॉ. ओंकार शाद, राकेश सिंघा, डॉ कश्मीर ठाकुर, डॉ. कुलदीप सिंह तंवर, प्रेम गौतम, कुशाल भारद्वाज, विजेंद्र मेहरा, भूपेंद्र सिंह को राज्य सचिवमंडल सदस्य चुना गया। रविन्द्र कुमार, जगत राम, फालमा चौहान, होत्तम सौंखला, सुदेश, जोगिंद्र, देवकीनंद, नारायण, अशोक कटोच, राजेंद्र, मोहित, नरेंद्र, सत्यवान पुंडीर, महेंद्र राणा, राम सिंह, बरकत, कुलदीप डोगरा, वीना वैद्य, गीता राम, शोकीनी राम व चंद्रकांता को राज्य कमेटी सदस्य चुना गया। सुरेश सरवाल व के के राणा राज्य कमेटी में स्थाई आमंत्रित सदस्य होंगे। तीन सदस्यीय कंट्रोल कमीशन का गठन किया गया जिसमें जगमोहन ठाकुर को अध्यक्ष एवं राजेंद्र चौहान व विजय शर्मा को सदस्य चुना गया। नवनिर्वाचित राज्य सचिव संजय चौहान ने सम्मेलन को संबोधित करते कहा कि भविष्य में पार्टी जनमुद्दों पर जनांदोलन करेगी।

### संजीव बने बनीखेत व्यापार मंडल के प्रधान

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** आज बनीखेत व्यापारमंडल के प्रधान को लेकर चुनाव प्रक्रिया को अंजाम दिया गया जिसमें समस्त बनीखेत के छोटे बड़े व्यापारियों ने भाग लिया बता दें कि गत सप्ताह जो प्रधान बनने की दौड़ में तीन व्यापारियों ने अपने नाम दिए थे जिनमें की विजय इलेक्ट्रॉनिक के मालिक विजय वर्मा, मेलाराम टंडन तथा संजीव ठाकुर थे। चुनावी प्रक्रिया को अंजाम देने के लिए आज तय समय अनुसार सभी व्यापारी भुरू नाग देवता मंदिर परिसर में पहुंचे जहां विजय वर्मा ने अपना नाम वापिस ले लिया तथा चुनावी दौड़ में मेलाराम टंडन तथा संजीव ठाकुर है। शेष बचे इस चुनावी प्रक्रिया में सभी 182 व्यापारियों के लिए पर्ची सिस्टम द्वारा वोटिंग की गई जिसमें की कुल 79 बोट मेलाराम टंडन के पक्ष में पड़े तो, वही 103 वोट संजीव टंडन ने हासिल कर व्यापार मंडल बनीखेत के प्रधान पद पर काबिज हुए। यह बनीखेत के इतिहास में पहली बार हुआ है कि व्यापार मंडल के प्रधान पद के लिए किसी चुनावी प्रक्रिया को अंजाम दिया गया। इस आयोजन को लेकर तमाम छोटे बड़े व्यापारियों में काफी उत्साह देखने को मिला। अब आगामी व्यापार मंडल कार्यकारिणी के विस्तार हेतु जल्द ही रणनीति तैयार की जाएगी।

### युवाओं को वित्तीय साक्षरता से सशक्त बनाना जरूरी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी के करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल ने आर्थ निर्मिति के सहयोग से वित्तीय साक्षरता पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को वित्तीय प्रबंधन के आवश्यक कौशल सिखाना और व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन में वित्तीय साक्षरता के महत्व के प्रति जागरूक करना था। इस सत्र का नेतृत्व सलीम खान ने किया, जो वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में व्यापक अनुभव रखने वाले एक उत्कृष्ट विशेषज्ञ हैं। अपने रोचक और जानकारीपूर्ण प्रस्तुति में, खान ने दीर्घकालिक स्थिरता और सफलता प्राप्त करने में वित्तीय योजना और प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को वित्तीय प्रवृत्तियों, उपकरणों और रणनीतियों के प्रति जागरूक रहने और मजबूत पढ़ने की आदतें विकसित करने के लिए प्रेरित किया, जो सही वित्तीय निर्णय लेने के लिए आवश्यक हैं। इस कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित शिक्षकों की उपस्थिति रही, जिनमें डॉ. मोनिका पंचानी, प्रो. संतोष कुमार, डॉ. मनोज ठाकुर, प्रो. दीप्ति, प्रो. प्रेमलता, और प्रो. मनोज शर्मा शामिल थे। इन सभी ने इस पहल का सक्रिय समर्थन किया और छात्रों को इस सीखने के अवसर का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।



उपायुक्त मुकेश ने किया भाषा कला एवं संस्कृति विभाग के निर्माणधीन भवन का निरीक्षण, कहा-

# चंबा की कला व संस्कृति को दुनिया में पहुंचाने में मददगार साबित होगा भवन

**अनंत ज्ञान, चंबा**



निरीक्षण के दौरान उपायुक्त व अन्य अधिकारी।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने जिला मुख्यालय चंबा के साथ लगते क्षेत्र राजपुरा में निर्माणधीन बहुउद्देशीय भवन (अंतरंग सभागार) का निरिक्षण किया तथा इस भवन में बनाए जा रहे इंडोर ऑडिटोरियम, आर्ट गैलरी, म्यूजियम, जिला भाषा अधिकारी का कार्यालय, विश्राम गृह, दो डॉरमेट्री (महिला व पुरुष), लाइब्रेरी, तथा कैंटीन इत्यादि विभिन्न प्रकार की सुविधाओं का जायजा लिया।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग तथा निर्माण कार्य कर रही निर्माता कंपनी के प्रतिनिधि को निर्देश दिए कि इस बहुउद्देशीय भवन के निर्माण कार्य में गुणवत्ता के अलावा सुरक्षा मापदंडों का भी विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग अधिशासी अभियंता (कार्यकारी) दिनेश कुमार को निर्देश दिए कि विभाग के इलेक्ट्रिकल विंग द्वारा भवन की विद्युत लोड संबंधी आवश्यकता के अनुसार समय रहते विद्युत बोर्ड के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई करें ताकि भवन के अन्य निर्माण कार्य पूर्ण होने से पहले भवन को विद्युत लोड की आवश्यकता के अनुसार यहां ट्रांसफार्मर स्थापित किया जा सके।

इस अवसर पर उपायुक्त ने बताया कि भाषा कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा जिला मुख्यालय चंबा के सीमावर्ती क्षेत्र राजपुरा में लगभग 27 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा अंतरंग सभागार (बहुउद्देशीय भवन) अपनी तरह का एक खूबसूरत व महत्वपूर्ण भवन है। यह भवन लगभग 7-8 महीना के भीतर बनकर तैयार होने जा रहा है। इस भवन में बड़े स्तर के आयोजनों के आयोजनों के लिए न केवल एक बड़ा इंडोर ऑडिटोरियम तैयार हो रहा है बल्कि भवन में आर्ट गैलरी, म्यूजियम, जिला भाषा अधिकारी का कार्यालय, विश्राम गृह, दो डॉरमेट्री (महिला व पुरुष), लाइब्रेरी, तथा कैंटीन के अतिरिक्त पर्याप्त मात्रा में पार्किंग सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि यह निकट भविष्य में यह भवन जिला चंबा की कला एवं संस्कृति को देश और दुनिया में पहुंचाने में मददगार साबित होगा तथा जिला वासियों के लिए न केवल बड़ी सुविधाएं मुहैया करवाएगा बल्कि सरकार द्वारा जिला चंबा में बड़े स्तर पर किए जा रहे विकास कार्यों की एक

### साच-पास सड़क आगामी आदेशों तक बंद

**चंबा।** जनजातीय उपमंडल पांगी को जिला मुख्यालय चंबा से जोड़ने वाला साच पास मार्ग आगामी आदेशों तक बंद कर दिया गया है। सार्वजनिक सुरक्षा और अप्रिय घटनाओं की रोकथाम की दृष्टिगत उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी चंबा मुकेश रेपसवाल ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं।

उपमंडलाधिकारी पांगी (किलाड़) ने सूचित किया है कि आजकल साच दर्रे पर तापमान शून्य से नीचे गिरना शुरू हो गया है, जिसके परिणामस्वरूप विशेष रूप से सुबह और शाम के समय सड़क की सतह बर्फीली हो जाती है। इस संदर्भ में एसडीएम पांगी ने यात्रियों को वर्तमान मौसम की स्थिति के बारे में सूचित करने के लिए एक सार्वजनिक एडवाइजरी जारी करने का अनुरोध किया था। सार्वजनिक सुरक्षा और अप्रिय घटनाओं की रोकथाम की दृष्टिगत तुरंत प्रभाव से साच पास सड़क को आगामी आदेशों तक आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है।

# स्वयं सहायता समूह को सशक्त बनाने का हो रहा प्रयास : डीसी

**अनंत ज्ञान, चंबा**



बैठक में मौजूद उपायुक्त व अन्य।

जिला मुख्यालय चंबा में प्रधानमंत्री वन धन योजना के अंतर्गत वन धन विकास केंद्रों के संचालन संबंधी प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गई। एनआईसी कक्ष में उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अमित मेहरा अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त शांतनु सहारन, क्षेत्रीय प्रबंधक ट्राइफेड क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़, जनजातीय विकास विभाग शिमला के अधिकारी तथा भरमौर व पांगी के उपमंडलाधिकारी (नागरिक) तथा डीएफओ भरमौर ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस बैठक में भाग लिया।

जिला चंबा के भरमौर, होली और पांगी क्षेत्रों के लिए स्वीकृत वन धन विकास केंद्रों के संचालन में हुई प्रगति की समीक्षा की गई। उल्लेखनीय है कि वन धन विकास केंद्रों को स्थानीय रूप से उपलब्ध लघु वन उपज (एमएफपी) की खरीद और मूल्य संवर्धन के लिए सामान्य सुविधा केंद्र के रूप में उपयोग किया जाता है।

चर्चा के दौरान उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता पर बल देते हुए उपमंडल अधिकारी (ना) पांगी को एसडीएम भरमौर द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के समान एक विस्तृत गतिविधि रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए उपायुक्त ने एसडीएम भरमौर और पांगी को क्षेत्रीय प्रबंधक, ट्राइफेड और जनजातीय विकास विभाग शिमला के साथ बेहतर समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए।

बैठक में खरीद प्रक्रिया शुरू करने और इन केंद्रों के लिए स्वीकृत योजनाओं के अनुसार लघु वन उपज की कटाई और मूल्य संवर्धन के लिए आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर उपयुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि इन वन धन विकास केंद्रों के माध्यम से स्थानीय समुदायों तथा स्वयं सहायता समूहों की सामाजिक व आर्थिक स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देने और उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# स्व. वीरभद्र के नाम पर होगा सीमा कॉलेज का नामकरण : सीएम

**दशमी रावत, रोहड़ू**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला जिला के रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र को 100.95 करोड़ रुपए की सौगात दी। उन्होंने 29.22 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित अत्याधुनिक सीए स्टोर का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने 2.79 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल, 3.92 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित चुंजर-कटलाह, शलान, मेलठी-कुपड़ी जल आपूर्ति योजना तथा 5.03 करोड़ रुपए की लागत से रोहड़ू ग्रामीण क्षेत्र के लिए पेयजल योजना का लोकार्पण भी किया, जिससे क्षेत्र में पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने क्षेत्र के लिए 51.74 करोड़ रुपए की विभिन्न सड़क परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। उन्होंने 8.25 करोड़ रुपए की लागत से सीमा कॉलेज रोहड़ू में बनने वाले लड़कियों के छात्रावास का नींव पत्थर भी रखा।

मुख्यमंत्री राजकीय महाविद्यालय सीमा रोहड़ू के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। उन्होंने सीमा कॉलेज का नाम पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के नाम पर रखने की घोषणा करते हुए कहा कि अगले वर्ष से सीमा कॉलेज में बीएड का कोर्स भी शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया और नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए विद्यार्थियों को एक लाख रुपये देने की घोषणा की। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# 5 माह के लिए बंद हुए कार्तिक स्वामी कुगति मंदिर के कपाट

**ओपी शमा, चंबा**



कार्तिक स्वामी मंदिर कुगती के कपाट सात महीने के अंतराल के बाद शनिवार को दोपहर ठीक 12 बजे पूरे धार्मिक रिती रिवाज के अनुसार बंद कर दिए गए।

इस मौके पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान कार्तिक स्वामी के दर्शन किए और इस अंदरोल बंद करने के ऐतिहासिक पल के गवाह बने। नवंबर महीने के अंतिम दिन इस मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए बंद किए जाते हैं। इस दौरान कपाट बंद होने के बाद श्रद्धालुओं के मंदिर में जाना वर्जित माना जाता है। हर वर्ष अप्रैल महीने से लेकर नवंबर महीने तक हजारों की तादात में श्रद्धालु यहां पर माथा टेकने पहुंचते हैं। भगवान कार्तिक स्वामी को भगवान भोलेनाथ का पुत्र माना जाता है।

जानकारी के मुताबिक मंदिर के कपाट बंद होने से पहले यहां पर मंदिर के पुजारी द्वारा पानी से भरकर गढ़वी रखी जाती है। बैसाखी के दिन अगर यह पानी की गड़वी पानी से भरी हुई मिलती है तो उसे साल सुख वृद्धि ज्यादा रहने उम्मीद होती है और किसानों के लिए फसल अच्छी रहती है। अगर बंद अगर मंदिर कपाट खुलने के दिन पानी की गढ़वी में पानी कम मिलता है तो उसे साल आपातकाल सुखा आपदा के आसार बताए जाते हैं। मंदिर के कपाट खुलने और मंदिर के कपाट बंद होने के दौरान प्रदेश और देश के कोने-कोने से यहां पर भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

अब 134 दिन के बाद बैसाखी की संक्रांत के दिन भक्तों की आवाजाही व दर्शनों के लिए पुनः खोल दिए जाएंगे कपाट। (अनंत ज्ञान)

# समारोह में मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंबा**



मेधावी बच्चों व अन्य को सम्मानित करते गणमान्य।

शिक्षा खंड तीसा के अंतर्गत आने वाले राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुशनगरी का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह विद्यालय परिसर में धूमधाम से आयोजित किया गया। समारोह में प्रदेश हज कमेटी के पूर्व चेयरमैन दिलदार अली बट्ट ने मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई।

वहीं बट्ट इंस्टीट्यूटस के चेयरमैन परवेज अली बट्ट समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय की कार्यकारी प्रधानाचार्य चंपा शर्मा व एसएमसी अध्यक्ष असलम खान ने मुख्यातिथि दिलदार अली बट्ट व विशिष्ट अतिथि परवेज अली बट्ट को सम्मानित किया। वहीं कार्यकारी प्रधानाचार्य चंपा शर्मा ने विद्यालय व विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यकारी प्रधानाचार्य ने विद्यालय के विकास से संबंधित कुछ मांगे मुख्यातिथि के समक्ष रखी। समारोह के अंत में मुख्यातिथि ने विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित भी किया।

# युवराज तोमर भारतीय नौसेना अकादमी में अंतिम प्रशिक्षण के लिए चयनित

**मुकेश कुमार, डलहौजी**



डलहौजी पब्लिक स्कूल के छात्र युवराज सिंह तोमर ने अभी हाल ही में राष्ट्रीय सुरक्षा अकादमी खड़कवासला से स्नातक किया है युवराज अब अपने अंतिम वर्ष के प्रशिक्षण के लिए भारतीय सेवा अकादमी एझिमाला में शामिल होंगे इस उपलब्धि से युवराज ने न केवल अपने परिवार बल्कि डलहौजी पब्लिक स्कूल का भी नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से युवराज सिंह तोमर ने भारतीय सुरक्षा क्षेत्र में करियर बनाने वाले युवाओं के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बने हैं। बता दें कि युवराज ने अपनी शुरुआती शिक्षा डलहौजी पब्लिक स्कूल से पूरी की है।

इस सफलता के पीछे युवराज के परिवार का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है युवराज के पिता जितेंद्र सिंह तोमर जो डलहौजी पब्लिक स्कूल के ही प्रधानाचार्य हैं।

उन्होंने बताया कि युवराज होनहार तथा मेहनती छात्र रहा है उसकी मेहनत और लगन का ही नतीजा है कि आज वह समस्त स्कूली छात्रों तथा युवाओं के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बना। (अनंत ज्ञान)

# वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से बांधा समां



कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं व (नीचे) मौजूद गणमान्य।

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह में 40वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि कमांडेंट विशेष बल प्रशिक्षण स्कूल कर्नल अमरिंद्र सिंह बैंस तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पुनीत बैंस उपस्थित रहे। कमांडिंग ऑफिसर आर्मी मेडिकल कोर कर्नल सफीक फैजी विशिष्ट आमंत्रित अतिथि थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

प्राचार्य अनिल कुमार द्वारा मुख्यातिथि को पौधा भेंट कर हरित स्वागत किया गया गया। प्राचार्य द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन के माध्यम से विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों द्वारा दी गई रंगारंग प्रस्तुतियों की सराहना की साथ ही विद्यालय की निरंतर प्रगति पर खुशी जाहिर की। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नैतिक मूल्यों को बढ़ावा एवं देशभक्ति की भावना विकसित करने पर विशेष जोर दिया। मंच संचालन विद्यालय की विद्यार्थियों सोमिल राणा एवं निकिता कुमारी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अंत में ओमप्रकाश ढाका पीजीटी हिंदी द्वारा सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। (अनंत ज्ञान)

### सूडोकु 0003 (कठिन)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0002 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

1 दिसंबर, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** कार्तिक, **तिथि** अमावस्या (11:52): **नक्षत्र** अनुराधा (02:24), **पक्ष** : कृष्ण **योग :** सुकर्मा (04:42) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:49-12:31), **राहुकाल** (04:05 -05:23)।

### विशेष दिन

- 1 दिसंबर : देवकार्य अमावस्या आज।
- 1 दिसंबर 2024 : देविका स्नान आज।

**मेष:** आर्थिक चिंता हल होने की संभावना है। दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। बड़े लोगों से मेलजोल बढ़ेगा। संतान संबंधी काम होंगे।

**वृषभ:** आस्था बढ़ेगी। बौद्धिक कार्य से लाभ होगा। जोखिम वाले कार्य सावधानी से करें। व्यापार ठीक चलेगा। हर कार्य दृढ़ मनोबल से पूरा होगा।

**मिथुन:** आज आपकी जायदाद की समस्या सुलझ सकती है। आप भावुकता में गलत फैसले लेने से बचें। आज जोखिम न लें। पराक्रम से लाभ होगा।

**कर्क:** किसी भी कार्य में जोखिम न उठाएं। कार्यो में व्यवधान आ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नकारात्मक विचार व आलस्य का अनुभव होगा।

**सिंह:** आज व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। उच्च अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होंगे। प्रमोशन के योग हैं।

**कन्या :** आज महत्वपूर्ण विचार-विमर्श होंगे। आलस्य से बचकर सक्रिय होना आपके लिए लाभप्रद रहेगा। मांगलिक आयोजनों में भाग लेंगे।

**तुला:** किसी पुराने मित्र से मिलन की संभावना है। नजदीकी व्यक्ति विरोध करेंगे। धैर्य व विवेक का साथ बनाए रखना होगा। शारीरिक सुख प्राप्त होगा।

**वृश्चिक:** नवीन योजनाओं से लाभ होगा। नए कार्यो के साथ जुड़ने का योग बनेगा। आर्थिक तौर पर सुधार तय है। मधुर व्यवहार से सबका दिल जीत लेंगे।

**धनु :** अस्वस्थता हावी रहेगी। राज्य से संकट होगा। मनोमालिन्य रहेगा। धैर्य व विवेक का साथ बनाए रखना होगा। जोखिम न उठाएं।

**मकर :** आज आप व्यस्तता के चलते घरेलू कामकाज पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। संतान सुख की प्राप्ति संभव है। सोच समझकर उधार दें। व्यक्तिगत संबंध मधुर सकते हैं।

**कुंभ :** क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। आय-व्यय बराबर होने के कारण आर्थिक योग मध्यम रहेगा। शत्रु कष्ट संभावित है। शारीरिक सुख प्राप्त होगा।

**मीन:** मानसिक थकान का अनुभव करेंगे। परिश्रम की तुलना में फल कम मिलेगा। संतान की चिंता रहेगी। कोर्ट कचहरी के मामले पक्ष में सुलझ सकते हैं।

# छात्रों ने सीखी एआई और पायथन प्रोग्रामिंग भाषा

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनीखेत में के अंतर्गत 18 से 22 नवंबर और 24 से 29 नवंबर तक दो सत्रों में कोर्स का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम कक्षा 8 के छात्रों ने एआई और पायथन प्रोग्रामिंग भाषा सीखी।

प्रोग्रामिंग में छात्रों ने कोडिंग सीखी और ये भी जाना कि प्रोग्रामिंग में त्रुटियों की गणना और निवारण कैसे कर सकते हैं। प्राचार्या श्रीमती करमजीत कौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सीखे गए ज्ञान को व्यवहारिक जीवन में प्रयोग करने का प्रयास करें। नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, चंबा के प्रोग्रामर हिमांशिका द्वारा इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाया गया। छात्रों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सक्रिया भागीदारी दी और दिए गए ज्ञान का भरपूर लाभ उठाया। बच्चों को नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, चंबा का शनिवार दिनांक 30 नवंबर को भ्रमण करवाया गया।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में चंबा डोमिनेटर टीम विजेता

**अनंत ज्ञान, चंबा**



विजेताओं को सम्मानित करते डीसी व अन्य।

जिला मुख्यालय चंबा के ऐतिहासिक चौगान में राज कुमार बृजेंद्र सिंह मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। समापन कार्यक्रम में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने फाइनल मुकाबले में विजेता व उपविजेता टीमों तथा प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में चंबा डोमिनेटर टीम विजेता तथा नघुई-2 टीम उप विजेता रही। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता टीम को 51 हजार रुपए व ट्राफी तथा उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया किया गया। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मोहित, सर्वश्रेष्ठ बैट्समैन दीपक तथा सर्वश्रेष्ठ बॉलर सचिन ठाकुर को भी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। क्लब के सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने मुख्य अतिथि सहित आए हुए सभी मेहमानों का विधिवत स्वागत किया।

# प्रतिबंधित कफ सिरप सहित 2 काबू

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** नेरवा पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ अपना अभियान जारी रखते हुए दो कार सवार युवकों को सात शीशी प्रतिबंधित खांसी की दवा सहित हिरासत में लिया है ।

जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने नेरवा की ओर आ रही कार संख्या एचपी 08ए3544 को रोककर तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान चालक की सीट के नीचे छुपा कर रखी गई सात शीशी प्रतिबंधित कफ सिरप कोरेक्स की बरामद की गई। एसडीपीओ चौपाल सुशांत शर्मा ने कहा कि आरोपियों को न्यायलय मे पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। (अनंत ज्ञान)



**मानवता** एक कल्पना हो सकती है, लेकिन फिर भी इसे एक गवर्निंग सिद्धांत के रूप में स्वीकार करना होगा। -डॉ. भीमराव

## संपादकीय

# सोशल मीडिया सुरक्षा

बच्चों को सोशल मीडिया के नुकसान से बचाने के लिए ऑस्ट्रेलिया सरकार की ओर से 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों पर सोशल मीडिया तक पहुंच को प्रतिबंधित करना कितना जायज है, यह सवाल अब हर किसी के जहन में कौंधने लगा है। प्रतिबंध के इस कदम ने युवाओं के दिमाग की सुरक्षा पर वैश्विक चर्चाओं को फिर से सुलगा दिया है। ऑस्ट्रेलिया की भांति भारत में सोशल मीडिया पर बंदिशें कितनी जायज हैं, क्या भारत में भी इस तरह का प्रतिबंध संभव है? दरअसल, यह बेहद जटिल मुद्दा है। ऑस्ट्रेलिया में सोशल मीडिया पर बंदिशें लगाने के पीछे मुख्य कारण फेक न्यूज, हेट स्पीच और ऑनलाइन उत्पीड़न को रोकना था, लेकिन भरत में स्थिति कुछ भिन्न है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 (1)(ए) में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार दिया गया है। क्या सोशल मीडिया के बगैर छात्रों की जिंदगी नहीं चल सकती।

इस सवाल का जवाब यह है- चूंकि सोशल मीडिया हर छात्र के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सोशल मीडिया के जरिए जानकारी प्राप्त करना, जानकारी देना और संवाद करना न केवल छात्रों, बल्कि हर किसी के लिए आसान और सुविधाजनक होता है। शिक्षक और छात्र एक-दूसरे से जुड़ सकते हैं और अपने सीखने और पढ़ाने के फायदे के लिए इन प्लेटफॉर्म का अच्छा इस्तेमाल कर सकते हैं। हालांकि, सोशल मीडिया कुछ जोखिम पेश कर सकता है, लेकिन यह समझना महत्वपूर्ण है कि आपके बच्चे को अपने सोशल मीडिया के उपयोग से सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन देने के क्या लाभ हैं? ऑनलाइन उत्पीड़न से खासकर महिलाओं और अल्पसंख्यक समुदायों को समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है। यदि सरकारी निगरानी बढ़े तो समस्या का निवारण हो सकता है तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए भी कोई खतरा नहीं होगा। इसके बजाय, बच्चों को अत्यधिक सोशल मीडिया उपयोग के मनोवैज्ञानिक और सामाजिक नुकसान से बचाने के लिए अधिक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए। कई अध्ययनों ने किशोरों पर अनियंत्रित सोशल मीडिया उपयोग के नकारात्मक प्रभावों जैसे चिंता, अवसाद और कम आत्मसम्मान को उजागर किया है। साइबर अपराधों ने शरीर की छवि से जुड़ी समस्याओं और नींद की बीमारियों में वृद्धि ने समस्या को और बढ़ा दिया है, जिसका असर लाखों युवा उपयोगकर्ताओं पर पड़ रहा है। हालांकि, विशेषज्ञों की मानें तो सीधे प्रतिबंध लगाने से बच्चे अनजाने में असुरक्षित, अनियमित प्लेटफार्मों की ओर बढ़ सकते हैं।

इसके बजाय भारत को स्वस्थ सोशल मीडिया आदतों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। सबसे पहले, स्कूल पाठ्यक्रम में डिजिटल साक्षरता को शामिल करके एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है, जिससे बच्चों को ऑनलाइन दुनिया में जिम्मेदारी से अपने आपको शामिल करना सिखाया जा सके। इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को नेटवर्क स्तर पर अभिभावक नियंत्रण प्रदान करना चाहिए, जिससे माता-पिता के लिए निरंतर पर्यवेक्षण के बिना अपने बच्चों के ऑनलाइन संपर्क को प्रबंधित करना आसान हो सके। इसके अलावा, तकनीकी कंपनियों को भी जवाबदेह ठहराया जाना बेहद जरूरी है। सख्त नियमों में सोशल मीडिया प्लेटफार्म को आयु सत्यापन लागू करने और आयु-उपयुक्त सामग्री को बढ़ावा देने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए। लोगों को सोशल मीडिया के उपयोग और उसके नुकसानों के बारे में शिक्षित और जागरूक करने के अलावा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को स्वेच्छा से नियमन करने के लिए प्रोत्साहित करने से फेक न्यूज, हेट स्पीच और ऑनलाइन उत्पीड़न को रोकने में मदद मिल सकती है। सरकार, नागरिक समाज और प्रौद्योगिकी प्रदाताओं के बीच साझेदारी भी अत्यधिक उपयोगी साबित हो सकती है। बहरहाल, ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए इंटरनेट मीडिया प्रतिबंधित करने का फैसला निश्चित रूप से महत्वपूर्ण कदम है। भारत में भी इसी तरह का कदम उठाना अभी बहुत जल्दबाजी वाला निर्णय होगा। हालांकि भविष्य में इस फैसले पर गंभीरता से विचार किया जा सकता है, लेकिन स्थानीय परिस्थितियों और सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए इसका व्यापक समाधान ढूंढना भी जरूरी होगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### परमवीर चक्र विजेता

**मेजर** शैतान सिंह परमवीर चक्र सम्मानित भारतीय व्यक्ति हैं। इन्हें यह सम्मान 1962 में मरणोपरांत मिला। शैतान सिंह का पूरा नाम शैतान सिंह भाटी था। इनका जन्म जोधपुर, राजस्थान में हुआ था। उनके पिता श्री हेम सिंह जी भाटी भी सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल रहे थे। शैतान सिंह ने 1 अगस्त, 1949 को कुमायूं में कदम रखा था। चीन का वह युद्ध जिसमें मेजर शैतान सिंह ने अपना पराक्रम दिखाया, 1962 में आक्साई चिन सीमा विवाद से शुरू हुआ था। चुशूल सेक्टर सीमा से बस पंद्रह मील दूर था और वह क्षेत्र लद्दाख की सुरक्षा की दृष्टि से बहुत महत्त्वपूर्ण था। चीन का युद्ध भारत के लिए बहुत से संदर्भों में एक नया पाठ था। भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू विश्व शांति के पक्षधर थे और उनकी नजर विकास कार्यों पर अधिक थी। आवास, उद्योग आदि क्षेत्रों पर देश की योजनाएं केंद्रित थी। चीन की विस्तारवादी नीति और कार्रवाई भले ही भारत से छिपी नहीं थी, फिर भी हम इस बात की कल्पना भी नहीं कर पा रहे थे कि चीन हमारे लिए एक हमलावर देश सिद्ध होगा। भले ही चीन ने जिस तरह से तिब्बत पर अपना कब्जा जमाया हुआ था और दलाई लामा को भारत ने शरण दी थी, यह एक साफ कारण बनता था। मेजर शैतान सिंह के सारे जवान रणभूमि में बलिदान हो गए। उस बर्फ से ढके रण क्षेत्र में मेजर शैतान सिंह का मृत शरीर तीन महीने बाद पाया गया। उनकी वीरता के लिए उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र प्रदान किया गया। मेजर शैतान सिंह का शौर्य पराक्रम चीन के खिलाफ लड़ते हुए रेजांग ला मोर्चे पर अंतिम बार 18 नवंबर 1962 को नजर आया। वह चुशूर सेक्टर में 17 हजार फीट की ऊंचाई पर चीन की गोला बारूद से लैस भारी सेना का सामना कर रहे थे। उस मोर्चे पर उन्होंने अदम्य साहस, कुशल नेतृत्व क्षमता तथा देश के प्रति गहरी समर्पण भावना का उदाहरण प्रस्तुत किया। ■



मेजर शैतान सिंह
जन्म : 1 दिसंबर, 1924
शहादत : 18 नवंबर, 1962

## कविता

### महापरिनिर्वाण दिवस



मनीष महाराज

*भीमराव अंबेडकर है नाम जिनका*
*भारत में हिला दिया तिनका-तिनका*
*जातियों में बटें थे अपने ही लोग*
*उन्होंने भगाया दूर ये रोग*
*ठाना था उन्होंने कर्म अपना*
*बदला था उन्होंने धर्म अपना*
*हिंदू छोड़कर बने बौद्ध*
*इस पर नहीं किया गया कोई शोध*
*बाधां था सिर पर कफन उन्होंने*
*अस्पृश्यता को किया दफन उन्होंने*
*आज किया जा रहा स्मरण आपको*
*इसलिए*
*मनीष कर रहा नमन आपको*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# साधन संपन्नता से खत्म हुआ भाईचारा




भले ही आधुनिकता की भाग-दौड़ में बहुत कुछ बदल गया है। लोगों की जीवन शैली में अत्यधिक परिवर्तन हुआ है। अब हर सुविधा पैसे से प्राप्त की जा सकती है। विशेष अवसरों पर अब न तो किसी का सहयोग करने की आवश्यकता समझी जाती है और न कोई किसी के काम में हाथ बंटाता है। ऐसी व्यवस्था शहरों के साथ ही विकसित समझे जाने वाले बड़े गांव तक पहुंच गई है। सुविधाओं की कमी से जूझ रहे अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी आपसी भाईचारे एवं परस्पर सहयोग की भावना का प्रचलन है। हालांकि साधन संपन्न लोग किसी भी कामगार को अच्छा मेहनताना देकर अपना काम निकलवा लेते हैं, लेकिन आम आदमी की आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत नहीं होती।



लेखक : रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

महंगाई के इस दौर में अपने परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल है। ऊपर से यदि उसे कोई कारज करना पड़े। तब उसकी जीवन भर की जमा पूंजी तो खर्च होती ही है ऊपर से उसे कर्ज भी लेना पड़ता। ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए समाज ने परस्पर आपसी सहयोग की प्रथा बनाई थी। कारज करने वाला व्यक्ति का पहले ही काफी खर्च हो चुका होता है तथा कर्ज इतना अधिक न बढ़ जाता है कि वह हमेशा के लिए कर्ज के बोझ तले दब कर रह जाता। उम्र भर उसे कर्ज का ब्याज ही चुकाना पड़ता है।

जबकि मूलधन उसकी अगली पीढ़ी को भरना पड़ता था। इसलिए भाईचारा बिना किसी मेहनताने के अपने हाथ से कुछ न कुछ काम करके उसके बोझ को हल्का करते हैं। गांव में किसी के घर शादी-गमी हो या कोई अन्य आयोजन या किसी की फसल का काम पिछड़ गया हो। तभी ग्रामीण परस्पर एक दूसरे का सहयोग करते हैं। गांव में यदि कोई सार्वजनिक कार्यक्रम हो। लोग इकट्ठे होकर, जो जिस काम को कर सकता है वह उसे पूरे सेवाभाव से करते हैं। विवाह या अन्य किसी कारज में सबसे बड़ा काम धाम बनाने का होता है। इसकी तैयारियां महीना भर पहले से शुरू हो जाती है। सबसे पहले ईंधन के रूप में लकड़ियां (समाधा) काटनी होती है। सुख जाने के बाद उनको आयोजक के घर तक पहुंचाना जाता है। राशन का सामान दुकान अथवा सड़क से ढोना पड़ता है। उसके बाद महिलाओं द्वारा चावल एवं दालों में से ककड़ आदि की छंटाई करती है। शुभ कार्य हो तो मंगल गीत भी गए जाते हैं। यह काम सप्ताह भर पहले तक पूरा कर लिया जाता है। कारज वाले दिन भाईचारे के लोग सवेरे ही आयोजक के घर पहुंच जाते हैं तथा धाम बनवाने के काम में जुट जाते हैं।

धाम मुख्य रसोइया बनाता है। धाम में कितने चावल पकने हैं। उसके अनुसार ही मुख्य रसोइया अपने सहायक रसोइयों को साथ लेकर आता है। पहले पानी भरने के लिए एक या दो पनियारे भी होते थे। अब पानी की सप्लाई घर-घर तक है। इसलिए अब पनियारों का काम खत्म हो गया है जबकि रसोइयों को मेहनताना दिया जाता है। अन्य काम करने वाले भाईचारे के लोग बिना मेहनताने के ही काम करते हैं। सबसे अधिक काम तब होता है जब गांव में बारात आती है। बारातियों की आवभगत करना गांववासियों का ही काम होता है। चायपान के बाद अल्पहार का प्रबंध करना और दोपहर बाद तक धाम की व्यवस्था करना। गांव की बेटी को गांववासी अपनी बेटी मानते हैं।

लड़के के विवाह में बारात में शामिल होने के साथ ही धाम बनाने में भी सहयोग करते हैं। भाईचारे के लोग इस तरह का काम करते हैं कि आयोजक की आधी चिंता दूर हो जाती है। यदि किन्हीं कारणों से किसी की फसल की बुआई का काम पिछड़ जाता है। वह कुछ लोगों से पहले दिन सहयोग मांगता है। अगले दिन वे आपने हाल-बैल ले जाकर उसके खेत जोतते हैं। इसके लिए बैलों को जौ के आटे के पेड़े, घास व हल चलाने वाले को घी-शक्कर के साथ शाम का खाना दिया जाता। यानी भोजन में अंडल भर शक्कर और घी का 'पल्ला' दिया जाता है। पल्ला कड़छीनुमा एक माप होता है तथा उसकी हत्थी ऊपर की ओर होती है। उसमें एक पाव तक घी आता है। हल बैल से सहयोग किए जाने को 'हलसेर' कहा जाता है। किसी का मक्की की गुड़ाई का काम, घास काटने का काम पिछड़ जाता है। तब गांव महिलाएं सहयोग करती है। उसे 'ज्वारी' कहा जाता है। धान की रोपाई के लिए अक्सर महिलाएं परस्पर सहयोग करती ही है। रात के भोजन में घी-शक्कर दी जाती है। ज्वारी दो प्रकार की होती थी।

पहली प्रकार की ज्वारी में काम करवाने वाला स्वयं लोगों के घर जाकर उन्हें अगले दिन काम के लिए बुलाता। दूसरी प्रकार की ज्वारी में काम करवाने वाला किसी एक व्यक्ति को कह देता कि उसे इतने लोगों की जरूत है। उसे 'मांगुआं ज्वारी' कहा जाता था। उसमें ढोली को भी बुलाया जाता था। ज्वारे ढोल की थाप के साथ काम करते थे। इससे उनका उत्साह देखते ही बनता है। मक्की की गहाई (कुटाई) का काम रात को ही होता था। गांववासी अपने बड़े व मोटे डंडे जिन्हें 'डींग' कहा जाता है, लेकर आते तथा जमा मक्की के भुट्टे जोर-जोर से पीटते। यह काम 'ख्वाड़ा' में होता था। घर के नजदीक ही एक खेत को गोलाकार बनाया जाता। उसकी मिट्टी व गोबर से लिपाई की जाती है।

उसे ख्वाड़ा कहा जाता था। उसमें ही सभी फसलों की गहाई होती थी। वहां से दानें घर लाए जाते तथा भूसा या पराली आदि को वहां नजदीक ही व्यवस्थित तरीके से रखा जाता था, ताकि बारिश के पानी से खराब न हो। यदि गांव में किसी की मृत्यु हो जाती है तब उसके दाह-संस्कार में पूरे गांव के पुरुष शामिल होते है। जब तक किरया कर्म नहीं हो जाता तब तक गमगीन परिवार की हर संभव सहयोग करते हैं। धीरे-धीरे यह समाज में यह प्रथा समाप्त हो रही है तथा लोग अपने तक ही सीमित हो गए हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# दिव्य चित्र दिलाते चित्रकार सोभा सिंह की याद


बहुत पहले की बात है शायद 1973-1974 की रही होगी, जब मैं नया-नया विज्ञान अध्यापक की नौकरी पर, राजकीय विजय हाई स्कूल मंडी में लगा था। जवानी का जोश था, यौवन की उमंग थी जिधर दिल चाहता लग जाते थे। विज्ञान और कला की आड़ी तिरछी लकीरें इधर-उधर खींचने की कुछ आदत सी थी,,,,,,,कभी कभी उन्हीं आडी तिरछी लकीरों को आकृतियों में ढलता और तूलिका से रंग देता रहता था। कॉलेज के समय से कई एक कला प्रदर्शनियों में भी भाग लेता रहा।



लेखक : डॉ. कमल के. प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

इसी मध्य एक दिन पाठशाला में राजा जोगिंदर सेन( मंडी )का संदेश पहुंचा, जिसमें कला संस्कृति में रुचि रखने वालों को बुलाया (भेजने के लिए कहा गया) था। ये भी पता चला था कि चित्रकार सरदार सोभा सिंह से बैठक हो रही है। रुचि रखने वाले 4-5 अध्यापकों को इसके लिए भेज दिया गया, जिनमें एक ड्राइंग मास्टर शांति लाल वैद्य, एक मास्टर चंद्रमणि (चंडमहात्मा) और एक मैं भी शामिल था, एक दो और भी थे जो कि यादाश्त से बाहर हैं। हम सभी समय रहते राज महल (भवानी पैलेस) पहुंच गए। वहां पर राजा साहिब सरदार सोभा सिंह के साथ, गले मैं यशिका /रोलीफ्लेस कैमरा लटकाए खड़े थे और सरदार सोभा सिंह जी शायद जाने के लिए तैयार ही खड़े थे।

एक दूसरे के अभिवादन के पश्चात राजा साहिब ने चित्रकार सोभा सिंह जी के बारे जानकारी दे कर तथा खुद ही 3-4 फोटो ग्राफ हम सब के साथ लेकर बड़े ही स्नेह के साथ चाय पान व आपसी परिचर्चा के साथ, उनकी विदाई की गई। सरदार सोभा सिंह ऊंचे लंबे, सफेद बालों व दाढ़ी के साथ अपने सफेद लिबास में मुस्कुराते हुए शांत शालीन चेहरे के साथ एक महान संत जैसे व्यक्तित्व में दिख रहे थे। उनकी मधुर वाणी व सादगी उनके वास्तविक कलाविध होने का ही परिचय था।



मेरा सरदार सोभा सिंह जी को इस तरह निकट से मिलने का पहला अवसर था, इससे पूर्व केवल किशोरी लाल वैद्य जी द्वारा लिखित पुस्तक में ही इन्हें( एक कलाकार की दृष्टि से )पढ़ा था। सरदार सोभा सिंह का जन्म माता श्रीमती अच्छरॉ व पिता सरदार देव सिंह जी, जो कि भारतीय सेना में घुड़सवार रह चुके थे, के यहां जिला गुरदासपुर के गांव हरगोविंद पुर में 29 नवंबर ,1901 में हुआ था।

अपनी प्रारंभिक शिक्षा स्कूल से प्राप्त करने के पश्चात 15 वर्ष की आयु में कला व शिल्प का डिप्लोमा करने के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अमृतसर में दाखिल हो गए और इसके पश्चात ड्राफ्टमैन के रूप में सेवाएं देने के लिए ब्रिटिश भारतीय सेना में भर्ती हो कर वर्ष 1919 में इराक चले गए । आज सोभा सिंह स्टूडियो व आर्ट गैलरी का कायाकल्प हो गया है।

सरदार सोभा सिंह की पुत्री श्री मति गुरचरण कौर व इनके बेटे (सरदार सोभा सिंह के दोहते) द्वारा किए विस्तार के साथ ही साथ सुधार में भी कोई कसर नहीं छोड़ी और यह प्रगति दिन-प्रतिदिन अग्रसर ही है ,इसीलिए अब यह ग्रो मोर गुड कॉम्प्लेक्स बनता ही जा रहा है। इसके लिए दोनों मां बेटे बधाई के पात्र हैं ,जिन्होंने अपने पूज्य पिता व नाना की धरोहर को, उनकी याद के रूप में खूब से सजो रखा है। इतने सारे सम्मानों से सम्मानित महान संत ,, विचारक ,सादगी की मूरत, मृदुभाषी ,मिलनसार महान व्यक्तित्व आखिर इतना कुछ देकर 22 अगस्त ,1986 को सब को छोड़ कर इस संसार को विधा कह गया। उस महान विभूति को मेरा शत शत नमन।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**इंद्रदेव** की बेरुखी के चलते हिमाचल प्रदेश में पिछले दो महीनों से बारिश नहीं पड़ रही है। मौसम विभाग द्वारा जारी तमाम पूर्वानुमान गलत साबित हो रहे हैं। पहाड़ी राज्य में बारिश न होने के कारण किसान, बागवान सहित आमजन मानस बेहद चिंतित है। बारिश न पड़ने से खुश्क ठंड से राजधानी शिमला में दो लोगों की मौत हो चुकी है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि इस बार की सर्दी बेहद जानलेवा भी हो सकती है। बरसात के समय भी बारिश पूर्व वर्षों की भांति इस बार कम हुई आंकी गई है। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य में बारिश का अकाल पड़ना चिंताजनक है। गेहूं फसल बिजाई का समय चल रहा है। किसान, बागवान आसमान की तरफ देखकर मेघ बरसने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मगर बावजूद इसके इंद्रदेव पहाड़ी राज्य की जनता पर अपनी कृपा दृष्टि नहीं कर रहे हैं। **विकास,टांडा**

# राज्यों की विधानसभाओं में भी वशिष्ट प्रबुद्धजनों को मिले स्थान

राजनीति के क्षेत्र में भले ही सैकड़ों त्रुटियां व कमियां दिखलाई पड़ती हों लेकिन एक प्रशंसनीय विशेषता यह भी है कि यहां हर प्रकार की संभावनाओं के द्वार हर समय खुले रहते हैं। सभी राजनीतिक दलों द्वारा विधायक या सांसद के चुनाव के लिए पार्टी टिकट आवंटन में भी हर प्रकार की संभावना को ध्यान में रखा ही जाता है। राजनीतिक दलों के संबंधित लोग इन सब पक्षों को विशेष ख्याल में रखकर ही किसी व्यक्ति विशेष को पार्टी का टिकट देते हैं।



लेखक : मुमुक्षु के. ठाकुर
मतियारा , मसरूंड , चंबा

मान लीजिए कि कोई शराबी, निकम्मा, महा आलसी व्यक्ति केवल और केवल हालात और किस्मत से ही दो बार विधायक का चुनाव जीत जाए तो इस बात का कोई तर्क, गारंटी या औचित्य नहीं बनता है कि तीसरी बार भी उसी आदमी को टिकट दिया जाए और वह जीत भी जाए। इसीलिए तो सभी राजनीतिक दलों द्वारा चुनावों से पहले विशेष आंतरिक सर्वे जरूर करवाए जाते हैं। नकारात्मक रिपोर्ट मिलने पर विधायक ही नहीं, बल्कि मंत्री तक को पार्टी का टिकट नहीं दिया जाता है। लगभग हर विधायक, मंत्री या सांसद की ये प्रबल इच्छा और आकांक्षा रहती है कि उसके साथ रहने-घूमने, खाने-पीने वाले 25-30 लोग उसके पक्ष में खूब प्रचार -प्रसार करें। लेकिन हर कोई जानता है कि गिने-चुने दो-ढाई दर्जन लोगों के चीखने-चिल्लाने से लाखों की जनता का आशीर्वाद और वोट नहीं मिलता। विशेषकर उन विधायकों या सांसदों के बारे में तो क्या ही कहा जाए, जो अपनी ही पार्टी के कर्मठ, समर्पित कार्यकर्ताओं के शत-प्रतिशत संवैधानिक कार्य भी न करवा पाएं।

ऐसे लोग अंगूठाछाप होते हैं, क्योंकि ये विधानसभा या संसद में अपनी हाजिरी लगाने के लिए केवल वहां रखी मशीन में अपना अंगूठा ही लगाएंगे। बाकी तो इन कुछ खास आलसी लोगों का विचित्र-सा तर्क यह रहता है कि सभी कार्यों को अपनी स्वभाविक गति के साथ ही होने दो या ये बहाना कि इस समय उनकी पार्टी की सरकार नहीं है, इसलिए वे कुछ नहीं कर सकते।



जब हमारे देश व समाज के विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट लोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, राज्यसभा के सांसद बन सकते हैं तो फिर राज्य की विधानसभा के सदस्य क्यों नहीं बन सकते? हमारे प्रिय राष्ट्र भारत के सभी राजनीतिक दलों को इस विषय पर विशेष रूप से चिंतन-मनन, मंथन अवश्य ही करना चाहिए। ऐसा करके वे भारतीय राजनीति में एक नई, स्वच्छ व सकारात्मक परंपरा आरंभ कर सकते हैं। साहित्य, शिक्षा, कला, संगीत, विज्ञान , कृषि, भारतीय सेना, चिकित्सा, सिनेमा, खेल, समाजसेवा, लेखन-पत्रकारिता व अन्य सभी क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले प्रबुद्धजनों को पार्टी का टिकट देकर अवश्य ही विधानसभा और संसद में पहुंचाना चाहिए। विशेषत: उन लोगों को तो विशेष मान्यता व सम्मान मिलना ही चाहिए, जिन्होंने अपने क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करते हुए प्रदेश व देश का नाम सारी दुनिया में रोशन किया हो।

जिन विद्वान लोगों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदेश व हमारे भारत का मान-सम्मान बढ़ाया है, वास्तव में ऐसे महान लोगों का सम्मान व अभिनंदन स्थानीय साधारण जनता भी करती है और समर्थ और प्रभावशाली लोग भी। देश-प्रदेश के हर वर्ग, विशेषकर युवा वर्ग के साथ इन विशेष क्षेत्रों के विशिष्ट लोगों के संपर्क, संवाद व जान पहचान तो रहते ही है, इसलिए इस बात की बहुत बड़ी संभावना रहती है कि ये विशिष्ट बुद्धिजीवी लोग काफी बेहतर ढंग से समाजसेवा कर सकते हैं। हमारे भारत का तो सारा इतिहास साक्षी है कि हजारों साल पहले भी राजधानी और राजाओं के दरबार में सभी क्षेत्रों के विशिष्ट, सुप्रसिद्ध, बुद्धिजीवी लोगों को रखा जाता था। वे देश (राज्य) के रत्न कहलाते थे। राज्य संचालन, राजकीय कार्यों व नीति निर्माण में इन रत्नों की राय व सुझाव बहुत महत्व रखते थे। देश व समाज के विविध क्षेत्रों के विशिष्ट लोगों की विधानसभा में उपस्थिति से निश्चित रूप से ही विधानसभा व समाज के हालात और ज्यादा अच्छे व बेहतर बनेंगे। भारत सरकार व सभी राज्य सरकारों से विशेष अनुरोध है कि देश की सभी विधानसभाओं में इन विशिष्ट, लोकप्रिय, प्रबुद्ध लोगों के लिए तो 10 प्रतिशत के आरक्षण का प्रावधान होना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# विधायकों की अयोग्यता संबंधी कानून...एक विवेचन

लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता की महत्वपूर्ण भागीदारी रहती है और यह आवश्यक भी है क्योंकि जनता स्वयं निर्णय करने के लिए स्वतंत्र होती है कि वह अपने भाग्य को किस के हाथों में सौंप रही है, यही सभी का संवैधानिक अधिकार भी है हम मतदान में अपना कर्तव्य निभा कर अपनी सरकार चुनने के लिए स्वतंत्र हैं। वो प्रतिनिधि जिनको हम विधानसभा या लोकसभा में भेजते हैं , वो प्रत्यक्ष रूप से हमारे ही विचारों का प्रतिनिधित्व कर रहे होते हैं ।



लेखक : विक्रम वर्मा
स्वतंत्र लेखक

विगत कुछ दशकों में राजनीति में सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए पदार्पण करने की एक परिपाटी सी बन गई है, जिससे कारण येन केन प्रकारेन राजनीतिक व्यवस्था में अपने लिए कुर्सी हासिल करने के लिए कोई भी हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, जो कि गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है, क्योंकि नेता लोगों को मिलने वाली सुख सुविधाओं में कोई कमी नहीं होती, हर बार ठगी जाती तो बेचारी भोली भाली जनता! जिसका स्पष्ट उदाहरण हम कुछ महीने पहले देख चुके हैं। हिमाचल प्रदेश की विधानसभा में विधायकों को अयोग्य सिद्ध करने संबंधी विधेयक लाने की आवश्यकता क्यों पड़ी और इसे कानूनी रूप प्रदान करने की ऐसी क्या मजबूरी है, यह वास्तव में एक चिंता और चिंतन का विषय है। हिमाचल देवभूमि के नाम से जाना जाता है, परंतु शायद राजनीति में यह देवभूमि शब्द भी सम्मानित नहीं है क्योंकि देवभूमि की जनता भी निस्संदेह देवतुल्य होती है और जब जनता प्रतिनिधियों को चुनकर राजनीतिक व्यवस्था में भागीदार बनाती है, तो चुने हुए प्रतिनिधि लाखों लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहे होते हैं, यह बात उन्हें भलीभांति समझ लेनी चाहिए।

जनता की भलाई के लिए किया गया हर निर्णय स्वागत योग्य है और इसकी प्रशंसा की जानी चाहिए,



परंतु हमें उन बातों को भी ध्यान में रखकर कदम बढ़ाना चाहिए, कि क्या मात्र कानून बनाने मात्र से समस्या का सकारात्मक हल निकल सकता है, क्योंकि देश या प्रदेश में संसाधनों का उचित सदुपयोग करने और राजस्व की बचत केलिए पंद्रह प्रतिशत मंत्रिमंडल का भी कानून बना हुआ है, परंतु अचरज यह होता है कि हमारे देश में हर कानूनी व्यवस्था का जुगाड़ लगाने में राजनीतिक व्यवस्था सिद्धहस्त हैं, क्योंकि राजनीति में मंत्री पद के समकक्ष ही ऐसे पदों की व्यवस्था मात्र रेवड़ियां बांटने के लिए की गई, जिससे पंद्रह प्रतिशत मंत्रिमंडल की व्यवस्था का कोई औचित्य और व्यवहारिक लाभ परिलक्षित नहीं होता। कोई भी सरकार हो या किसी भी पार्टी की सरकार हो हमेशा उनका प्रयास यही रहता है कि अपने अस्तित्व को साबित करने और सत्ता बनाए रखने के लिए अपने लोगों के व्यक्तिगत लाभों को हमेशा सर्वोपरि रखा जाता है। प्रदेश की चाहे वर्तमान सरकार हो या पूर्ववर्ती सरकारों की बात करें, तो यह बात परिलक्षित होती है कि अपनों की सेवा में कोई भी सरकार पीछे नहीं रही।

अत: इन सभी बातों को ध्यान में रखकर हम यह सोचने पर बाध्य होते हैं कि क्या विधायकों को अयोग्य ठहराने की आखिर कार आवश्यकता ही क्यों पड़ी, क्योंकि यह कदम सिर्फ विधायकों को ही नहीं बल्कि उस जनता पर भी प्रहार है जिन्होंने लोकतांत्रिक तरीके से विधायकों को चुनकर भेजा हुआ होता है। यह भी सर्वविदित है कि हमारे देश में कानूनी प्रक्रिया कितना लंबा समय लेती है और इस प्रकार की व्यवस्था में विधायकों को अयोग्य ठहराने और न्यायव्यवस्था द्वारा अयोग्य सिद्ध करने में बिलंब कितना होगा इसका अनुमान सहजता से लगाया जा सकता है और उतने समय में विकास के कार्य किस हद तक प्रभावित होंगे? अच्छा तो तब होता जब प्रदेश हित में सत्ता पक्ष और विपक्ष मिलकर इस बात पर मंथन करने का प्रयास करते कि आखिरकार ऐसी ही एक सार्थक और सकारात्मक पहल की जाए, ताकि जनभावनाओं की आकांक्षाओं पर हर सरकार खरी उतर सके और राजनीति के इतिहास में एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया जा सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

## एड्स दिवस पर रैली निकालकर किया जागरूक




**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संधोल में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विश्व एड्स दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर विद्यार्थियों द्वारा भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए साथ ही इस अवसर पर चित्रकला व नारा लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन विद्यालय में किया गया और इसके उपरांत एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य निर्मल ठाकुर द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई तथा सभी स्टाफ सदस्यों के सहयोग से कार्यक्रम अधिकारी मनोज सकलानी व सोनिया ठाकुर के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

## भूपेंद्र बने माकपा राज्य सचिव मंडल के सदस्य



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र से सबंध रखने वाले मजदूर किसान नेता व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह शनिवार को शिमला में संपन्न हुए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के 18वें राज्य सम्मेलन राज्य सचिव मण्डल का सदस्य चुना गया। हिमाचल प्रदेश के लिए चुनी गई 33 सदस्यीय कमेटी में उन्हें शीर्ष नेतृत्व के लिए चुने गए 9 सदस्यों में शामिल किया गया है।भूपेंद्र सिंह पिछले लंबे समय से पार्टी से जुड़े हुए हैं और मजदूरों किसानों को संगठित करने का काम धर्मपुर में कर रहे हैं और अब उन्हें पार्टी की उच्चतम कमेटी में सदस्य बनाया गया है। जिसका सरकाघाट व धर्मपुर कमेटी सदस्य सुरेश शर्मा, दिनेश काकू, मॉन सिंह, बाला राम, रामचन्द ठाकुर, रणताज राणा, मिलाप चंदेल, अरुण अत्री, प्रमीला ठाकुर, रोशनी, सुरेश राठौर, सुरेश सन्नी, सुरेश ठाकुर, ऋत्विक इत्यादि ने उन्हें पार्टी की उच्चतम कमेटी के लिए चुने जाने पर बधाई दी है।

## डीएवी स्कूल में पारितोषिक वितरण तीन को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंडी का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 3 दिसंबर को 11 बजे होगा। यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य ने बताया कि यह आयोजन कांगणीधार संस्कृति सदन मोतीपुर में होगा जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर नगर निगम के आयुक्त एचएस राणा शिरकत करेंगे।

## सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ने कठलग में नवाजे मेधावी



**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय उच्च पाठशाला कठलग में सत्र वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य (इंस्पेक्शन विंग) लालमन यादव ने बच्चों को पारितोषिक व पांच हजार प्राथमिक पाठशाला कटहल के लिए 2000 रुपए भी प्रदान किए। इस समारोह में स्कूल एडाप्टर और स्कूल से निकले मोती भी शामिल हुए। उन्होंने भी स्कूल के लिए दान दिया। दसवीं कक्षा में 700 में से 630 अंक प्राप्त करने वाले शानवी को और खुशबू को बेस्ट स्टूडेंट का परुस्कार प्रदान किया। खेल गतिविधियों में भी आरुषि, अंकित, उमेश, सूरज, ओम, गौरव, योग में यशपाल और यश का को पारितोषिक प्रदान किए गए।

## नशे के खिलाफ छेड़ा कैंपेन, पूर्व सीपीएस ने की सराहना



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** एमएलएसएम एनएसयूआई सुंदरनगर ने पूर्व सीपीएस सोहनलाल ठाकुर से ब्रेक द ड्रग चैन मुहिम के संदर्भ में मुलाकात की उनको अपने इस कैंपेन के बारे में बताया जो की एनएसयूआई राष्ट्रीय स्तर पर कर रही है सोहनलाल ठाकुर ने इसकी सराहना की और बच्चों को इस कार्य के लिए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए कहा। पूर्व अध्यक्ष मोहित ठाकुर ने बताया की एनएसयूआई यह कैंपेन सभी स्कूलों और कॉलेज में जाकर कर रही है और बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बता रही है। उन्होंने कहा कि इसके बाद एनएसयूआई इस मुहिम को हर गांव तक घर-घर जाकर बताएगी और लोगों को जागरूक करेगी।

## एड्स और रोड सेफ्टी पर चलाया जागरूकता अभियान




**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर में प्रधानाचार्य नवीन कुमारी की अध्यक्षता में रेड रिबन क्लब और रोड सेफ्टी सेल द्वारा एड्स और एचआईवी से बचाव तथा सड़क सुरक्षा पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षुओं को एड्स और एचआईवी से होने वाले खतरों पर जागरूक किया गया। रोड सेफ्टी को लेकर पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। वनिता कुमारी (ट्रेड एसओटी) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 500 की इनाम राशि जीती। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए रैली आयोजित की गई। इस दौरान थाना जोगिंद्रनगर के एएसआई विवेक ने प्रशिक्षुओं को सड़क सुरक्षा नियमों और उनके महत्व की जानकारी दी।

# नगर निगम के टैक्स प्रस्तावों पर अढ़ाई दर्जन आपत्तियां दर्ज

## आखिरी दिन एक साथ 17 आपत्तियां हुईं दर्ज

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

नगर निगम मंडी द्वारा गृहकर उप नियम 2024 में प्रस्तावित सशोंधनों पर पार्षदों व अन्य लोगों ने विरोध व सुझाव दर्ज किए हैं।
जानकारी के अनुसार शनिवार को आखिरी दिन 17 लोगों ने अपनी आपत्तियां दर्ज की जबकि इससे पहले केवल 13 आपत्तियां प्राप्त हुई थी। इनमें नगर निगम के वार्ड दौहंधी, बैहना, नेला, सन्यारढी व तलयाहड़ आदि के वाशिंदे शामिल हैं। सबसे ज्यादा आपत्तियां नेला वार्ड से प्राप्त हुई हैं।

इस प्रकार से कुल 30 आपत्तियां आधिकारिक तौर पर कार्यालय में पहुंची हैं। पार्षद राजेंद्र मोहन के अनुसार जोन ए में पुरानी दरों में जो बढ़ौतरी बहुत ही अधिक है। उन्होंने इसमें तृणमूल स्तर की असलियत को मध्यनजर रखते हुये संशोधन की मांग उठाई। उन्होंने जोन बी में प्रस्तावित दरों गैर तर्कसंगत करार दिया। इस पर गहनता से विचार विर्मश कर प्रारूप में आमूल परिवर्तन करके ही दरें तय करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि पूर्व में नगर निगम को साधारण सभा में भी मर्ज एरिया व नगर परिषद के समय के कुछ क्षेत्रों को सी व डी श्रेणी में शामिल किया गया लेकिन इस प्रस्तावित प्रारूप में उन क्षेत्रों को सीधा ए क्षेत्र में रख दिया गया है।

ऐसे में यह बदलाव व मौजूदा प्रारूप कत्तई भी तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों हेतु फिर से प्रारूप पर चर्चा कर दरें तय की जाए। जोन ए और बी में निर्धारण तथ्यों का मूल्यांकन नहीं किया गया है। उन्होंने अनुरोध किया कि प्रस्तावित प्रारूप का पुनः निर्धारण किया जाना अत्यंत आवश्यक है।




- आपत्तियां प्रतिनिधिमंडलों के मार्फत और व्यक्तिगत तौर पर की गई प्रस्तुत
- लोग सुविधाओं को पूरा होने की कर रहे उम्मीद

आपत्तियां व सुझावों में फोरलेन सड़क के निर्माण के कारण घरों व गांवों के पुश्तैनी रास्ते खत्म करने पर भी सवाल उठाया कहा कि अपने घर को जाने के लिए 4-5 किलोमीटर का यू-टर्न लेकर जाना पड़ रहा है।

क्रैश बैरियर के कारण स्थानीय लोगों के व्यापारिक संस्थानों होटल-रेस्टोरेंट, करियाना दुकान, मैकेनिक आदि की दुकान तक भी ग्राहक नहीं पहुंच पा रहा है। यह भी सवाल उठाया गया है कि ग्राम पंचायत से हटाकर बिना उनकी राय जाने निगम में शामिल किया गया है जबकि निगम के गठन के समय तत्कालीन सरकार ने मर्ज एरिया के निवासियों के साथ जो वायदे किए थे वे पूरे ही नहीं हुए। आज भी स्थानीय लोग रास्तों, संपर्क मार्गों, पेयजल स्त्रोतों, गत बरसात में हुए भारी नुक्सान, फोरलेन निर्माण के कारण सूख चुके पेयजल स्त्रोतों आदि के बारे उम्मीद लगाए बैठे है। उन्होंने इस प्रारूप में ही एकल महिला, दिव्यांग परिवार, बेसहारा, गंभीर रोगों कैंसर, किडनी, विधवा व महिला परिवार मुखिया, ऑर्फन आदि परिवारों को शत-प्रतिशत कर मुक्त रखने का सुझाव दिया है तथा मस्जिद एरिया में 3 साल के बजाय 5 साल तक कर मुक्त रखने का भी सुझाव दिया है। (अनंत ज्ञान)

## एबीवीपी बासा महाविद्यालय इकाई की नवकार्यकारिणी का गठन



नवगठित कार्यकारिणी के सदस्य व अन्य।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बासा महाविद्यालय इकाई का 2024-25 के लिए नव कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें विशेष रूप से जिला संगठन मंत्री पवन कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में व चुनाव अधिकारी के रूप में पूर्व तहसील संयोजक अजय कुमार उपस्थित रहे। साहिल को इकाई अध्यक्ष व कुशाल को इकाई मंत्री बनाया गया।

निखिल, यादविंद्र और रेशमा को उपाध्यक्ष, यशपाल, विकास और रवि को इकाई सह सचिव, विरेंद्र को इकाई सोशल मीडिया प्रमुख, पायल को राष्ट्रीय कला मंच गतिविधि इकाई प्रमुख और दिव्या को सह प्रमुख, मुकेश को एसएफडी गतिविधि इकाई प्रमुख और मनीषा को सह प्रमुख, प्रियंका को एसएफएस गतिविधि इकाई प्रमुख और बबली को सह प्रमुख, खेलो भारत गतिविधि इकाई प्रमुख गिरिराज और सह प्रमुख चेतन आईटीआई समिति प्रमुख जितेंद्र और सह प्रमुख ईशान जी कार्यकारिणी सदस्य अमन रवि सुनील किरण पूजन ध्रुव प्रियंका हिना और हर्षा चुने गए।

## डुगराईं की सड़क बनी नाला, बदबू फैली

**अनंत ज्ञान, महादेव**

बदहाली का शिकार ग्राम पंचायत जय उच्च डुगराईं की सड़क का एक बड़ा भाग जिसे बेहतर तकनीकी अपनाकर सुधारने-पक्का करने की इसलिए भी जरूरत है। राह आते-जाते स्कूली बच्चों के साथ-साथ अन्य कई क्षेत्रों में जुड़े लोगों के कपड़े उस समय खराब हो जाते हैं जब गाड़ियों के आने-जाने से गंदे-



बदबूदार पानी के छींटे उन पर गिरते हैं। बुद्धिजीवी लोगों ने विक्रमादित्य सिंह से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही सड़क सुधारी जाए।

## नौबाही मंदिर में अव्यवस्थाओं को सुधारने की मांग

**सरकाघाट।** सरकाघाट के प्राचीन और प्रसिद्ध शक्ति पीठ नौबाही देवी मंदिर में चल रही अव्यवस्थाओं को सुधारने के लिए नौबाही मंदिर बचाओ संघर्ष समिति ने सक्रियता दिखाई है। समिति के अध्यक्ष ललित जम्वाल ने एक ज्ञापन तहसीलदार सरकाघाट और मंदिर कमेटी के कार्यकारी अधिकारी मनीष कुमार के नाम सौंपा। यह ज्ञापन तहसीलदार की अनुपस्थिति में कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-2 के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन में ललित ने बताया कि नौबाही देवी मंदिर की स्थिति चिंताजनक है। परंपराओं को दरकिनार करते हुए मंदिर में मनमानी की जा रही है।

## महादेव और धनोटू गांव में अवैध कब्जों की गिरफ्त में तालाब

**भीम बसेड़ू, महादेव**

नाचन क्षेत्र के अंतर्गत आते तालाबों का एक बड़ा भाग पिछले कई वर्षों से अवैध कब्जों की गिरफ्त में है।

तहसील सुंदरनगर के तहत ग्राम पंचायत महादेव के पीपल वाला तालाब जिसे स्थानीय लोग कुफर बोलते हैं का एक बड़ा भाग पिछले कई वर्षों से अवैध कब्जे की गिरफ्त में है। इसी प्रकार महादेव पंचायत के ही गांव धनोटू में भी सबसे बड़ा तालाब कई कई वर्षों से अवैध कब्जों की मार से दो चार हो रहा है जिससे इसकी शक्ल को भी बदसूरती का ग्रहण लग गया है।





बुद्धिजीवी लोगों ने ग्राम पंचायत महादेव तथा उपायुक्त मंडी से इन्हें बेहतर ढंग से संवारने के लिए कारगर कदम उठाए।

## डिजिटल परिवर्तन हर पहलू को करता है प्रभावित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का समापन हुआ।

इस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की थीम 'डिजिटल परिवर्तन और इसका व्यापार, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण पर प्रभाव सतत विकास लक्ष्यों की ओर' रहा। इसके समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में ईआर सुनील वर्मा, परीक्षा नियंत्रक, सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी ने शिरकत की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। मुख्यातिथि ने कहा कि डिजिटल परिवर्तन मानव जीवन के हर पहलू को प्रभावित करता है। ऐसे में डिजिटलाइजेशन और सतत विकास के बीच संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।



मुख्यातिथि को सम्मानित करते गणमान्य।

- दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का समापन

इस कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन भारत, इंडोनेशिया और नेपाल के तीन विशेषज्ञों ने अपने विचार प्रस्तुत किए, जिसमें डॉ. हिमाचलम दसाराजू, सीनियर फेलो और प्रो. एमेरिटस (पूर्व), कॉमनवेल्थ विजिटिंग फेलो, यूके, वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, तिरुपति, ने बैंकिंग उद्योग में डिजिटल परिवर्तन पर वर्चुअल माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में डॉ अरुण शर्मा ने कॉन्फ्रेंस की रिपोर्ट प्रस्तुत की और डॉ. राजीव राणा ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। वहीं भारत और विदेशों के शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों और शोधार्थियों द्वारा कुल 320 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

## कैंप में 587 लोगों ने करवाई जांच

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

जन कल्याण समिति सरकाघाट के सचिव एवं नबाही वार्ड के जिला परिषद सदस्य मुनीष शर्मा और जन कल्याण समिति के अध्यक्ष रणवीर गुलेरिया ने बताया कि माता नबाही देवी मंदिर के हाल में जन कल्याण समिति के द्वारा लिवासा (पूर्व में आई वी वाई) हॉस्पिटल मोहाली के सौजन्य से एक विशाल निःशुल्क हेल्थ कैंप में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और 587 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

इस कैंप में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एचके बाली, मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नितिन अग्रवाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आदित्य अग्रवाल, पेट एवं लीवर रोग विशेषज्ञ डॉ. योगेंद्र की टीम जन मानस के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच की और लोगों के टेस्ट भी फ्री में किए गए।



हेल्थ कैंप के दौरान जांच करवाने पहुंचे लोग।

मुनीष शर्मा ने सरकाघाट प्रशासन और मंदिर की पुजारी सभा समिति का भी सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

## खेलें बनाती हैं सुदृढ़ : डॉ. अभिलाषी

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

अभिलाषी शिक्षण समूह द्वारा संचालित जीनीयस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल नेरचौक में दो दिवसीय इंटर हाउस खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभिलाषी समूह के अध्यक्ष डॉ. आरके अभिलाषी मुख्यातिथि रहे। स्कूल प्रबंधक प्रियंका अभिलाषी ने विशेष अतिथि शिरकत की।

स्कूल प्रधानाचार्य रणजीत ठाकुर द्वारा मुख्यातिथि को शॉल टोपी से सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि डॉ. आरके अभिलाषी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उन्होंने बच्चों को खेलों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेलें आपको शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ मानसिक रूप से भी सुदृढ़ बनती हैं।



प्रतियोगिता के शुभारंभ पर कबड्डी टीमों के साथ मुख्यातिथि व स्कूल प्रबंधन।

- जीनीयस स्कूल में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन

यहां से पढ़ाई किए बच्चे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का दम दिखा रहे हैं। दो दिवसीय इस खेलकूद प्रतियोगिता में 19 व 14 वर्षीय आयु वर्ग के छात्र छात्राओं की कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, शॉटपुट सहित 100 व 200 मीटर दौड़ की प्रतियोगिताएं करवाई जा रही हैं।

## मंडी से 60 सदस्यीय दल शिमला रवाना

**मंडी।** गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा विभाग का 62वां स्थापना दिवस छह दिसंबर को रिज मैदान शिमला में मनाया जाएगा। इसकी अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं महा आदेशक सतवंत अटवाल करेंगे। छठी वाहिनी मंडी के आदेशक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि स्थापना दिवस में भाग लेने के लिए छठी वाहिनी मंडी से 60 सदस्यों का दल शनिवार को शिमला के लिए रवाना हो गया है।

स्थापना दिवस पर गृहरक्षकों की ओर से मार्च पास्ट, ड्रिल, बैंड कॉन्सर्ट के साथ आपदा उपकरणों की प्रदर्शनी और खोज एवं बचाव ड्रिल किया जाएगा।

## 15 से पहले बिजली उपभोक्ता करवाएं केवाईसी

**जोगिंद्रनगर।** विद्युत उप-मंडल चौंतड़ा के अंतर्गत आने वाले सभी घरेलू और होटल बिजली उपभोक्ताओं को अपनी पहचान सत्यापन प्रक्रिया (केवाईसी) 15 दिसंबर 2024 से पहले पूरी करने का निर्देश दिया गया है।

उपभोक्ताओं को कार्यालय में आधार कार्ड और बिजली बिल के साथ पहुंचने को कहा है। जो उपभोक्ता विद्युत कार्यालय चौंतड़ा नहीं आ सकते, वे अपने नजदीकी स्थानों पर लगाए गए विशेष शिविरों में पहचान सत्यापन करवा सकते हैं। इन शिविरों में विभाग के कर्मचारी सुबह 10:30 बजे से शाम 4 बजे तक मौजूद रहेंगे।

## जाति नहीं आर्थिकता के आधार मिले आरक्षण : शक्ति चंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

शनिवार को इंदिरा मार्केट परिसर में सामान्य वर्ग कल्याण समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शक्ति चंद चौहान ने की।

उन्होंने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य सामान्य वर्ग के साथ हो रहे अन्याय यानी आरक्षण को खत्म करना है। उन्होंने कहा कि आरक्षण जातीय आधार पर नहीं बल्कि आर्थिकता के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जो आरक्षण दिया जा रहा है उसके आधार पर सामान्य वर्ग का अभ्यर्थी 90त्न अंक लाकर भी नौकरी प्राप्त नहीं कर पा रहा और 40 प्रतिशत वाला नौकरी प्राप्त कर रहा है। शक्ति चंद चौहान ने मौजूदा स्थिति पर पांच कश्ती को कहा कि जिस देश में 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाला डॉक्टर और इंजीनियर बन रहा है वह देश कहां तक तरक्की करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार को आरक्षण यदि देना ही है तो आर्थिकता के आधार पर दे ताकि एक गरीब तबले का इंसान तरक्की कर सके।



बैठक के दौरान मौजूद समिति के सदस्य।

- सामान्य वर्ग कल्याण समिति की बैठक में हुई विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

उन्होंने दूसरे मुद्दे पर चर्चा करते हुए बताया कि एट्रोसिटी एक्ट को कड़ी को नरम किया जाए ताकि कोई इंसान यदि जाति शुचक शब्दों का प्रयोग करता है तो उसे पर एकदम से एट्रोसिटी एक्ट न लगाया जाए छानबीन के उपरांत ही एट्रोसिटी लगाई जाए और सामान्य वर्ग आयोग भी गठित किया जाए। उन्होंने लोगों की सुरक्षा के लिए सुकेती और व्यास नदी का तटीकरण करने की मांग की है ताकि बरसात में मंडी वासी सुरक्षित रह सके।

## लड़कियों की शादी की उम्र 21 करने पर माकपा का विरोध

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

माकपा राज्य सम्मेलन में हिमाचल सरकार द्वारा लड़कियों की शादी की उम्र 18 से 21 करने करने के निर्णय का विरोध किया है और मांग की है कि शादी की उम्र 18 ही रहनी चाहिए। पार्टी राज्य कमेटी सदस्य एवं पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने बताया कि राज्य सम्मेलन में इस पर चर्चा के बाद निर्णय लिया है। बायोलॉजिकली और शारीरिक रूप में तथा क़ानूनी तौर पर भी 18 वर्ष की उम्र जब व्यस्क होने की है तो वो ही शादी के लिए सही उम्र है। इसलिए राज्य सरकार को इसे 18 वर्ष ही रहने देना चाहिए। शादी की उम्र बढ़ाने से सामाजिक तौर पर लैंगिक संबंधों में गैर कानूनी और अवैध संबंधों के मामले बढ़ेंगे। इसलिए सरकार को शादी की उम्र 18 वर्ष ही रहने देनी चाहिए।



भूपेंद्र सिंह।

**विरोध** सरदार पटेल विश्वविद्यालय की बिल्डिंग को सुंदरनगर महाविद्यालय को सौंपने का विरोध

## एबीवीपी ने एसपीयू में वित्त अधिकारी का किया घेराव

**अनंत ज्ञान, मंडी**

सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कैंपस में शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी इकाई द्वारा छात्रों की फीस वापसी को लेकर वित्त अधिकारी का घेराव किया।

अधिकारी के सामने न आने पर छात्र कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ खूब नारेबाजी की और मुर्दाबाद के नारे लगाए। एबीवीपी के स्कूल विभाग प्रदेश अध्यक्ष विशाल ठाकुर ने कहा कि सरदार पटेल विश्वविद्यालय में छात्रों से अनावश्यक रूप से दोबारा फीस ली गई थी जिसको लेकर विद्यार्थी परिषद ने इस अनावश्यक रूप से ली गई फीस को लेकर वित्त अधिकारी का घेराव किया।



एसपीयू में नारेबाजी करते हुए एबीवीपी के कार्यकर्ता।

छात्रों के अनुसार उन्होंने अपने दाखिले के साथ ही फीस दे दी थी परंतु विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों से दोबारा फीस लिया जाना न केवल अनैतिक है, बल्कि यह छात्रों पर आर्थिक दबाव भी बढ़ाता है। छात्रों ने वित्त अधिकारी से तुरंत फीस वापसी की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। विद्यार्थी परिषद नेचेतावनी दी कि छात्रों की मांगों को नहीं माना गया, तो आगामी दिनों में आंदोलन करेंगे। वहीं विशाल ने कहा कि रुसा के तहत सुंदरनगर में निर्मित भवन को एमएलएसएम कॉलेज को सौंपे जाने के फैसले के खिलाफ भी आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी इकाई द्वारा घेराव किया गया। छात्रों ने यह मांग की कि इस भवन का उपयोग सभी छात्रों के हित में और पारदर्शिता के साथ किया जाना चाहिए। यह भवन क्षेत्रीय विकास और उच्च शिक्षा में सुधार के लिए बनाया गया था और इसका उपयोग क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए।

## कन्या स्कूल जोगिंद्रनगर की नैंसी का नेशनल कबड्डी में चयन

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर ने उत्कृष्ट उपलब्धियों से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस बार कबड्डी खिलाड़ी नैंसी का चयन -19 नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। नैंसी हिमाचल प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए हरियाणा के भिलाई में 7 से 12 दिसंबर तक आयोजित होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भाग लेंगी।

टूर्नामेंट से पहले नैंसी 1 दिसंबर से 5 दिसंबर तक गुरु नानक पब्लिक स्कूल, जगतखाना सोलन में आयोजित कोचिंग कैंप में अपनी तैयारी को अंतिम रूप देंगी।



कोच के साथ नैंसी।

प्रधानाचार्य डॉ. सुनील ठाकुर ने बताया कि नैंसी ने पिछले वर्ष भी राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया था। नैंसी जोगिंद्रनगर के जिमजिमा गांव की निवासी हैं। उनके पिता पेशे से ड्राइवर हैं, जबकि उनकी माता गृहणी हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### भलौण स्कूल का वार्षिक समारोह आयोजित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भलौण में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी राजेश शर्मा व उनके भाई नरेंद्र वशिष्ठ उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों व स्कूल को भेंट स्वरूप 51000 रुपए दिए व स्कूल के सभी बच्चों के लिए ट्रैक सूट देने का वादा किया। बच्चों ने भी देशभक्ति से भरे रंगारंग कार्यक्रम पेश कर अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत प्रस्तुत की। इस मौके पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य जगदीश धीमान, प्रकाश चंद्र वर्मा, प्रधानाचार्य चौकी मनियार पाठशाला मनोहर लाल, मुख्य अध्यापक अश्विनी कुमार, राजकुमार, अमर सिंह व स्टाफ ने उपस्थिति दर्ज कराकर समारोह को सफल बनाया।

### विश्व एड्स दिवस पर फैलाई जागरूकता




**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी बाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में रेड रिबन क्लब, एनएसएस इकाई, एनसीसी और रोवर रेंजर इकाई के तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एड्स (एचआईवी) के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को इस जानलेवा बीमारी से बचाव के उपायों से अवगत कराना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. प्रो. रेखा शर्मा थीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता रेड रिबन क्लब की नोडल ऑफिसर प्रो. किरण कुमारी और एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों ने रेडक्रॉस रिब्बन बनाकर एड्स जागरूकता का संदेश दिया। इसके बाद, छात्रों ने एक विशाल रैली निकाली, जिस दौरान लोगों को एड्स से बचने के उपायों के बारे में बताया।

# ऊना जिले में आलू की बंपर फसल से किसानों की पौ-बारह, खिले चेहरे

## इस वर्ष जिले में लगभग करीब 28 हजार मीट्रिक टन आलू उत्पादन का अनुमान, देशभर में बढ़ी मांग

**राजेश शर्मा, ऊना**

आलू की बंपर फसल और अच्छे दामों से ऊना जिले के किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर है। इस वर्ष जिले में लगभग 28 हजार मीट्रिक टन आलू उत्पादन का अनुमान है। किसानों को इसकी 2200 से 2800 रुपए प्रति क्विंटल की कीमत मिल रही है।

खरीफ की इस आलू फसल में क्षेत्र में पुखराज आलू किस्म का बीज उगाया गया है, जो अधिकतम पैदावार देता है। इसके अलावा ऊना में रबी सीजन में भी आलू की फसल लगभग 1200 हेक्टेयर पर बोई जाती है, जिसकी औसत पैदावार लगभग 250 क्विंटल प्रति हेक्टेयर रहती है।

कृषि विभाग के उपनिदेशक कुलभूषण धीमान के अनुसार इस वर्ष 1800 हेक्टेयर क्षेत्र में आलू की बुवाई की गई है और अब फसल निकालने का काम जोरों-शोरों से जारी है। ऊना जिले का आलू न केवल हिमाचल की मंडियों में, बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों में भी भेजा जाता है और इसकी


आलू की फसल को खेतों में पैक करते व्यापारी एवं किसान।

गुणवत्ता के कारण मांग लगातार बढ़ रही है। उल्लेखनीय है कि ऊना जिला आलू फसल की बड़े पैमाने पर बुवाई और अच्छे स्तर पर पैदावार करने के लिए पूरे प्रदेश में अलग पहचान रखता है। ऊना का आलू काफी मशहूर है जोकि हिमाचल की मंडियों के साथ-साथ देश की विभिन्न मंडियों में बिक्री के लिए भेजा जाता है।

**बढ़िया दाम से चहके किसान :** ऊना के लोअर बढ़ेड़ा के किसान संजीव कुमार ने 120 कनाल में आलू की फसल उगाई है। उनका कहना है कि इस वर्ष उन्हें आलू के अच्छे दाम मिले हैं और व्यापारियों द्वारा उनकी फसल सीधे खेत से खरीदी जा रही है, जिससे उन्हें अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ रही। इसके अलावा कृषि विभाग के अधिकारी भी समय-समय पर खेतों में आकर फसल की देखभाल और कीट-रोगों से बचने के उपायों के बारे में जानकारी देते रहतेहैं।

वहीं, जालंधर के व्यापारी विजय कुमार ने बताया ऊना का आलू दिल्ली, जयपुर, मथुरा, यूपी सहित अन्य राज्यों में बेचा जाता है क्योंकि ऊना जिले के आलू की बाहरी राज्यों में मांग बढ़ती ही जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### आलू आधारित आर्थिकी की मजबूती के लिए प्रतिबद्ध सरकार

हिमाचल सरकार भी इस सफलता को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने और समृद्ध किसान एवं आत्मनिर्भर हिमाचल बनाने के लिए निर्णायक कदम उठाए हैं। वहीं, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आलू आधारित आर्थिकी को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन को एक मजबूत योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उनका कहना है कि जैसे प्रदेश में सेब आधारित आर्थिकी में सफलता मिली है, वैसे ही ऊना में आलू आधारित आर्थिकी के लिए भी अपार संभावनाएं हैं। इस दिशा में आलू के उत्पादन और विपणन के लिए एक सशक्त व्यवस्था बनाई जाएगी, ताकि किसानों की मेहनत का सही मूल्य मिल सके और उन्हें किसी भी धोखाधड़ी से बचाया जा सके।

## शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों में हिस्सा लें छात्र, ताकि जीवन बने सार्थक : विवेक


विधायक विवेक शर्मा मेधावी छात्रों के साथ।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंदली में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जिनका जोरदार स्वागत किया गया।

मुख्यातिथि ने कहा कि युवा पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि जीवन सार्थक बन सके। वहीं, मंच से भारतीय सेना में शहादत देने वाले शौर्य चक्र विजेता शहीद भूपेंद्र सिंह और सिपाही रंजीत सिंह के साथ हाल ही में अपनी शहादत देने वाले शहीद दिलवर खान के परिवारों को मंच पर मुख्यातिथि ने सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र चौहान ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह के दौरान मेधावियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### आर्मी ग्राउंड से ट्रक उड़ा ले गया वाहन चोर गिरोह

**गगरेट।** स्थानीय एसडीएम कार्यालय के साथ सटे हुए आर्मी ग्राउंड से वाहन चोर गिरोह एक ट्रक को उड़ा ले गया। हैरत की बात यह है कि ट्रक मालिक का घर भी आर्मी ग्राउंड के साथ सटा है, लेकिन सुबह छह बजे हुई इस चोरी का पता ट्रक मालिक को रात नौ बजे लगा। ट्रक में लगा जीपीएस सिस्टम जालंधर तक तो चालू रहा लेकिन उसके बाद बंद हो गया। ट्रक मालिक की शिकायत पर गगरेट पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सुदामा के चरित्र के सुंदर वर्णन ने भाव-विभोर किए श्रद्धालु


राधे-राधे कीर्तन मंडली के सौजन्य से चल रही श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करते श्रद्धालु।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राधे-राधे कीर्तन मंडली के सौजन्य से चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन वृंदावन से आए कथा व्यास आचार्य मोहन श्याम महाराज ने सुदामा चरित्र का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। इस कथा को सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो गए।

कथाव्यास आचार्य मोहन श्याम महाराज ने सुदामा और भगवान श्री कृष्ण की मित्रता को विस्तार से प्रस्तुत करते हुए बताया कि सच्ची मित्रता वही होती है, जो स्वार्थ से परे हो। उन्होंने कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्री कृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही उसकी मदद कर दे। इस मौके पर किरण राणा, रमा अरोड़ा, मोनिका बाली, रेखा, रितु पुरी, शशि, बलिंदर शर्मा, प्रदीप राणा, राजीव बाली, राकेश अरोड़ा, रविंदर आदि उपस्थित थ।

## टीबी उन्मूलन के लिए 7 दिसंबर से विशेष अभियान




**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि ऊना जिले में 7 दिसंबर से टीबी (क्षय रोग) उन्मूलन के लिए 100 दिन का व्यापक अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य टीबी की पहचान, निदान और उपचार को सुनिश्चित करना तथा समुदाय में जागरूकता फैलाना है।

उन्होंने सीएमओ सभागार में आयोजित जिला क्षय रोग उन्मूलन समिति की बैठक के उपरांत यह जानकारी दी। उपायुक्त ने बताया कि अभियान में आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर जाकर टीबी के लक्षणों की पहचान की जाएगी। लक्षण पाए जाने पर तुरंत जांच एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), औद्योगिक प्रतिष्ठानों, और सभी नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया है। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.के. वर्मा, टीबी निवारण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. विशाल ठाकुर और अन्य संबंधित अधिकारी तथा समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## मुबारिकपुर स्कूल में सम्मानित किए मेधावी छात्र

**सुदीप सरोच, मुबारिकपुर**

पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुबारिकपुर में शनिवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम में हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के रूप मे गगरेट विस क्षेत्र के विधायक राकेश कालिया ने शिरकत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य दिलबाग सिंह राणा ने की। समारोह की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् एवं मां सरस्वती के चरणों मे दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ व अन्य गणमान्यों ने मुख्य अतिथि को पगड़ी शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया, तत्पश्चात प्रधानाचार्य दिलबाग सिंह राणा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करके विद्यालय की पढ़ाई, खेल एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में विद्यालय की उपलब्धियों को गिनाया। इस अवसर पर जहां होनहार


विधायक राकेश कालिया स्कूल प्रबंधकों और स्टाफ के साथ।

विद्यार्थियों पर पुरस्कार बरसे, वहीं विद्यार्थियों ने नाटी, पंजाबी भांगड़ा, देश भक्ति नृत्य, मन के हारे हार, मन के जीते जीत, राम भरत मिलाप, यादों की बारात जैसे मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि मुबारिकपुर स्कूल में गुणात्मक शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास पर बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो बच्चा अनुशासन में रहता है, वह ही आगे बढ़ सकता है। मुख्यातिथि ने बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें देश का भविष्य बताया और मन लगाकर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। एनुअल फंक्शन में खेलकूद प्रतियोगिता तथा पढ़ाई में अव्वल रहे विद्यार्थियों की प्रशंसा की।

उन्होंने बच्चों द्वारा लगाई गई साइंस प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाले बच्चों को पांच हजार रुपए देने की घोषणा की।

**ये रहे उपस्थित :** इस मौके पर जिला शिक्षा उपनिदेशक एलिमेंटरी सोम नाथ, सुरिंदर, वेद पराशर, स्कूल उपप्रधानाचार्य सतनाम कौर, राजीव कुमार, अशोक कुमार, पूनम मिन्हास, रेणु शर्मा, विमल, शुभी, बंदना, अलका, तरुण, राज कुमार, अंजू शर्मा, बंदना कौंडल, सोनिया, मधु वाला, अरविंद, गीतिका, रूपा, सुरिंद्र, सपना, कुसुम, कमलेश, मनदीप, रेखा देवी, शशिकांत, अविनाश, बिंदु, सीमा, अनीता, आशा, पवना, रजनी, सुदेश, कंचन, शारदा तथा अभिभावक सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### इन्हें मिला सम्मान

विद्यालय का नाम पढ़ाई, खेल एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में नाम रोशन करने पर सैषा शर्मा, प्रीनिता बंसल, आदित्या, महक, अरमान, कनिका, कार्तिक, अंवेशा, नव ठाकुर, रूबी, जयंत, संगम, तुषार, कुनाल, जेष्ठा, नाजिया बेगम, साक्षी, अभी, सरोज, अंकिता, विवेक, रिजू, निहारिका, स्नेहा, अंकुश, आकाश, आर्यन, राधिका, उत्कर्ष, संचित, केतन, नंदनी, राधिका, सेहज इत्यादि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गय

## सुखदेव सिंह परमार सर्वसम्मति से चुने रायपुर सहकारी सभा के अध्यक्ष


नवनिर्वाचित अध्यक्ष कार्यकारिणी के साथ।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा क्षेत्र की द रायपुर को-ऑपरेटिव सोसायटी रायपुर मैदान में शनिवार को कमेटी का चुनाव घोषित किया गया था। सभा समिति के सचिव जीवन लाल ने बताया कि सभी खाता धारकों को सभा समिति के प्रांगण में अपनी-अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का निमंत्रण दिया गया था।

इसमें सभी खाता धारकों ने सर्वसम्मति से सुखदेव सिंह परमार को अध्यक्ष पद के लिए चयनित किया गया। इसमें सभी सदस्यों को अपनी-अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। सुखदेव सिंह परमार ने अध्यक्ष चुने जाने पर सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा बताया कि जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है, उस पर पूरा खरा उतरने की हरसंभव कोशिश करूंगा और सोसायटी रायपुर के लिए और आगे बढ़ाने में मदद करूंगा।

इस कमेटी में सुखदेव सिंह परमार को अध्यक्ष,चरण सिंह को उपाध्यक्ष तथा सदस्यों में ठाकुर बलवीर सिंह कोलका, राज कुमार, उज्वल सिंह परमार, विजय शर्मा सहित अन्य सदस्यों को चुना गया।

## मुकेश होंगे ऊना में 'ईट राइट मेला' के मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना में पहली दिसंबर को होने जा रहे 'ईट राइट मेला' में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वह अपराह्न 10 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र पाठशाला ऊना के प्रांगण में सजे इस मेले का उद्घाटन करेंगे। मेले का मुख्य उद्देश्य जनता को पौष्टिक आहार, स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली और सही खानपान के प्रति जागरूक करना है।

उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि मेले में स्वास्थ्यवर्धक भोजन के साथ स्वाद और पोषण के महत्व को उजागर करने के लिए सभी विभागों को



आकर्षक और जानकारीपूर्ण स्टॉल लगाएंगे। हर स्टॉल पर स्वास्थ्य के लिए लाभदायक और रुचिकर चीजें प्रदर्शित की जाएंगी, ताकि लोगों में सही और

**मेले का मुख्य उद्देश्य जनता को पौष्टिक आहार स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली और सही खानपान के प्रति जागरूक करना है**

सेहतमंद खानपान के प्रति जागरूकता और रुचि विकसित हो। वहीं, मेले में खेल गतिविधियों के आयोजन के साथ विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान लगभग 15 प्रकार की गतिविधियां और प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी।

**पारंपरिक व्यंजनों के स्वाद के साथ गुड़ की चाय की चुस्की :** जतिन लाल ने बताया कि पारंपरिक व्यंजनों और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए मेले में विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे। हिमाचल के पारंपरिक व्यंजनों का एक अलग स्टॉल होगा, जहां केवल स्वास्थ्यवर्धक और पौष्टिक डिशेज पेश की जाएंगी। इसमें तले-भुने, सफेद चीनी और मैदे से बने उत्पादों को शामिल नहीं किया जाएगा। मेले में लोग गुड़ की चाय की चुस्की भी ले सकेंगे। इसके साथ ही गाय, भैंस और बकरी के दूध, दही, पनीर और अन्य डेयरी उत्पाद उपलब्ध होंगे। इसके अलावा, केमिकल मुक्त प्राकृतिक खेती उत्पादों और आयुर्वेदिक उत्पादों को जीवनशैली में शामिल करने के उपाय और फायदे भी समझाए जाएंगे। ऊना में उगने वाले विभिन्न प्रकार के फलों और उनसे तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी भी मेले का हिस्सा होगी, जहां इनसे संबंधित जानकारियां साझा की जाएंगी।

**मेले में होगी बेस्ट शेफ प्रतियोगिता :** मेले में बेस्ट शेफ प्रतियोगिता का आयोजन एक खास आकर्षण होगा। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी मौके पर ही अपनी डिश तैयार करेंगे, जिसके आधार पर सबसे उत्कृष्ट शेफ को चुना जाएगा और सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही मेले में लगाए गए स्टॉल्स को भी उनकी रचनात्मकता, प्रस्तुति और गुणवत्ता के आधार पर आंका जाएगा। सबसे बेहतरीन स्टॉल और शानदार उत्पाद प्रस्तुत करने वालों को भी पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाएगा।

### मेले में लगेंगे 30 स्टॉल

उपायुक्त ने बताया कि स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थों के प्रदर्शन और प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूल मैदान में 30 आकर्षक स्टॉल और प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। इन स्टॉल्स के माध्यम से लोगों को पौष्टिक भोजन की आदतें अपनाने और सही आहार के महत्व को समझाने का प्रयास किया जाएगा। इन स्टॉल्स में कृषि, बागवानी, पशुपालन, आयुर्वेद, डीआरडीए और खाद्य आपूर्ति विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग भाग लेंगे, साथ ही, स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए स्थानीय खाद्य पदार्थ, जैविक उत्पाद और पारंपरिक व्यंजन भी प्रदर्शित किए जाएंगे।




## हरोली पुलिस ने 3 लोगों के गुम हुए मोबाइल लौटाए

**हरोली।** पुलिस थाना हरोली की टीम अपराधियों की धरपकड़ के साथ-साथ आम जनता की मदद करने में भी अग्रसर रही है। नवंबर महीने में तीन व्यक्तियों को उनके गुम हुए फोन ट्रेस करके उपलब्ध करवाए गए हैं। इनको पुलिस ने बाहरी राज्यों से बरामद करवा कर शिकायतकर्ताओं को वापस किया है, जिनकी कीमत लगभग 1 लाख के आसपास बनती है।

इस वर्ष लगभग हरोली पुलिस ने अभी तक 4 से 5 लाख तक की कीमत के मोबाइल फोन ट्रेस किए हैं जिनको शिकायतजनों को वापस किया गया है।


मालिक को मोबाइल सौंपती हरोली की पुलिस टीम।

**सहायता** अमेदिनी राशन वितरण प्रकल्प के तहत पात्र महिलाओं को मिली मदद

## विधवाओं को 1.26 लाख का निशुल्क राशन वितरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमोत्कर्ष अमोदनी राशन वितरण प्रकल्प के तहत मेहनतकश पात्र महिलाओं को सुविधा पैलेस होटल में राशन वितरण किया गया। कार्यक्रम में 56 पात्र विधवा महिलाओं को 1,26,000 रुपए का निशुल्क राशन वितरित किया गया। वहीं, कार्यक्रम में संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान की 34 छात्राओं को सफलतापूर्वक व्यवसायिक शिक्षा पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं समाजसेवी अथर्व चड्डा उपस्थित हुए, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रोमिता चड्डा, डॉ. राजिंद्र शर्मा व जिला परिषद उपाध्यक्ष कृष्णपाल शर्मा ने शिरकत की।

इस अवसर पर मुख्यातिथि अथर्व चड्डा ने कहा कि समाज के साधन संपन्न लोगों को जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। इससे समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ने का समान अवसर मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि हिमोत्कर्ष संस्था लंबे अर्से से समाजसेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। परिषद के संस्थापक कंवर हरि सिंह ने लोगों को समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य करने की प्रेरणा दी तथा उनके


मुख्य अतिथि के साथ पात्र परिवारों की महिलाएं

दिखाए मार्ग पर चलकर अब ऊना जिले में भी अनेक संस्थाएं समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार के क्षेत्र में स्थापित करने के लिए उच्च शिक्षा व व्यवसायिक शिक्षा बेहद जरूरी है। व्यवसायिक कुशलता प्राप्त कर महिलाएं स्वावलंबी जीवन जी सकती हैं, वहीं परिवार के आर्थिक व सामाजिक उत्थान में भी भागीदार बन सकती है।

वहीं, हिमोत्कर्ष प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर ने बताया कि परिषद द्वारा 2013 से अमोदनी राशन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें एक वर्ष के लिए महिलाओं का चयन होता है, अभी तक 600 से अधिक महिलाओं को 50 लाख रुपए की राशन सामग्री व अन्य मदद इस प्रकल्प के तहत दानवीर सहयोगियों की मदद से दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 56 ऐसी महिलाओं को चयनित किया गया है। उन्होंने परिषद की अन्य सामाजिक गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि परिषद द्वारा संचालित महिला प्रशिक्षण संस्थान छात्राओं को कटिंग टेलरिंग, फैशन डिजाइनिंग व ब्यूटी कल्चर हॉबी कोर्सिज में प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार में स्थापित होने में मददगार साबित हो रहा है। परिषद द्वारा जरूरतमंद रोगियों के लिए सस्ती दरों पर ऊना में एंबुलेंस सुविधा भी शुरू की गई है। इसके अलावा मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति तथा शिक्षा पूर्ण करने के लिए फीस में भी सहयोग किया जाता है। परिषद द्वारा जरूरतमंद रोगियों के उपचार में भी मदद प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अथर्व चड्डा को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में हिमोत्कर्ष महासचिव डॉ. रविंद्र सूद, ठाकुर यशपाल सिंह, नरेश सैणी, कर्णपाल मनकोटिया, जय गोपाल शर्मा, योगेश कौशल, ज्ञान सिंह, केपी सूद, अशोक ऐरी, दीपशिखा कौशल, डॉ. रामनारायण प्रभाकर, शेषपाल सिंह, विजय साहनी, नरेंद्रजीत सिंह राणा, सुरेश कुमार शर्मा, सुरेश शर्मा, अजय ठाकुर, पूजा कपिला, अनूपा ठाकुर, सुलोचना ठाकुर, सुमन पुरी, रमा कंवर, मंजू मनकोटिया, मनीषि ठाकुर, मुनिंद्र अरोड़ा, सुधीर चौधरी, मणि कुमार, रंजू, मीना ठाकुर, सोनिया व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### इन्हें मिले प्रमाण पत्र

हिमोत्कर्ष प्रशिक्षण संस्थान की फैशन डिजाइनिंग ट्रेड की छात्रा संगीता देवी, सुमन देवी, नेहा, शालू देवी, अनिता कुमारी, मनप्रीत कौर, निशा, मीना, नीता कुमारी, चाहत, सोनाली, प्रिया, परीक्षा, अंजली, गगनदीप कौर, दीक्षा, शिवानी व दिव्या शर्मा, ब्यूटी कल्चर ट्रेड की छात्रा शायना शर्मा, शालिनी, लवलीन, भारती, नेहा, मनप्रीत कौर, अंजली, नेहा, हिमानी, दीक्षा, पायल तथा कटिंग टेलरिंग ट्रेड की छात्रा स्मृति, सुहानी, कोमल चौधरी, सिमरन शर्मा व खुशी सैनी को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने पर हिमोत्कर्ष प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



## बर्फ के दीदार का खत्म हुआ इंतजार...



पर्यटन स्थल रोहतांग में शनिवार को बर्फ के फाहे गिरने पर खुशी से झूमते पर्यटक।

# चरस व चिट्टे के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

## मणिकर्ण घाटी के ढूंखरा में 138 ग्राम चरस व भुंतर में 7.39 ग्राम चिट्टे के साथ दो पकड़े

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में चरस व चिट्टे के साथ 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में मणिकर्ण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी जरी की टीम ने ढूंखरा में एक युवक से 138 ग्राम चरस बरामद की है।

पुलिस की जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम जब ढूंखरा में गश्त पर थी, तो उस समय एक युवक की शक के आधार पर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से 138 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने चरस सहित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक की पहचान अनुराग (22) पुत्र अनिल सिंह निवासी डी-ब्लॉक, गली नंबर-3, मकान नंबर-133, संगम विहार, हमदर्द नगर साऊथ दिल्ली के रूप में की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर





पारला भुंतर में चिट्टे के साथ गिरफ्तार किए गए आरोपी पुलिस गिरफ्त में (दाएं) चरस के साथ पकड़ा आरोपी।

उसके खिलाफ पुलिस थाना मणिकर्ण में धारा-20 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच जारी है। वहीं, दूसरे मामले में भुंतर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान नशे के 2 सौदागरों को 7.39 ग्राम चिट्टे और 12500 रुपए की नकदी के साथ काबू किया है। पुलिस की जानकारी के अनुसार थाना भुंतर की टीम ने यातायात चैकिंग के दौरान पारला भुंतर में एक निजी होटल के समीप एक गाड़ी नंबर एचपी 34 डी-8421 को चैकिंग के लिए रोका। चैकिंग के दौरान वाहन में सवार दो युवकों के कब्जे से 7.39 ग्राम चिट्टे और 12500 रुपए की नकदी बरामद हुई।

पुलिस ने चिट्टे व नकदी के साथ दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और वाहन को भी कब्जे में ले लिया है। ये दोनों चिट्टे के मुख्य सप्लायर बताए जा रहे हैं। आरोपियों की पहचान शिवा शर्मा (39) पुत्र संजय शर्मा निवासी वार्ड नंबर-7 पारला भुंतर व अमरजोत सिंह (39) पुत्र स्वर्गीय हकम सिंह निवासी मकान नंबर-105, प्रताप नगर संगरूर पंजाब के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार अमरजोत पारला भुंतर के शिवा को नशे की सप्लाई करने आल्टो कार में आया था। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान दोनों को चिट्टे और नकदी के साथ दबोच लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार को भी जब्त कर लिया है। बताया गया है कि पारला भुंतर में रहने वाला शिवा शर्मा चिट्टे को परचून में बेचने का काम करते हैं।

यह आरोपी पहले भी कई बार नशा तस्करी के मामलों में जेल जा चुका है। वहीं, थाना प्रभारी भुंतर रामलाल ठाकुर ने कहा कि नशा तस्करी में संलिप्त किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने दोनों मामलों की पुष्टि करते हुए बताया कि चिट्टे व चरस के साथ गिरफ्तार तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है और आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया भी जारी है। नशा तस्करी में संलिप्त आरोपियों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा।

## बैठक में नहीं आ रहे वॉलंटियर्स के नाम फाइनल लिस्ट से कटे

**कुल्लू।** एसएसबी प्रशिक्षित स्वयंसेवी संघ की बैठक 2 दिसंबर को ढालपुर कुल्लू में होगी। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष प्रेम राणा करेंगे, जबकि बैठक में विशेष रूप से राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चेयरमैन प्रीतम ठाकुर भी मौजूद रहेंगे। जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह राणा ने बताया कि बैठक में गुरिल्लाओं की विभिन्न मांगों व समस्याओं पर चर्चा के साथ ही फाइनल लिस्ट में शामिल नामों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 27 नवंबर को हमारे केस की सुनवाई होनी थी, लेकिन वकील की फीस पूरी नहीं होने के कारण हमें यह तारीख स्थगित करनी पड़ी। अब 10 दिसंबर की बहस की तारीख पड़ी है, अगर अब भी फीस पूरी नहीं हुई, तो सुनवाई नहीं होगी और केस डिसमिस हो जाएगा। प्रेम राणा ने कहा कि जो भी बैठक में उपस्थित नहीं हो और न ही फीस दे रहे ऐसे 300 वॉलंटियर्स के नाम हमने काट दिए हैं और अब ऑल इंडिया की नई लिस्ट तैयार की है। उन्होंने संघ से जुड़े सभी सदस्यों से अपील की है कि सभी बैठक में आकर फाइनली अपना नाम चेक करें। यदि किसी का नाम सूची में शामिल नहीं होगा, तो बाद में हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। संघ के सभी सदस्यों का इस बैठक में उपस्थित होना अनिवार्य है, जो भी सदस्य अनुपस्थित रहेंगे संगठन के नियमानुसार उन पर सख्त कार्रवाई होगी और सूची में भी उनका नाम शामिल नहीं होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बंजार में निकाली एड्स जागरूकता रैली



**बंजार।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. श्रवण कुमार नोडल अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति, जिसमें सर्वप्रथम इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा कॉलेज परिसर से बंजार के पुराना बस स्टैंड होते हुए एड्स जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें स्वयंसेवियों ने एड्स जागरूकता व बचाव से संबंधित नारों के माध्यम से बंजार क्षेत्र के आम जनमानस को जागरूक किया। इस अवसर पर स्वयंसेवी ललित ने पुराने बस स्टैंड में सार्वजनिक संबोधन कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि स्वयंसेवी ज्योति और घनेशवरी ने एड्स से बचाव विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके पश्चात यह रैली बंजार बाजार के मध्य से होते हुए कॉलेज परिसर आकर संपन्न हुई। इस कार्यक्रम के माध्यम से इकाई द्वारा संपूर्ण बंजार क्षेत्र की जनता को एड्स की गंभीरता तथा असाध्यता से अवगत करवाया।

### खनाग स्कूल में नवाजे होनहार विद्यार्थी



**आनी।** सीसे स्कूल खनाग में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर खनाग पंचायत की प्रधान मोहर दासी बतौर मुख्यातिथि और लझेरी पंचायत के उपप्रधान प्रताप ठाकुर बतौर विशिष्टातिथि के रूप में मौजूद रहे। मोहर दासी और प्रताप ठाकुर ने इस अवसर पर खनाग स्कूल के मेधावियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार, एसएमसी के अध्यक्ष श्भगवान सिंह ठाकुर, स्कूल संरक्षक बेलीराम ठाकुर, पंचायत खनाग के उपप्रधान ताराचंद ठाकुर सहित अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बांधा। इस समारोह में पंचायत लझेरी और खनाग के सभी वार्ड सदस्यों, एसएमसी के सदस्यों सहित स्कूल के शिक्षक मदन लाल, प्रबल सिंह, शारिरिक शिक्षक रविंद्र कुमार, अनिल जगी आदि उपस्थित रहे।



**ढालपुर मैदान में रफ्तार का रोमांच**

तीन दिवसीय कुल्लू फेस्टिवल ऑफ स्पीड ऑटो क्रॉस रैली में देशभर के राइडर सर्पीले सर्कल में बाइक दौड़ाते हुए।

### कुल्लू में सर्दियों की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित, एडीएम ने की अध्यक्षता, कहा-

# विभाग बेहतर इंतजाम के लिए हो जाएं तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू में सर्दियों की तैयारियों को लेकर अतरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार ने बहुउद्देशीय भवन में आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा इस संबंध में की गई तैयारियों की जानकारी एवं भविष्य में किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा की।

इस संबंध में बिंदुवार एजेंडे पर चर्चा करते हुए उन्होंने विभिन्न संबंधित विभागों से जानकारी प्राप्त की तथा उचित दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सर्दियों के मौसम में जहां जहां विभिन्न क्षेत्रों में बर्फबारी के कारण सड़कें अवरुद्ध हो जाती हैं। वहां, लोक निर्माण विभाग समय रहते जेसीबी और अन्य मशीनों को तैयार रखें। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि विभिन्न क्षेत्रों में जहां सड़कों के



सर्दियों की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते एडीएम कुल्लू।

अवरुद्ध होने की संभावना रहती है, वहां मशीनरी का इंतजाम कर दिया गया है और निजी ठेकेदारों से भी मशीनरी हायर की जाती है।

उन्होंने विभाग को निर्देश दिए कि दो, तीन दिनों से अधिक सड़क बंद न रहे। वहीं, जल शक्ति विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि सर्दियों के मौसम में पेयजल व्यवस्था सुचारु रखने के इंतजाम किए गए हैं और पाइप लाइन के टूटने की स्थिति में पाइपों का आवश्यक भंडारण भी कर लिया गया है। जल भंडारण टैंको की सफाई कर दी गई है। बिजली विभाग की तरफ से यह जानकारी दी गई कि सभी लाइनों का निरीक्षण किया गया है और लाइनों के साथ लगते पेड़ों की प्रूनिंग एवं आवश्यक काट-छांट का कार्य किया जा रहा है।

एसडीएम ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जोखिम वाले पेड़ों की काट-छांट पहले ही कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से यह जानकारी दी गई कि किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए आवश्यक दवाओं का भंडारण कर लिया गया है और आवश्यकता पड़ने पर और भी आपूर्ति की व्यवस्था की जाएगी। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि आवश्यकता के मुताबिक राशन एवं केरोसिन का भंडारण कर लिया गया है। उन्होंने लोक निर्माण को विभागीय वाहनों को बर्फ हटाने के कार्य के लिए तैनात करने के भी निर्देश दिए और सभी विभागों के विभागीय भी वाहनों को दुरुस्त रखने और केंद्रों की स्टोरेज आदि करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आपदा की स्थिति में जिला आपात ऑपरेशन केंद्र के टोल फ्री संख्या 1077 तथा 112 सीएम हेल्पलाइन पर सूचित करें और निर्देश दिए कि जिला आपदा प्रबंधन अभिकरण कुल्लू को सभी नोडल अधिकारियों के संपर्क नंबर भी जिला आपदा प्रबंधन को उपलब्ध करवाए जाएं।

# भाषण प्रतियोगिता में निखिल प्रथम और रजनी रही द्वितीय

**अनंत ज्ञान, बंजार**



राजकीय महाविद्यालय बंजार में रेड रिबन तथा रोवर्स एंड रेंजर्स इकाई क्लब द्वारा संयुक्त रूप से एड्स जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि डॉक्टर रेनुका थपलियाल रहीं। एक दिसंबर को रविवार होने के कारण, छात्रों ने शनिवार को एड्स जागरूकता अभियान चलाया, जिसमें भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन, और पोस्टर के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। प्रतिभागियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों, जिसमें भाषण प्रतियोगिता में निखिल (बीए तृतीय वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, रजनी (बीए द्वितीय वर्ष) ने द्वितीय स्थान, अर्चना (बीए तृतीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, नारा लेखन में मोना (बीए तृतीय वर्ष) ने प्रथम स्थान, सत्येंद्र (बीए प्रथम वर्ष) ने द्वितीय स्थान, टारना (बीए तृतीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके इलावा पोस्टर मेकिंग में टारना ने प्रथम स्थान, अश्विनी (बीए तृतीय वर्ष) ने द्वितीय स्थान व मोना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अभियान समारोह में मुख्यातिथि डॉक्टर रेनुका थपलियाल ने छात्रों को संबोधित कर उनके सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और समाज को जागरूक करने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया।

# आज गुशैनी फीडर के अंतर्गत बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बिजली उपमंडल बंजार के अंतर्गत 11 केवी गुशैणी फीडर की आवश्यक मरम्मत और रखरखाव व बिजली लाइन के साथ लगते पेड़ों की कांट-छांट के कार्य के लिए रविवार को बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

गुशैणी फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों पलाच, होर्नगाड, देहुरी, कलवारी, रंबी, श्रीकोट, शपनिल, शाईरोपा, बशीर, गुशैणी, तिंदर, बंदल, शरची, चिपनी, बठाहड़ व आसपास के क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति सबुह 9:30 से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी। बिजली बोर्ड ने इस असुविधा के लिए समस्त जनता से सहयोग की अपेक्षा की है।

## 3 दिसंबर से इन क्षेत्रों में बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

बिजली उपमंडल कटराई के सहायक अभियंता जितेंद्र ठाकुर ने कहा कि 33/11 केवी सब स्टेशन नग्गर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में तीन दिसंबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

उन्होंने बताया कि 11 33/11 केवी सब स्टेशन नग्गर के अंतर्गत आने वाले रायसन फीडर की आवश्यक मरम्मत और रख-रखाव के कारण फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों पतलीकूहल, कटराईं, बशकोला, बाड़ी, जौंग, छानी, दुआडा व आसपास के लगते क्षेत्रों में 3 दिसंबर को सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके साथ ही 11 केवी रायसन फीडर की आवश्यक मरम्मत और रखरखाव के कारण फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों डोभी, झाकड़ी, खड़िहार, मेहा, फोजल, धारा, नेरी, काथी, कुकड़ी, डोहलूनाला व आसपास के लगते क्षेत्रों में 4 को सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके अगले दिन




5 को 11 केवी बड़ाग्रां फीडर की आवश्यक मरम्मत और रखरखाव के कारण 14 मील से 18 मील, रामपुर, कशेरी, ब्राण, रियाड़ा, शांगचर, जैंडी, बड़ाग्रां, पनगां, हलाण-2 व आसपास के लगते क्षेत्रों में सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 6 को 11 केवी नग्गर फीडर की आवश्यक मरम्मत और रख-रखाव के कारण फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों रायसन, छाटनसेरी, शिरड़, बैंची, मालीपत्थर, बागा, कराल, हिमरी, जलौर, नांगाबाग व आसपास के लगते क्षेत्रो में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता जितेंद्र ठाकुर ने कहा कि विपरित मौसम व बारिश होने के कारण यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से इस दौरान सहयोग करने का अनुरोध किया।

## राजेंद्र कुमार बने अध्यक्ष, उत्तम सागर महामंत्री

**आनी।** भाजपा मंडल आनी के देवरी (72) बूथ की बैठक बूथ प्रभारी शारदा देवी और ग्राम केंद्र प्रमुख दिनेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में देवरी बूथ की भाजपा की बूथ स्तर की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया, जिसमें राजेंद्र कुमार बूथ अध्यक्ष और उत्तम सागर को महामंत्री चुना गया। प्रवीण लता, शेर सिंह, सपना देवी, अंकुर ठाकुर, अनिकेत कश्यप, राधा देवी, किशोरी लाल, प्रवीण कुमार और राजेंद्र कुमार को भी बूथ स्तर के विभिन्न जिम्मेदारी भरे पदों पर चुना गया। राजेंद्र कुमार ने सभी उपस्थित लोगों का आभार जताते हुए कहा कि वे अपने बूथ को हर हाल में सबसे मजबूत बनाने के लिए प्रयासरत रहेंगे।






**परेशानी** 17 किलोमीटर दूर आनी अस्पताल पहुंचकर करवा रहे इलाज

# दुर्गम स्वास्थ्य उपकेंद्र लढागी में दो माह से लटका ताला, जनता परेशान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

आनी के दुर्गम इलाकों में लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई स्वास्थ्य केंद्रों में ताला लटका है, तो कहीं दवाइयां नहीं हैं। ऐसा ही एक ज्वलंत उदाहरण है आनी की दुर्गम पंचायत लफाली के लढागी स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र का, जहां दो साल से ज्यादा समय से बिना स्टाफ के ताला लटका पड़ा है।

इस स्वास्थ्य केंद्र से लाभान्वित होने वाली बुछैर, लझेरी, लफाली पंचायतों के रूमहाली, तराला, लढागी, लफाली, बुछैर, बनास, शिलहआरण, नगाणी, डीम, थनाच, छलाली की आबादी को करीब 17 किलोमीटर दूर उपमंडल मुख्यालय आनी स्थित सिविल अस्पताल आनी आकर इलाज करवाना पड़ रहा है और दवाइयां लेनी पड़ती हैं। ऐसे में घरद्वार स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के सरकारी दावे खोखले साबित हो रहे हैं। आपको बता दें कि स्वास्थ्य




उपकेंद्र लढागी में मेल हेल्थ वर्कर, फीमेल हेल्थ वर्कर और कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के पद सृजित हैं, लेकिन यहां फीमेल हेल्थ वर्कर और कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर कभी तैनात हुए ही नहीं। यहां एक मात्र मेल हेल्थ वर्कर था, जो अगस्त 2022 में यहां से ट्रांसफर हुआ, लेकिन उसकी खाली जगह को भरने के लिए सरकार और स्वास्थ्य विभाग ने किसी की नियुक्ति नहीं की। क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि अब सर्दियों के मौसम में बर्फबारी होने से और बरसातों में भूस्खलन होने से क्षेत्र साल भर के करीब 3-4 महीने आम दुनिया से

> लढागी के स्वास्थ्य उपकेंद्र में मेल हेल्थ वर्कर के तबादले के बाद से किसी की नियुक्ति न होने से लढागी स्वास्थ्य उपकेंद्र में सभी पद खाली चल रहे हैं, जैसे ही सरकार द्वारा नियुक्ति आदेश होंगे, लोगों को सुविधा मिल जाएगी।
>
> **डॉ. भागवत मेहता, बीएमओ, आनी।**

कट जाता है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग और प्रदेश सरकार से स्वास्थ्य उपकेंद्र लढागी में रिक्त पड़े पदों को भरने और फलस्वरूप दो साल से लटके ताले को खोलने की गुहार लगाई है। (अनंत ज्ञान)

## तिंगरेट में कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**केलांग।** लाहौल-स्पीति की मियाड घाटी की पंचायत तिंगरेट में महिला एवं बाल विकास के माध्यम से चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि इस जागरूक शिविर के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दूरदराज के क्षेत्रों में रह रहे सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे।

उन्होंने इस दौरान विभागीय योजनाओं के साथ-साथ बेटी बचाव-बेटी पढ़ाओ, पीसीपीएनडीटी एक्ट, बाल-विवाह, नशा-मुक्ति व साइबर अपराधों जैसे विषयों के बारे में जानकारी दी। जिला बाल संरक्षण इकाई लाहौल-स्पीति की ओर से जोगिंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखआश्रय, सुख शिक्षा योजना की जानकारी प्रदान की। आशा ने लोगों को वन स्टॉप सेंटर के बारे में जानकारी प्रदान की। जिला आयुष अधिकारी डॉ. वीरेंद्र ने संतुलित भोजन के बारे में बताया। तहसील कल्याण अधिकारी राजेश ने भिन्न-भिन्न पेंशन योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।

# कामयाबी के लिए प्रतियोगिता की भावना रखना बहुत जरूरी : राहुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय केलांग में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में कामयाबी के लिए प्रतियोगिता की भावना रखना बहुत जरूरी है।

इसके साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए असफलता भी हमें स्वीकार करनी चाहिए। यह भी आगे बढ़ने का एक अहम हिस्सा है। जीवन में सफल होने के लिए प्रयासों को कभी कम नहीं करना है। डीसी केंद्रीय विद्यालय केलांग में पीएम श्री के अंतर्गत स्टेम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा को लेकर आयोजित विशेषज्ञ वार्ता में बोल रहे थे। डीसी ने इस दौरान पहली और दूसरी कक्षाओं के बच्चों को मैजिक स्लेट भी वितरित किए। आईआईटी मुंबई से पास आउट डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने इस दौरान बच्चों द्वारा पूछे प्रश्नों के जवाब दिए। बच्चों ने भी वेझिझक होकर डीसी से करियर निर्माण सहित पढ़ाई से संबंधित सवाल किए। डीसी ने भी पढ़ाई से लेकर विस्तार से बच्चों को आईआईटी संस्थान में प्रवेश सहित यूपीएससी परीक्षा मे भाग लेने के बारे में विस्तार से बताया। बच्चों ने कहा कि वह बड़े होकर डॉक्टर, इंजिनियर और सिविल सर्विसज में जाना चाहते हैं। राहुल ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए बोर्ड सहित प्रत्येक कक्षा के अंक महत्वपूर्ण होते हैं। पढ़ाई के दौरान किसी भी विषय में कोई संदेह हो तो वह अध्यापक से पूछ कर जरूर दूर करें। बेसिक कांसेप्ट अगर क्लीयर नहीं होंगे, तो आगे चलकर पढ़ाई में पिछड़ते जाओगे। कई बच्चे छठी कक्षा से ही नीट और आईआईटी की तैयारी शुरू कर दे रहे हैं। उनका मानना है कि यह जरूरी नहीं है कि छठी से ही कोचिंग लेकर तैयारी शुरू की जाए, लेकिन अत्यधिक प्रतिस्पर्धा के कारण लगातार शुरू से ही निरंतर अभ्यास बहुत जरूरी है। उन्होंने बच्चों से सोशल मीडिया से दूर रहकर रोजाना न्यूजपेपर पढ़ने की आदत बनाने की भी सलाह दी।



## न्यूज ब्रीफ

### स्वास्थ्य जागरूकता के लिए 10 हजार को जोड़ने का लक्ष्य

**सोलन।** आयुष विभाग द्वारा जन-जन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने और व्यक्ति की प्रकृति के अनुसार आहार-विहार के विषय में परामर्श देने के लिए एक विशेष अभियान आरंभ किया गया है। यह जानकारी जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा ने दी। डॉ. प्रवीण शर्मा ने कहा कि अभियान के तहत सोलन के 10 हजार व्यक्तियों को सम्मिलित किया जाएगा। अभियान को 25 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान में नागरिकों की प्रकृति का परीक्षण किया जाएगा। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना और रोगी के रोग को दूर कर उन्हें पुनः स्वस्थ बनाना ही आयुर्वेद का लक्ष्य है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए केंद्रीय आयुष विभाग द्वारा एक उपयोगी ऐप तैयार की गई है। प्रकृति परीक्षण नामक यह ऐप प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। आयुर्वेद के अनुसार लगभग सभी रोग वात, पित्त और कफ के दोष से ही उत्पन्न होते हैं। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने कहा कि प्रकृति परीक्षण ऐप के माध्यम से व्यक्ति का प्रकृति परीक्षण किया जाएगा और उस व्यक्ति को उसकी प्रकृति के प्रकार के अनुरूप उसके आहार और अन्य प्रकार की सलाह दी जाएगी, जिससे वह अपने स्वास्थ्य को बनाए रख सके।

### कुनिहार में विधायक का पुतला जलाने का विरोध

**अर्की।** कुनिहार में कुछ चुनिंदा लोगों द्वारा राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी व क्षेत्र के विधायक संजय अवस्थी के समक्ष कुनिहार को नगर पंचायत बनाने के सरकार के प्रस्ताव का विरोध करने के लिए उनको जबरदस्ती रोकना, विधायक का पुतला जलाने के विरोध में अर्की कांग्रेस के अध्यक्ष सतीश कश्यप व अन्य नेताओं ने कहा कि क्षेत्र के कुछ लोग अपनी राजनीति चमकाने के लिए यहां के लोगों को गुमराह करने का असफल प्रयास कर रहे हैं। अर्की ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश कश्यप का कहना है कि कुनिहार को नगर पंचायत बनाने का प्रस्ताव प्रदेश सरकार का है। इसका मूल उद्देश्य कुनिहार क्षेत्र में लोगों की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना है। इस पर अभी तक कोई अंतिम निर्णय भी नहीं हुआ है क्योंकि सरकार ने इस पर क्षेत्र के लोगों से आपत्तियां मांगी हैं और कोई भी अपनी आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है। कांग्रेस नेताओं ने कुनिहार के लोगों से आग्रह किया कि किसी के भी बहकावे में न आएं।

### एसएमसी की बैठक में विधायक का जताया आभार

**दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घड़यांच में स्कूल प्रबंधन समिति की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पाठशाला में चल रही विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। सरकार और विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम स्कूल एडॉप्शन के लिए स्थानीय गांव के प्रख्यात अधिवक्ता वीरेंद्र ठाकुर ने इस पाठशाला को गोद लिया। इसके अलावा सरकार की ओर से नायब तहसीलदार धर्म प्रकाश शर्मा ने भी स्कूल को गोद लिया है। स्कूल प्रबंधन समिति ने दोनों अतिथियों का तहे दिल से धन्यवाद किया और उनके सहयोग से पाठशाला में एक छोटा सा अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधन समिति ने विधानसभा क्षेत्र अर्की के विधायक संजय अवस्थी द्वारा पाठशाला के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के अवसर पर घोषित किए गए दो कमरों एवं पुस्तकालय के निर्माण के लिए राशि उपलब्ध करवाने के लिए विधायक का धन्यवाद किया।

### अर्की के छात्र जयपुर शैक्षणिक भ्रमण को रवाना



**अर्की।** राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अर्की के जमा दो के 47 छात्र शैक्षणिक भ्रमण के लिए जयपुर रवाना हुए। प्रधानाचार्य राज कुमार गौतम ने बताया कि यह छात्र इस दौरान कुरुक्षेत्र, खाटू श्याम, वृंदावन, जयपुर और पुष्कर का अवलोकन करते हुए जयपुर पहुंचेंगे तथा इस दल में प्रवक्ता मनीष कमल, लालचंद वर्मा, इंद्र सिंह बच्चों के साथ रहेंगे। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने इस भ्रमण के लिए जा रहे दल को विद्यालय प्रांगण से शुभकामनाएं देकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि छात्र 3 को अपना शैक्षणिक भ्रमण समाप्त कर वापस विद्यालय पहुंचेंगे। एसएमसी प्रधान दीपक गुप्ता ने भी बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

### बूढ़ी दिवाली की तैयारियों में जुटे लोग

**नाहन।** दो दिसंबर से सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र की अधिकतर पंचायतों में मशाल यात्रा से साथ बूढ़ी दिवाली पर्व शुरू हो जाएगा। कुछ पंचायतों अथवा गांवों में इसे मशराली मे नाम से मनाया जाता है। दीपावली के ठीक एक माह बाद यह त्योहार मनाया जाता है। गृहिणियों ने इस पर्व पर परोसे जाने वाले मुख्य व्यंजन मुड़ा व शाकुली बनाने की तैयारी शुरू कर ली है। करीब अढ़ाई लाख की आबादी वाले सिरमौर अथवा गिरिपार क्षेत्र के तीन विधानसभा क्षेत्रों पच्छाद, राजगढ़, शिलाई व इनके अलावा उतराखंड के जौंसार बाबर तथा शिमला व कुल्लू के कुछ गांवों में भी इस त्योहार को अलग-अलग नामों से यह मनाया जाता है। बूढ़ी दिवाली के इस त्योहार को परंपरागत तरीके से मनाने के लिए क्षेत्र के ग्रामीण कई दिन पहले से ही तैयारी में जुट जाते हैं। इन दिनों ग्रामीण अपने घरों में लिपाई-पुताई कर रहे हैं। बूढ़ी दिवाली में परोसे जाने वाले पारंपरिक व्यंजन मुड़ा, तेलवा व शाकुली के लिए महिलाएं गेंहू, चावल, तिल, भांगजीरा, चौलाई व सूखे मेवे आदि को तैयार कर रही हैं। दीपावली की तरह क्षेत्र में यह पर्व भी सप्ताह भर चलता है। बूढ़ी दिवाली में बुरी आत्माओं को गांवों से बाहर खदेड़ने के लिए मशाल यात्रा निकाली जाती है। इस पर्व की शुरुआत पोष माह की अमावस्या की रात को गांव के सांझे प्रांगण में अलाव जलाकर और अगली सुबह मशाल यात्रा निकालकर होती है। मशाल यात्रा के दौरान प्राचीन वाद्ययंत्रों की धुनों में लोग नाचते-गाते पहाड़ी भाषा में देव स्तुतियां करते हैं।

### स्वर्गीय देवराज नेगी को दी श्रद्धांजलि



**अनिल नेगी, रिकांगपिओ।** पूर्व विधायक किन्नौर स्वर्गीय देवराज नेगी की शनिवार को 30वीं पुण्यतिथि रिकांगपिओ में मनाई गई। इस अवसर पर स्वर्गीय देवराज नेगी के परिवारजनों, देवराज नेगी मेमोरियल ट्रस्ट व किन्नौर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों ने उन्हें पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। देवराज नेगी मेमोरीयल ट्रस्ट के महामंत्री शांति स्वरूप पंचारस ने बताया कि स्वर्गीय देवराज नेगी ने हिमाचल युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, विधायक किन्नौर व कांग्रेस संगठन के विभिन्न पदों पर रहकर काम किया है और जिले के अंदर विकासात्मक कार्यों को गति देने व किन्नौर को देशभर में पहचान दिलाने में उनका अहम योगदान रहा है। उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर इस वर्ष किन्नौर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय कृष्ण देव नेगी की याद में दो मिनट का मौन भी रखा गया। (अनंत ज्ञान)

# नगर निगम शहर में फिर चलाएगा पानी के अवैध कनेक्शन काटने की मुहिम

**आर मोहन चौहान, सोलन**



शहर में पानी के अवैध कनेक्शन को लेकर नगर निगम सोलन फिर से एक्शन के मूड में आने वाला है। निगम ने इसके लिए गठित टीम को फील्ड में उतारने की तैयारी कर ली है। ऐसे में आने वाले दिनों में शहर में अवैध रूप से लगे पानी के कनेक्शन काटने की मुहिम चलेगी।

इससे पहले भी निगम ने जब इस अभियान को चलाया था, तो उस समय 6 पानी के अवैध कनेक्शन को पकड़ा था, जिसमें से दो तो सरकारी कॉलोनी में ही लगे हुए थे। हालांकि उस समय वह मुहिम कुछ दिनों तक ही चली थी, लेकिन अब नगर निगम एक बार फिर से इस मुहिम को चलाने जा रहा है। ऐसे में जिन भी लोगों ने नगर निगम से बिना सूचना के अपने घरों में अवैध कनेक्शन लगाए हैं। उन पर कार्रवाई तय है। गौर रहे कि जब इस वर्ष गर्मियों में पानी की भारी किल्लत शहर में देखने को मिली, तो उस समय आनन-फानन में स्थानीय प्रशासन ने नगर निगम को शहर में पानी के अवैध कनेक्शन ढूंढने को कहा। नगर निगम द्वारा गठित टीम ने भी शहर में ताबड़तोड़ तीन दिन तक कार्रवाई की और छह पानी की अवैध कनेक्शन ढूंढे। हालांकि बाद में नगर निगम ने कभी ऑफिस वर्क का हवाला देते हुए मुहिम को नहीं चलाया, लेकिन अब एक बार फिर से नगर निगम पानी के अवैध कनेक्शन को ढूंढने की मुहिम चलाने जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### पानी की लीकेज को रोकना लक्ष्य

**उधर,** नगर निगम ने निर्णय लिया है कि जहां भी पानी की लीकेज की समस्या देखने को मिल रही है। वहां तुरंत प्रभाव से नई पाइपलाइन को बिछाया जाएगा। फिलहाल बाजार में गंज बाजार, टैंक रोड सहित कई जगह पर पानी की पाइप से लीकेज देखने को मिल रही है। इसी को देखते हुए नगर निगम ने यह फैसला लिया है।



**पानी** के अवैध कनेक्शन को ढूंढने की शहर भर में एक बार फिर से मुहिम चलेगी। पहले भी मुहिम के अंतर्गत 6 पानी के अवैध कनेक्शन को नगर निगम ने पकड़ा था। नगर निगम ने कई पानी के अवैध कनेक्शन चिन्हित भी किए हैं। इसके लिए टीम बनाई गई है।

**उषा शर्मा, मेयर, सोलन नगर निगम।**

## एचआरटीसी की दुर्दशा नहीं आलाकमान की इमेज है सरकार की प्राथमिकता : जयराम



जयराम ठाकुर टैगोर वनस्थली पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में और साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि एचआरटीसी से जुड़े फैसले हर दिन अखबारों की सुर्खियां बनते हैं। कभी चलती बस से पहिए बाहर आ जाते हैं, तो कभी बस स्टेशन से निकलते ही हांफ जाती हैं। कभी यात्री बस को धक्का देकर बस स्टेशन तक पहुंचाते हैं, लेकिन ऐसी समस्याएं सरकार की प्राथमिकता में नहीं हैं।

सरकार के खिलाफ कोई आम आदमी कोई बात कह दे, तो वह सरकार को नागवार गुजरती है। यह बात नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दून के कुठाड़ के अंतर्गत आने वाले टैगोर वनस्थली पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में मुख्यातिथि के तौर पर समारोह में कही। उन्होंने कहा कि बस में आम आदमी आलाकमान से संबंधित कोई वीडियो चला दे, तो पूरा का पूरा अमला हरकत में आ जाता है। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी हो जाते हैं, उन्हें नौकरी से निकालने की तरकीबें खोजी जाने लगती हैं। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर व्यवस्था पतन का जो दौर इस समय चल रहा है उसकी कभी कल्पना भी नहीं की जा सकती। सुक्खू सरकार की किसी न किसी कारगुजारियों की वजह से हर दिन प्रदेश की छवि खराब होती है। सरकार की वजह से आए दिन कोई न कोई शर्मसार करने वाली घटना प्रदेश में होती है। प्रदेश में बहुत सारी समस्याएं सरकार की वजह से हैं, जिनका निराकरण किया जाना आवश्यक है, लेकिन सरकार की प्राथमिकता में जनहित से जुड़े कोई काम नहीं है। कभी मुख्यमंत्री तक समोसा नहीं पहुंचता तो उसके लिए सीआईडी जांच लगा दी जाती है। कभी कोई व्यक्ति बस में किसी वीडियो चलने के निराधार आरोप लगा देता है, तो बस के कंडक्टर के और ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो जाती है। प्रदेश मुख्यमंत्री के तुगलकी तौर तरीकों से नहीं चल सकता है। इस मौके पर उनके साथ परमजीत सिंह पम्मी, प्रधानाध्यापक रीता आदि मौजूद रहे।

## अशोक देश के अग्रणी सौ साहित्यकारों में शामिल



**सोलन।** आज नहीं तो कल मिलता है, मगर सृजन का फल मिलता है, यह उक्ति चरितार्थ की है सोलन जिले की अर्की तहसील के गांव म्याणा में जन्मे हिंदी साहित्य की व्यंग्य विधा के चर्चित हस्ताक्षर अशोक गौतम ने।

अशोक गौतम देश के अग्रणी सौ साहित्यकारों में अपने साहित्य लेखन के दम पर स्थान बनाने में सफल हुए हैं। साहित्यकारों की यह रैंकिंग सूची राही संस्थान जयपुर ने जारी की है। राही रैंकिंग सूची में मूर्धन्य साहित्यकार रामदरश मिश्र, डॉ. संजीव कुमार, गिरीश पंकज, बलराम अग्रवाल, सुरेश कांत, ज्ञान चतुर्वेदी, हरीश नवल, ममता कालिया, नासिरा शर्मा, लालित्य ललित, आलोक पुराणिक, प्रेम जनमेजय जैसे दिग्गज साहित्यकारों के नाम शामिल हैं। बता दें कि अब तक अशोक गौतम के राष्ट्रीय स्तर पर बावन व्यंग्य हिमाचल के हिंदी साहित्य के मूर्धन्य समीक्षक डॉ. हेमराज कौशिक का कहना है कि अशोक गौतम ने अपने व्यंग्यों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दस्तक दी है।

## हाईकोर्ट के आदेशों पर प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड ने किया 13 क्रशरों का निरीक्षण
# 3 में पाई छोटी-मोटी खामियां, जल्द सुधारने के आदेश

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ के स्टोन क्रशरों को लेकर कार्रवाई शुरू हो गई है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव अनिल जोशी की अगुवाई में विशेष टीम ने 13 स्टोन क्रशरों का दौरा करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जिसमें मात्र तीन स्टोन क्रशरों में छोटी-मोटी खामियां पाईं, जिन्हें चार दिनों के भीतर सुधार करने के निर्देश दिए, जबकि 10 क्रशरों में किसी तरह की खामियां नहीं पाईं, जिस पर टीम ने संतोष प्रकट किया।

शनिवार सुबह करीब ग्यारह बजे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव अनिल जोशी सहित प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड बद्दी के एक्सईएन व माइनिंग विभाग नालागढ़ की संयुक्त टीम ने दबिश दी। टीम ने एक के बाद एक क्रशरों का निरीक्षण किया। बीते वीरवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को हाई कोर्ट ने विशेष तौर पर नालागढ़ के स्टोन क्रशरों पर निर्देश दिए हैं। इनमें कमियां जांचने के लिए कहा और प्रदूषण बोर्ड को



इस पर अपनी रिपोर्ट देने को कहा। अपने आदेशों में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव को स्वयं क्षेत्र में स्थापित स्टोन क्रशरों का निरीक्षण करने और उन स्टोन क्रशरों की मशीनरी को जब्त व परिसर को सील करने के आदेश दिए, जिन्होंने जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोलन की 13 दिसंबर, 2023 की रिपोर्ट में बताई खामियों को पूरा नहीं किया है। कोर्ट ने डीसी सोलन और एसपी बद्दी को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव को उपरोक्त कार्रवाई के दौरान उचित सहायता प्रदान करने के आदेश भी दिए।

### हंडूर पर्यावरण संस्था ने की थी शिकायत

**कोर्ट** ने यह आदेश हंदूर पर्यावरण मित्र संस्था द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के पश्चात जारी किए हैं। इस मामले में प्रार्थी ने राज्य सरकार व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित 13 स्टोन क्रशरों को प्रतिवादी बनाया है। आरोप है कि जिन टिप्परों में 15 टन माइनिंग माल दर्शाया जाता है, उनमें अक्सर 30 से 35 टन माल ढुलाई होती है। इससे सरकार को प्रति टिप्पर हजारों रुपए का नुकसान होता है, जब अधिकारियों से शिकायत की जाती है, तो वे स्टोन क्रशर मालिकों की पैरवी करने लगते हैं।

### हाईकोर्ट के आदेशों पर किया निरीक्षण : जोशी

**प्रदूषण** कंट्रोल बोर्ड के मेंबर सेक्रेटरी अनिल जोशी ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेशों पर क्रशरों का निरीक्षण किया, जिसकी अब रिपोर्ट हाईकोर्ट को सौंपी जाएगी।

## डीएवी स्कूल ने मनाया वॉइस एंड वर्सेस समारोह

**परवाणू।** डीएवी स्कूल परवाणू ने वार्षिक समारोह वॉइस एंड वर्सेज का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में चंडीगढ़ से सांसद मनीष तिवारी कार्यक्रम में शामिल हुए। विशिष्टातिथियों के रूप में कसौली से विधायक विनोद सुल्तानपुरी तथा नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बावा के साथ चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की उपस्थित रहे। नगर परिषद अध्यक्ष मोनिशा शर्मा, उपाध्यक्ष लखविंदर व अन्य पार्षदगण भी इस अवसर मौजूद रहे। आयोजन में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों ने रचनात्मक प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रदर्शन किया गया। छठी कक्षा के छात्रों द्वारा गणेश वंदना के कार्यक्रम से शुरुआत की गई, जिसके पश्चात रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्कूल द्वारा आयोजित इस आयोजन की विशेषता यह थी की नर्सरी से लेकर बारहवीं कक्षा तक के सभी छात्रों ने इसमें अपनी प्रस्तुति दी, जो कोई सभी अभिभवकों व अतिथियों का आकर्षण का केंद्र रही। प्रधानाचार्य डॉ. हरनीत सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया और छात्रों और स्टाफ को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उनकी मेहनत की सराहना की।

## एड्स के फैलाव व रोकथाम के बचाव पर दिया व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस मनाया गया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस की थीम टेक द राइटस पाथ माई हेल्थ माई राइट रखी गई है, इसी थीम का अनुसरण करते हुए रेड रिबन क्लब और रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके पर भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की



शुरुआत दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से की गई। कार्यवाहक प्राचार्या मार्गरेट सेबेस्टियन ने मुख्य वक्ता स्वाति गौतम और विनोद वर्मा का स्वागत किया। कार्यक्रम में आईटीआई दाड़लाघाट से जीडीए ट्रेनर स्वाति गौतम ने एड्स के फैलाव व रोकथाम के बचाव पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

## अनुशासन एवं परिश्रम ही सफलता का मुख्य आधार : डॉ . शांडिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि अनुशासन में रहकर समय पर किया गया परिश्रम ही सफलता का आधार है। डॉ. शांडिल सोलन के कंडाघाट स्थित राजकीय महिला पॉलिटेक्निक संस्थान में तीन दिवसीय 26वीं हिमाचल प्रदेश इंटर-पॉलिटेक्निक स्पोर्ट्स मीट (महिला) के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

26वीं हिमाचल प्रदेश इंटर-पॉलिटेक्निक स्पोर्ट्स मीट में 16 बहुतकनीकी संस्थानों की 114 छात्राओं ने भाग लिया। इस तीन



दिवसीय प्रतियोगिता में बैडमिंटन तथा टेबल टेनिस खेलों का आयोजन हुआ। डॉ. शांडिल ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना महत्वपूर्ण है। युवाओं को परिश्रम से नहीं घबराना चाहिए और नियमित रूप से प्रयत्नशील रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि लड़कियां हमारे समाज का आधार हैं और एक सुशिक्षित कन्या न केवल दो परिवारों का संबल बनती है, बल्कि समाज को नई राह भी दिखाती है। उन्होंने आग्रह किया कि पढ़ाई के साथ-साथ मानसिक एवं शारीरिक व्यायाम को भी नियमित समय दें। प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के लिए अनेक कार्य कर रही है। राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं के लिए जहां पुरस्कार राशि में अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। वहीं, खिलाड़ियों की डाइट मनी में भी बढ़ोतरी की गई है।

तकनीकी शिक्षा रोजगार एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है। प्रदेश सरकार युवाओं को कृत्रिम मेधा और ड्रोन जैसे भविष्य के पाठ्यक्रमों में पारंगत बनाने के लिए कार्य कर रही है। इस वर्ष तकनीकी शिक्षा पर 330 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। डॉ. शांडिल ने छात्राओं से आग्रह किया कि अनुशासित रहकर सदैव अपने से बड़ों का सम्मान करें और अपने सभी साथियों को नशे से दूर रखें। नशा तन, मन और धन का नाश करता है। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और आशा जताई कि सभी छात्राएं इन खेलों से सकारात्मक सीख ग्रहण करेंगी।

## वन अधिनियम के लंबित मामलों को जल्द निपटाएं

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डीसी सिरमौर सुमित खिमटा की अध्यक्षता में डीसी सभागार में लंबित वन संरक्षण अधिनियम प्रकरणों के बारे में बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में विभिन्न प्रयोक्ता संस्थाओं द्वारा वन विभाग के परिवेश पोर्टल पर आवेदित केसों के बारे में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। डीसी ने सभी प्रयोक्ता संस्थाओं को प्रमुखता से इन केसों का जल्द निपटान करने तथा जिन केसों में 90 दिनों में कोई कार्रवाई न होने के कारण पोर्टल से हटा दिया गया था, उनको पुनः सुचिबद्ध करने के निर्देश दिए, ताकि केसों में आगामी कार्रवाई समयबद्ध तरीके से की जा सके।



लंबित वन संरक्षण अधिनियम प्रकरणों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते डीसी

उन्होंने सभी वनमंडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि प्रयोक्ता संस्थाओं को परिवेश पोर्टल पर किसी भी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, तो उस स्थिति में उनका मार्गदर्शन करना सुनिश्चित करें, ताकि पोर्टल पर लंबित केसों को जल्द ही सैधांतिक अनुमति के लिए उच्च अधिकारियों को भेजा जा सके, जिन केसों का एरिया एक हेक्टेयर से कम है तथा उसमें अधिकतम 75 वृक्षों तक का कटान किया जाना है या जिस एरिया में कोई पेड़ नहीं है, तो ऐसे केसों को वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत संबंधित वन मंडल अधिकारी से निर्धारित आवश्यक दस्तावेजों के साथ अनुमति लेने के लिए आवेदन करें।

## राज्यपाल और नेगी आज सोलन के प्रवास पर

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास तथा जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी प्रथम दिसंबर को सोलन के प्रवास पर आ रहे हैं।

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल प्रातः 10 बजे डॉ. यशवंत सिंह परमार वानिकी एवं बागवानी विश्वविद्यालय नौणी के स्थापना दिवस में भाग लेंगे तथा विश्वविद्यालय के 13वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। वहीं, नेगी प्रातः 09.30 बजे नौणी के 13वें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली जागरूकता रैली



सोलन। जिला सोलन के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजड़ी जाबली के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के दौरान स्टूडेंट्स ने लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत करवाया। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल मोनिका ठाकुर, सड़क सुरक्षा नोडल ऑफिसर धर्मेंद्र ठाकुर, सदीक पठान, प्रियंका कपिल सहित बड़ी संख्या में सड़क सुरक्षा क्लब के बच्चे मौजूद रहे।






**कार्यक्रम** अर्की के कुनिहार में 'रियासत विंटर कार्निवाल' कार्यक्रम का शुभारंभ, कलाकारों को बेहतर मंच प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा

# संस्कृति संरक्षण में उत्सवों व महोत्सवों की सराहनीय भूमिका : नेगी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास तथा जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश की समृद्ध संस्कृति के संरक्षण में विभिन्न उत्सवों एवं महोत्सवों की सराहनीय भूमिका रही है।


नेगी गत देर सायं अर्की विधानसभा क्षेत्र के कुनिहार में दो दिवसीय 'रियासत विंटर कार्निवाल' कार्यक्रम का शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। नेगी ने कहा कि हमारी समृद्ध



'रियासत विंटर कार्निवाल' कार्यक्रम के शुभारंभ करने के दौरान जगत सिंह नेगी व संजय अवस्थी।

संस्कृति पर्यटकों और प्रदेशवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रही है। संस्कृति का प्रचार-प्रसार तभी सुनिश्चित होता है, जब उस संस्कृति को समझने वाले अन्य को इस विषय की सारगर्भित जानकारी प्रदान कर सकें। उन्होंने आग्रह किया कि प्रदेश के कलाकार यह सुनिश्चित बनाएं कि लोगों तक हिमाचल की समृद्ध संस्कृति विशुद्ध रूप से पहुंचे। उन्होंने आशा जताई कि दो दिवसीय विंटर कार्निवाल हिमाचली कलाकारों को बेहतर मंच प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। राजस्व मंत्री ने कहा कि मौलिक लोक संस्कृति प्राचीन युग की धरोहर है, इसमें प्राचीन लोक सांस्कृतिक विरासत का प्रतिबिंब परिलक्षित होता है। लोक कलाकारों को उचित मंच, मानदेय व सम्मान देने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है। नेगी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम लोक कलाकारों को बेहतर मंच प्रदान करने तथा उनकी प्रतिभाओं को उभारने में सहायक सिद्ध होते हैं। हिमाचल की संस्कृति को आगे ले जाने के लिए युवा पीढ़ी को हमारी संस्कृति से परिचित करवाना आवश्यक है।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित बना रही है कि देश के संविधान के अनुरूप न केवल विभिन्न कार्य पूरे हों, बल्कि लोगों को भी विकास के लाभ समय पर मिलें। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपने क्षेत्र के विकास का नियमित अनुश्रवण करें और अपनी समस्या विधि सम्मत रूप से उच्च स्तर तक पहुंचाएं। विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि लोक कलाकारों और स्थानीय प्रतिभाओं को सशक्त मंच प्रदान करने के लिए यह आवश्यक है कि मेलों और उत्सवों में स्थानीय प्रतिभाओं को अधिक से अधिक समय दिया जाए। उन्होंने आशा जताई कि विंटर कार्नावाल विशेष रूप से युवाओं को हिमाचल की लोक लुभावनी संस्कृति की बहुआयामी जानकारी प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा।




# भारत–पाकिस्तान सीमा पर आठ अत्याधुनिक पिस्टल बरामद

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान से तस्करी करके लाई गईं आठ अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद होने के बाद दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने यहां बताया कि उन्हें अमृतसर के नूरपुर पढरी से उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे हथियार सौंपने के लिए किसी अन्य व्यक्ति का इंतजार कर रहे थे।

गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान जगजीत सिंह उर्फ निक्कू और गुरविंदर सिंह उर्फ गांधी के रूप में हुई है, जो अमृतसर के कौलोवाल गांव के निवासी हैं।

- खुफिया जानकारी के आधार पर चलाया अभियान : डीजीपी गौरव यादव
- दो को किया गिरफ्तार



पुलिस ने कहा कि बरामद किए गए आठ अत्याधुनिक हथियारों में चार ग्लॉक पिस्तौल (ऑस्ट्रिया में निर्मित), तुर्किये निर्मित दो 9एमएम पिस्तौल और दो एक्स–शॉट जिगाना पिस्तौल शामिल हैं।

डीजीपी यादव ने कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस टीमों को पता चला कि कुछ लोग पाकिस्तान से भारत में हथियारों की भारी खेप की तस्करी में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि तेजी से कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने जाल बिछाया और जगजीत सिंह और गुरविंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। डीजीपी ने कहा कि पुलिस ने इस गिरोह के सरगना की भी पहचान कर ली है और उसे पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि सरगना ऐप के जरिए, पाकिस्तान में रहने वाले हथियार तस्करों के संपर्क में था।

# ऋषिकेश स्थित एम्स में छात्रों ने किया मौन प्रदर्शन



**एजेंसी, ऋषिकेश**

ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान के 40 से अधिक छात्रों ने उनके आंदोलन की कवरेज के लिए आए मीडिया कर्मियों के साथ कथित दुर्व्यवहार के खिलाफ शनिवार को मौन विरोध–प्रदर्शन किया। यह आंदोलन 7वें दिन भी जारी रहा।

आंदोलनकारी छात्रों ने आरोप लगाया कि मीडियाकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार और धक्का–मुक्की की गई। उन्होंने कहा कि यह मौन प्रदर्शन मीडिया के साथ दुर्व्यवहार और छात्रों की आवाज दबाने के प्रयास के खिलाफ है।

संस्थान परिसर में 47 छात्र अपनी मांगें पूरी न होने के विरोध में पिछले छह दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। इन मांगों में इंटर्नशिप के दौरान सभी छह पाठ्यक्रमों के छात्रों को 13,940 रुपए मासिक छात्रवृत्ति देने और डिग्री पंजीकरण की सुविधा देने की मांग शामिल है।

एक प्रदर्शनकारी छात्र ने कहा, 'हमारी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हमारी बात नहीं सुनी जा रही है बल्कि हमें नौकरी से निकालने की धमकी दी जा रही है।' एम्स के उपनिदेशक अमित पाराशर ने मामले की जांच के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है।

छात्रों ने कहा कि डिग्री का पंजीकरण होना चाहिए ताकि इसकी वैधता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि अन्य कॉलेज की तरह इंटर्नशिप को वैकल्पिक बनाया जाना चाहिए ताकि सरकारी नौकरी और उच्च शिक्षा जैसे अवसरों का लाभ उठाया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम मान ने विश्व बैंक से मांगी सहायता

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने वृद्धि तेज करने, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार लाने और नागरिकों के लिए जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए विश्व बैंक से सहायता मांगी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने विश्व बैंक में भारतीय क्षेत्र के निदेशक ऑगस्ते तानो कॉमे के साथ यहां एक बैठक के दौरान पंजाब के मजबूत सुधार एजेंडे को प्रदर्शित किया। इस बैठक में मान ने वित्तीय सहायता की तलाश में प्रमुख कारकों के रूप में राजकोषीय विवेक, बेहतर शासन और बढ़ी हुई सेवा वितरण पर ध्यान केंद्रित किया। मान ने कहा, 'प्रस्तावित वित्तीय सहायता से पंजाब की वृद्धि प्राथमिकताओं का समर्थन करने की उम्मीद है, जिसमें बुनियादी ढांचा विकास, मानव संसाधन विकास और सामाजिक कल्याण पहल शामिल हैं।'

### केजरीवाल पर पदयात्रा के दौरान पानी फेंका

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर एक शख्स ने पानी फेंका। समर्थकों ने मौके पर ही आरोपी की पिटाई कर दी। दिल्ली पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम अशोक झा है और वह खानपुर डिपो में बस मार्शल के पद पर तैनात है। उसे हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। सीएम आतिशी ने कहा कि दिल्ली का चुनाव तीसरी बार हारने की बौखलाहट भाजपा में दिख रही है। इसी वजह से वे ऐसी हरकत कर रहे हैं। इसका बदला दिल्ली की जनता लेगी और भाजपा को जीरो सीट देगी।

### बस के खाई में गिरने से पांच की मौत

**गंगटोक।** पश्चिम बंगाल-सिक्किम सीमा के पास एक बस शनिवार दोपहर को 150 फुट गहरी खाई में गिर गई, जिससे पांच लोगों की मौत हो गई और 15 व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि रंगपो सीमा से करीब एक किलोमीटर दूर अंधेरी और अटल सेतु के बीच अपराह्न तीन बजे यह दुर्घटना हुई। बस राष्ट्रीय राजमार्ग-10 से रास्ता भटक गई थी जिसके बाद यह तीस्ता नदी के किनारे हादसे का शिकार हो गई। बस सिलिगुड़ी से गंगटोक की ओर जा रही थी। उसने बताया कि इस हादसे में एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि मृतकों और घायलों की पहचान की जा रही है। उसने बताया कि घायलों को रंगपो के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि कई घायलों की हालत बेहद गंभीर है। उसने बताया कि दुर्घटना के समय बस में सवार यात्रियों में कुछ पर्यटक भी शामिल थे।

### वाराणसी में आग से 150 से अधिक वाहन जले



**वाराणसी (उप्र)।** वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक के पास पार्किंग में शुक्रवार देर रात आग लगने से 150 से अधिक दोपहिया वाहन जल कर खाक हो गए। अधिकारी ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) व दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया है। उन्होंने बताया कि यह पार्किंग रेलवे कर्मचारियों के लिए है। अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) लालजी चौधरी ने बताया कि रेलवे के कर्मचारियों के लिए कैंट स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक के पास दोपहिया वाहन स्टैंड बनाया गया है, जिसमें देर रात आग लगने से काफी नुकसान हुआ। 150 से ज्यादा वाहनों को नुकसान पहुंचा है।

### यौन उत्पीड़न मामले में कांग्रेस नेता निष्कासित

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कांग्रेस के नेता और यौन उत्पीड़न के आरोपी बी. गुरप्पा नायडू को शनिवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया। नायडू के खिलाफ एक महिला के यौन उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति के अध्यक्ष के. रहमान खान ने प्रेस विज्ञप्ति में नायडू को पार्टी से निष्कासित करने की जानकारी दी। उनके खिलाफ दर्ज यौन उत्पीड़न के मामले को इस कदम का कारण बताया गया है।

### यूपी में भीषण सड़क हादसा, पांच की मौत

**इलाहाबाद।** उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती में नेशनल हाईवे पर टेंपो और कार की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और अन्य घायल हैं। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। यह हादसा इकौना के पास नेशनल हाईवे 130 पर हुआ है। दोनों गाड़ियों की टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो ने अस्पताल में दम तोड़ा।

### विधायकों के घर हमला करने वाले 8 उग्रवादी धरे

**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस और विधायकों के घर तोड़फोड़ और आगजनी के आरोप में अब तक 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले 16 नवंबर को इंफाल वेस्ट के पटसोई पुलिस ने विधायकों के घर आग लगाने के आरोप में एक आरोपी को पकड़ा था। बाकी को 27 नवंबर को गिरफ्तार किया गया। उधर, मणिपुर में हाल में हुई हिंसक घटनाओं के बाद मैतेई संगठन अरामबाई टेंगोल के सुप्रीमो कोरो नगनबा खुमान और कुकी संगठन के प्रमुख एनआईए की रडार पर हैं।

# झारखंड पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया

**एजेंसी, चाईबासा (झारखंड)**

झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में पुलिस और माओवादियों के बीच शनिवार को हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि टेबो पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत तोमरोंग गांव में यह मुठभेड़ हुई।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए माओवादी की पहचान 'पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया' (पीएलएफआई) के एरिया कमांडर लंबू के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में और जानकारी एकत्र की जा रही है तथा पुलिस की कार्रवाई जारी है।

# खेल प्रतियोगिता में रायन इंटरनेशनल स्कूल प्रथम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

रायन इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 49 चंडीगढ़ में 25वीं मिनीथान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ट्राइसिटी और पंजाब क्षेत्र के 19 विभिन्न स्कूलों के लगभग 2730 छात्रों ने भाग लिया।



छात्रों का दौड़ का उत्साह देखते बनता था। कुलदीप कुमार (मेयर चंडीगढ़), जतिंद्र मल्होत्रा (प्रदेश अध्यक्ष , भाजपा चंडीगढ़ ), राम गोपाल (उप एसपी, चंडीगढ़ पुलिस), गौरव गौतम ( खेल मंत्री, हरियाणा) आदि ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

खेल प्रतियोगिता में रायन इंटरनेशनल स्कूल, चंडीगढ़ ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल की प्रधानाचार्या को गौरवान्वित किया, जबकि दूसरे स्थान पर अक्सिप्स सेक्टर, 65 मोहाली और तीसरे स्थान पर गवर्नमेंट हाई स्कूल सेक्टर 54, चंडीगढ़ रहे।

# सुपरवाइजर और सफाई निरीक्षक की सेवाएं समाप्त

**चंडीगढ़।** नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने फैदा गांव में सफाई व्यवस्था की औचक जांच के दौरान अपने कर्तव्य का ठीक से पालन न करने पर सख्त संज्ञान लेते हुए दो नगर निगम कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने का आदेश दिया। बर्खास्त किए गए दो कर्मचारी जतिंदर सिंह, सुपरवाइजर (आउटसोर्स एजेंसी मेसर्स साई कम्युनिकेशन के माध्यम से) और गुरप्रीत सिंह, सफाई निरीक्षक (आउटसोर्स एजेंसी मेसर्स आरआर एंटरप्राइजेज के माध्यम से) थे।

आयुक्त ने औचक जांच के दौरान पाया गया कि उनका परिचालन क्षेत्र बहुत गंदा और अस्वच्छ था और पाया गया कि वे अपना कर्तव्य ठीक से नहीं निभा रहे थे।

# सीएम धामी ने किया सिटी फॉरेस्ट का लोकार्पण

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

एक करोड़ की लागत से रामपुर रोड स्थित हल्द्वानी में निर्मित सिटी फारेस्ट (नगर वन) का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने नगर वन में वृक्षारोपण भी किया।

सीएम धामी ने कहा कि नगर में निवासरत लोगों को बेहतर स्वास्थ्य एवं स्वच्छ पर्यावरण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। शहर की भाग दौड़ के बीच सिटी फारेस्ट एक ऐसा जगह है जहां सकून मिलेगा। सिटी फारेस्ट में लॉन, बैम्बू हट, चिल्ड्रन पार्क, ओपन एयर जिम, पैदल भ्रमण पथ, साइकिलिंग ट्रेल एवं हाथी सैल्फी पाइंट मुख्य आकर्षण का केंद्र है।



- एक करोड़ की लागत से बना है सिटी फॉरेस्ट

सिटी फारेस्ट वन विभाग की 7.5 हेक्टेयर भूमि में स्थापित किया गया है। सिटी फॉरेस्ट में खैर, शीशम, सागौन, कंजू, अमलतास, यूकेलिप्टस, मौलश्री. छत्यून, बांस, चन्दन, नीम, बेल, पारिजात, पाखड़ आदि वानस्पतिक प्रजातियां हैं।

इसके साथ ही नगर वन में बाउंड्री वॉल, वृक्षारोपण, लॉन विकास कार्य, चिल्ड्रन पार्क, ओपन जिम, पैदल ट्रेल, रिसेस्प्शन ऐरिया, प्रवेश गेट, पैदल मार्ग, एटीवी ट्रेल, वाटर टैंक आदि कार्य किया जा रहा है। सिटी फारेस्ट में कैफेटेरिया, सोविनियर शॉप, वैलनेस ऐरिया, बटरफ्लाई गार्डन, रॉक गार्डन, कैक्टस गार्डन, ट्रेल्स का विस्तारीकरण एवं कैनोपी वॉकवे भविष्य में प्रस्तावित कार्य किए जाएंगे।

## देश-विदेश

# सांसद बनने के बाद पहली बार वायनाड पहुंची प्रियंका, बोली– जो बन पड़ेगा करूंगी

**एजेंसी, वायनाड**

**प्रियंका** गांधी सांसद बनने के बाद शनिवार को पहली बार केरल के वायनाड पहुंची। उनके साथ राहुल गांधी भी थे। राहुल ने यहां रैली को संबोधित करते हुए एक बार फिर अडानी का मुद्दा उठाया। राहुल ने कहा कि संविधान कहता है कि सभी लोगों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए। मोदी कहते हैं कि अडानी के साथ हर दूसरे भारतीय से अलग व्यवहार किया जाएगा।

- मोदी कहते अडानी के खिलाफ अमेरिका में केस चले, पर भारत में नहीं चलेगा: राहुल



प्रधानमंत्री कहते हैं कि भले अमेरिका में केस चले, भारत में हम उन पर केस दर्ज नहीं करेंगे। वहीं, प्रियंका ने कहा कि आप लोगों को यहां मेरे भाई की याद जरूर आएगी, लेकिन मैं पूरी कोशिश करूंगी, ताकि आपको कोई समस्या का सामना न करना पड़े। राहुल ने कांग्रेस और यूडीएफ से वायनाड भू–स्खलन पीड़ितों की मदद के लिए राज्य सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया। राहुल ने यहां मुक्कम में अपनी बहन के साथ जनसभा के दौरान भू–स्खलन के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपना भाषण शुरू किया।

# दिल्ली में नहीं सुधर रहे हालात, वायु गुणवत्ता बेहद खराब

**नई दिल्ली।** दिल्ली–एनसीआर में वायु गुणवत्ता लगातार खराब होती जा रही है, जिसके कारण लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 318 दर्ज किया गया है, जबकि नोएडा और गुरुग्राम में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज की गई है। शनिवार को लगातार छठा दिन है, जब दिल्ली–एनसीआर की वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में बनी हुई है। आनंद विहार में एक्यूआई 505 दर्ज किया है, जो दिल्ली की खराब हो रही पर्यावरण परिस्थितियों के लिए भी एक गंभीर संकेत है।

# फेंगल तूफान का कहर : आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में भारी बारिश, रेड अलर्ट जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**बंगाल** की खाड़ी में उठा चक्रवात फेंगल के शनिवार शाम तक पुडुचेरी के कराईकल और तमिलनाडु के महाबलीपुरम के बीच तट पर पहुंचने की संभावना है। इस दौरान 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान है। तमिलनाडु और पुडुचेरी के कई इलाकों में बारिश हुई, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। सभी स्कूल–कॉलेज में छुट्टी घोषित कर दी है।

वहीं, दक्षिण आंध्र प्रदेश, केरल और आंतरिक कर्नाटक के कई इलाकों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। बंगाल की खाड़ी में चक्रवात फेंगल के तीव्र होने के कारण भारतीय नौसेना को अलर्ट पर रखा गया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राज्य आपातकालीन केंद्र में शीर्ष अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी एहतियाती कदम पहले ही उठाए जा चुके हैं और उन क्षेत्रों के लोगों के लिए शिविर स्थापित किए गए हैं, जहां अधिक नुकसान होने की आशंका है तथा लोगों को भोजन भी वितरित किया जा रहा है।

# सीरिया के दूसरे सबसे बड़े शहर पर विद्रोहियों का कब्जा, 250 की मौत

**दमिश्क।** सीरिया में विद्रोही गुट ने देश के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो और इदलिब के आधे से ज्यादा इलाके पर कब्जा कर लिया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, विद्रोही गुट में हयात तहरीर अल–शम और उसके सहयोगी संगठन शामिल हैं। इन्हें अलकायदा का समर्थन हासिल है। साल 2016 में सीरियाई सेना ने विद्रोहियों को खदेड़ दिया था। 8 साल बाद ऐसा फिर हो रहा है, जब विद्रोही गुटों ने अलेप्पो पर कब्जा करने जा रहे हैं। हयात तहरीर अल–शमने 27 नवंबर को हमला किया था और शहर के अंदर घुस कर कई मिलिट्री ठिकानों पर कब्जा कर लिया था। सीरिया सरकार ने शनिवार को अलेप्पो एयरपोर्ट, हॉस्पिटल और शहर से जुड़ी सभी सड़कों को बंद कर दिया है।

# पाकिस्तानी सेना ने आतंकवादियों के ठिकानों पर किया हवाई हमला, 17 ढेर

**एजेंसी, पेशावर**

**पाकिस्तानी** सुरक्षाबलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग–अलग अभियानों में आतंकवादियों के ठिकानों पर हेलिकॉप्टर से हमला करके 17 आतंकियों को मार गिराया।

सेना के सूत्रों के अनुसार, बन्नू और उत्तरी वजीरिस्तान जिलों में इन अभियानों को अंजाम दिया गया। बन्नू जिले के बाका खेल इलाके में सुरक्षाबलों ने हाफिज गुलबहादुर समूह से जुड़े आतंकवादियों के ठिकाने पर हेलीकॉप्टर से हमला करके 12 आतंकियों को मार गिराया। दूसरा अभियान उत्तरी वजीरिस्तान के मीर अली के हासो खेल इलाके में अंजाम दिया गया, जहां पांच आतंकवादी मारे गए। आतंकवादियों के पास से बड़ी मात्रा में हथियारों व गोला–बारूद बरामद हुआ है।


# स्तन कैंसर का पता लगाने के लिए मुफ्त हेल्पलाइन नंबर शुरू

**नई दिल्ली।** कैंसर रोग विशेषज्ञों की एक टीम ने कैंसर मुक्त भारत अभियान के तहत भारत का पहला हर समय काम करने वाला नि:शुल्क हेल्पलाइन नंबर शुरू किया है, जिसका उद्देश्य स्तन कैंसर का शीघ्र पता लगाने व उपचार की दिशा में त्वरित कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करना है। देशभर में महिलाएं हेल्पलाइन नंबर 9599687085 पर वीडियो या फोन कॉल के माध्यम से बिना किसी शुल्क का भुगतान किए विशेषज्ञों से प्रारंभिक जांच और सलाह ले सकती हैं।

# दिसंबर में लंबी छुट्टी पर जाएगा शेयर बाजार

**एजेंसी, मुंबई**

**स्टॉक** मार्केट मार्केट में निवेश करने वाले लोग साल के आखिरी महीने यानी दिसंबर की शुरुआत से पहले यह जानने में जुटे हैं कि 2024 में अब कितने ट्रेडिंग सेशन बचे हैं। दिसंबर 2024 का कैलेंडर देखकर यह साफ है कि इस महीने के चार शनिवार 7, 14, 21 और 28 तारीख को पड़ रहे हैं, जबकि पांच रविवार 1, 8, 15, 22 और 29 तारीख को आएंगे। इसके साथ ही, दिसंबर में शेयर बाजार की एक छुट्टी भी शामिल है। दिसंबर 2024 में शेयर बाजार सिर्फ एक दिन बंद रहेगा, और वह है 25 दिसंबर, क्रिसमस का दिन। इस दिन ट्रेडिंग पूरी तरह से बंद रहेगी। इसके अलावा, हर हफ्ते के शनिवार और रविवार को भी भारतीय शेयर बाजार बंद रहते हैं।




इसका मतलब यह हुआ कि बीएसई और एनएसई पर दिसंबर 2024 में कुल 31 दिनों में से 10 दिन ट्रेडिंग गतिविधियां बंद रहेंगी। ऐसे में इस साल के अंत तक अब सिर्फ 21 ट्रेडिंग सेशन्स बाकी हैं। दिसंबर 2024 में 31 दिनों में से 10 दिन बीएसई और एनएसई पर ट्रेडिंग गतिविधि निलंबित रहेगी।

**दिसंबर माह में दस दिन रहेगी छुट्टी**

- शनिवार 7, 14, 21 और 28 दिसंबर
- रविवार 1, 8, 15, 22 और 29
- 25 दिसंबर को क्रिसमस की छुट्टी

इसका मतलब है कि 2024 में सिर्फ 21 प्रशिक्षण सत्र बचे हैं।

# रिश्वत देने की बात गलत, कोई राशि दी जाती तो मुझे पता होता : अडानी ग्रुप

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**अडानी** समूह के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) जुगेशिंद्र सिंह ने शुक्रवार को कहा कि ठेके हासिल करने के लिए सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने की बात सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि अगर किसी बड़ी राशि का भुगतान किया जाता, तो उन्हें निश्चित रूप से उसकी जानकारी होती। उन्होंने वित्तीय सेवा मंच ट्रस्ट ग्रुप के एक कार्यक्रम में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि हम शत–प्रतिशत इस बात से अवगत हैं कि इस तरह का कोई भी मामला नहीं है, क्योंकि अगर आप किसी को इतनी नकद राशि का भुगतान कर रहे हैं, तो मुझे निश्चित रूप से पता होगा। समूह के चेयरमैन गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर अडानी सहित अन्य के खिलाफ अमेरिका में लगाए गए आरोप 'अभियोजन अधिकार के अनूठे उपयोग' का मामला है। उन्होंने कहा कि यह समूह पर हमला नहीं है। उन्होंने कहा कि आरोपों में जिन व्यक्तियों के नाम है, वे मामले में उचित मंच पर जवाब देंगे। अमेरिका में लगाए गए इन आरोपों के बाद किसी भी बैंक ने समीक्षा के लिए समूह से संपर्क नहीं किया है।

> बैंक ने समीक्षा के लिए संपर्क नहीं किया: जुगेशिंद्र

# पर्यावरण नियमों के उल्लंघनकर्ताओं को बात रखने का मिले मौका : एनजीटी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** हरित अधिकरण (एनजीटी) ने कहा कि पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना लगाते वक्त उल्लंघनकर्ताओं को अपनी बात रखने का मौका दिया जाना चाहिए और उन्हें यह बताया जाना चाहिए कि उनके पास अपील दायर करने का अधिकार है।

एनजीटी उस मामले की सुनवाई कर रहा था, जिसमें दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने वायु, ध्वनि और जल प्रदूषण फैलाने के लिए दिल्ली के निलोठी गांव में 'स्टोन क्रशिंग' की चार अवैध इकाइयों पर आठ लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य अफरोज अहमद की पीठ ने 22 नवंबर को दिए गए आदेश में कहा कि इस अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत सामग्री से पता चलता है कि डीपीसीसी ने चारों इकाइयों पर दो–दो लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए केवल कारण बताओ नोटिस जारी किया था। जुर्माना लगाने के लिए कारण बताओ नोटिस को 'अंतिम आदेश' माना जा रहा है। अधिकरण ने कहा कि हमारा मानना है कि ऐसे मामलों में जुर्माना लगाने का आदेश उल्लंघनकर्ताओं को जवाब दाखिल करने और सुनवाई का अवसर देने के बाद पारित किया जाना चाहिए।

**कामकाज में बाधा डाल रहा पर्यावरण मंत्रालय**




**राष्ट्रीय** हरित अधिकरण (एनजीटी) ने कहा कि केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय शैक्षणिक संस्थानों में 'एस्बेस्टस शीट' के उपयोग के कारण छात्रों के स्वास्थ्य के लिए पैदा होने वाले खतरों के संबंध में 'उचित जवाब' न देकर अधिकरण के कामकाज में गंभीर बाधा पैदा कर रहा है। 'एस्बेस्टस' नामक पदार्थ को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है।

# सिंधू सैयद मोदी बैडमिंटन के फाइनल में

एजेंसी, लखनऊ

ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां हमवतन उन्नति हुड्डा को सीधे गेम में हराकर सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर-300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। वहीं लक्ष्य ने जापान के शोगो ओगावा को 42 मिनट में 21-8, 21-14 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

शीर्ष वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के पहले सेमीफाइनल में उन्नति को केवल 36 मिनट में 21-12, 21-9 से हरा दिया। सिंधू का अगला मुकाबला थाईलैंड की लालिनराट चाइवान और चीन की लुओ यू वू के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा।

सिंधू ने मैच के बाद कहा,''मैं आज के अपने प्रदर्शन से खुश हूं। मैंने शुरू से ही बढ़त बनाए रखी। मैंने कुछ स्ट्रोक आजमाए और कुल मिलाकर मैं जिस तरह से खेली उसको लेकर आश्वस्त थी। मुझे लगता है कि उन्नति ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।''



## क्रैस्टो-कपिला की जोड़ी खिताबी मुकाबले में



तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने चीन की झी होंग झोउ और जिया यी यांग की जोड़ी पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 42 मिनट तक चले सेमीफाइनल में चीन की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 21-16, 21-15 से हराया।

# गुकेश ने लिरेन से विश्व शतरंज चैंपियनशिप में खेला ड्रॉ

एजेंसी, सिंगापुर

भारतीय चैलेंजर डी गुकेश ने शनिवार को यहां सफेद मोहरों से खेलते हुए विश्व शतरंज चैंपियनशिप की पांचवीं बाजी में गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन से ड्रॉ खेला।

लगातार दूसरे ड्रॉ के बाद दोनों खिलाड़ियों के बराबर 2.5-2.5 अंक हो गए हैं। चैंपियनशिप जीतने के लिए उन्हें अभी भी पांच अंक हासिल करने होंगे।

दोनों खिलाड़ियों ने 40 चाल के बाद अंक बांटने के लिए हाथ मिलाये। यह तीसरा ड्रॉ मुकाबला रहा। 32 वर्षीय लिरेन ने पहली बाजी जीती थी। दोनों ने दूसरी और चौथी बाजी में अंक बांटे थे।

वहीं 18 वर्षीय गुकेश खिताब के लिए अब तक के सबसे कम उम्र के चैलेंजर हैं और उन्होंने बुधवार को तीसरी बाजी जीती थी।

गुकेश ने बाजी के बाद कहा, ''मैं एक बार में एक ही बाजी पर ध्यान लगा रहा हूं, अभी तक टूर्नामेंट आधा भी नहीं हुआ है, अभी कई महत्वपूर्ण बाजियां खेली जानी है। पहले मैच में हारने के बाद मैं अब जिस स्थिति में हूं, उससे खुश हूं।''



बाजी में उनकी गलती के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, ''यह वैसे भी ड्रा हो सकता था, लेकिन मुझे नहीं पता कि यह गलती कैसे हुई, लेकिन मुझे लगता है कि इसके बाद मैंने अच्छा प्रदर्शन किया और इस स्थिति में पहुंचा हूं।'' मैच में यह पहली दफा है कि अभी तक लिरेन को काले मोहरों से कोई परेशानी नहीं हुई।

गुकेश ने फिर से शुरु में 'किंग्स पॉन ओपनिंग (बादशाह के आगे वाले प्यादे की चाल से मुकाबला शुरू करना)' का इस्तेमाल किया और मैच में दूसरी बार 'फ्रेंच डिफेंस' का सामना किया। इसी 'ओपनिंग' से पहला गेम हारने के बाद गुकेश के लिए सावधानी बरतना अहम था और उन्होंने 'एक्सचेंज वैरिएशन' के लिए प्रयास किया, लेकिन लिरेन

## पांच बाजियों के बाद दोनों खिलाड़ी बराबरी पर

इससे निपटने के लिए अच्छी तरह तैयार थे। लिरेन ने जल्द ही दिखाया कि काले मोहरों से इस 'ओपनिंग' से उन्हें रक्षण में कोई भी कठिनाई नहीं हुई।

इसके तुरंत बाद हाथियों की चाल से गुकेश बराबरी में आ गए। लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अपनी शैली के अनुसार असंतुलन स्थिति बनाने की कोशिश की।

लिरेन विपरीत रंग के ऊंट की चाल से समान अंक पर चले गये। इससे खेल के परिणाम के बारे में अब कोई संदेह नहीं था। लेकिन लिरेन ने प्यादे की चाल चली और इसे गंवा दिया और ऐसी स्थिति में पहुंचे जिसके बाद किसी भी खिलाड़ी को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं मिलती।

नियमों के अनुसार खिलाड़ियों को कम से कम 40 चाल पूरी करनी होती थीं और एक बार ऐसा होने के बाद खेल का परिणाम बदलने वाला कुछ नहीं हो सकता।

## स्पोर्ट्स विंडो

### राष्ट्र स्तरीय अंडर-14 वॉलीबॉल प्रतियोगिता में खेलेगी प्रिया



धर्मपुर। पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर की 9वीं कक्षा की छात्रा प्रिया का चयन अंडर-14 छात्रा वर्ग में राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। बता दें कि प्रिया ने खंड स्तर से जिला स्तर और राज्य स्तर तक अंडर-14 छात्रा वर्ग में वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाया है और अब इसका चयन राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है जोकि 10 से 14 दिसंबर तक उत्तर प्रदेश बनारस में होगी। प्रिया के पिता पृथी चंद बद्दी में कंपनी में काम करते हैं और गरीब परिवार से संबंध रखते हैं। (अनंत ज्ञान)

### स्वियातेक ने एक माह का प्रतिबंध किया स्वीकार

नई दिल्ली। पोलैंड की पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने प्रतिबंधित पदार्थ ट्राइमेटाजिडीन के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद एक महीने का डोपिंग सस्पेंशन को स्वीकार कर लिया है। इंटरनेशनल टेनिस इंटिग्रिटी एजेंसी ने यह जानकारी दी। इगा महिला टेनिस रैंकिंग में दूसरे नंबर की खिलाड़ी हैं।



### फुटबॉल : राजस्थान यूनाईटेड ने नामधारी एफसी को 3-1 से हराया

श्री भैनी साहिब (पंजाब)। राजस्थान यूनाईटेड एफसी ने दूसरे हाफ में वापसी करते हुए आई लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में मेजबान नामधारी एफसी को 3-1 से शिकस्त दी। नामधारी एफसी ने 18वें मिनट में राजस्थान के डिफेंडर वायने वाज के आत्मघाती गोल की बदौलत बढ़त हासिल की। राजस्थान ने 51वें मिनट में एलेन ओयारजुन के गोल से 1-1 से बराबरी हासिल की। राजस्थान ने 73वें मिनट में सेमिंगमांग मंचोंग के गोल से बढ़त हासिल की और फिर वाज ने 85वें मिनट में टीम के लिए तीसरा गोल दाग दिया।

### साउथेम्प्टन से ड्रॉ खेलकर प्रीमियर लीग में दूसरे स्थान पर पहुंचा ब्राइटन



ब्राइटन (इंग्लैंड)। वीडियो समीक्षा प्रणाली (वीएआर) के विवादास्पद निर्णय के कारण साउथेम्प्टन को जीत से वंचित कर दिया गया और आखिर में उसे इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में मेजबान ब्राइटन के साथ मैच 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा। काओरू मितोमा ने ब्राइटन को पहले हाफ में बढ़त दिलाई और फ्लिन डाउन्स ने दूसरे हाफ में बराबरी का गोल दागा। इसके कुछ मिनट बाद साउथेम्प्टन के कैमरून आर्चर ने स्थानापन्न रयान फ्रेजर के क्रॉस को गोल में बदल दिया। वीएआर में चार मिनट से अधिक की जांच के बाद फैसला किया गया कि आर्चर ऑनसाइड थे, लेकिन फिर गोलकीपर बार्ट वेरब्रुगेन के साथ बहस करने के कारण एडम आर्मस्ट्रांग को दंडित किया गया, जो ऑफसाइड थे, लेकिन उन्होंने गेंद को स्पर्श नहीं किया था। इस मैच में एक अंक हासिल करने से ब्राइटन के मैनचेस्टर सिटी के समान 23 अंक हो गए हैं, लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण वह दूसरे स्थान पर पहुंच गया

# बारिश की भेंट चढ़ा पहला दिन, रोहित और गिल महत्वपूर्ण अभ्यास से चूके

एजेंसी, कैनबरा

भारत और प्रधानमंत्री एकादश के बीच दो दिवसीय दिन-रात्रि अभ्यास क्रिकेट मैच के पहले दिन का खेल शनिवार को यहां भारी बारिश के कारण संभव नहीं हो पाया, जिससे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले गुलाबी गेंद से अभ्यास करने का महत्वपूर्ण मौका चूक गए। अगर मौसम अच्छा रहा तो फिर दोनों टीम रविवार को 50 ओवरों का मैच खेलने पर सहमत हो गई हैं।

बारिश के कारण रोहित को मैच अभ्यास का मौका नहीं मिला। वह अपने बच्चे के जन्म के कारण पहले टेस्ट में से नहीं खेल पाए थे। दूसरा टेस्ट मैच छह दिसंबर से एडिलेड में गुलाबी गेंद से खेला जाएगा।

रोहित ने ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद गुलाबी गेंद से काफी अभ्यास किया है, लेकिन अच्छे तेज गेंदबाजों के सामने मैच अभ्यास का अलग महत्व होता है। विशेषकर तब जबकि भारत ने अपना अंतिम दिन रात्रि टेस्ट मैच मार्च 2022 में श्रीलंका के खिलाफ




रोहित शर्मा

बेंगलुरु में खेला था। गिल भी उंगली में चोट के कारण पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे और उनका दूसरे टेस्ट मैच में खेलना लगभग तय है।

रोहित और गिल को देवदत्त पडिक्कल और ध्रुव जुरेल की जगह अंतिम एकादश में शामिल किए जाने की उम्मीद है।

यह दोनों बल्लेबाज अब रविवार को मौसम साफ रहने की उम्मीद करेंगे ताकि उन्हें गुलाबी गेंद से मैच अभ्यास का कुछ मौका मिल सके।

भारत ने अभी तक गुलाबी गेंद से चार टेस्ट मैच खेले हैं। बांग्लादेश (2019, कोलकाता) पर जीत के बाद भारत 2020 में एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था। इसके बाद हालांकि उसने घरेलू मैदान पर इंग्लैंड (2021, अहमदाबाद) और श्रीलंका (2022, बेंगलुरु) के खिलाफ जीत दर्ज की थी।

## गंभीर का इतनी जल्दी आकलन करना गलत होगा : अजय जडेजा



नई दिल्ली। भारत के मध्यक्रम के पूर्व बल्लेबाज अजय जडेजा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली 0-3 की हार के बाद आलोचना का सामना कर रहे राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर का बचाव करते हुए कहा कि इतने कम समय में किसी के प्रदर्शन का आकलन करना अनुचित है। भारत के 2011 विश्व कप खिताब जीत के नायकों में शामिल गंभीर ने जुलाई में राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भारतीय टीम की कमान संभाली थी। उन्होंने अपने कार्यकाल का आगाज श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज में जीत के साथ शानदार तरीके से किया था, लेकिन इसके बाद टीम को उस दौरे पर एकदिवसीय श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम ने इसके बाद घरेलू सरजमीं पर टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश को 2-0 से शिकस्त दी।

# चैंपियंस ट्रॉफी : पाकिस्तान हुआ नरम, 'हाइब्रिड मॉडल' स्वीकारा



एजेंसी, कराची

बहिष्कार की धमकी से पीछे हटते हुए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आईसीसी से कहा है कि वह अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए 'हाइब्रिड मॉडल' को स्वीकार करने को तैयार है, लेकिन विश्व संस्था को 2031 तक भारत में होने वाले टूर्नामेंट के लिए भी यही व्यवस्था अपनाने की अनुमति देनी होगी।

पीसीबी के एक शीर्ष सूत्र ने बताया कि बोर्ड इस 'हाइब्रिड मॉडल' पर सहमत होने के लिए सालाना राजस्व चक्र में ज्यादा हिस्सेदारी की मांग भी कर रहा है। सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत इस 'हाइब्रिड मॉडल' में अपने मैच दुबई में खेलेगा, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला भी शामिल है। चैंपियंस ट्रॉफी फरवरी-मार्च में होनी है।

पीसीबी ने पहले टूर्नामेंट के बहिष्कार की धमकी दी थी, जिससे यह प्रस्ताव थोड़ा नरमी भरा है। उसने कहा था कि अगर उसे मेजबानी के पूर्ण अधिकार नहीं दिए गए और भारत की तटस्थ स्थल की मांग स्वीकार कर ली गई तो वह टूर्नामेंट का बहिष्कार करेगा।

पीसीबी के एक सूत्र ने बताया, ''मौजूदा स्थिति यह है कि पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि वह 'हाइब्रिड मॉडल' पर चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी तभी स्वीकार करेगा जब बोर्ड इस बात पर सहमत हो कि भविष्य में सभी आईसीसी टूर्नामेंट इसी प्रणाली के आधार पर होंगे और पाकिस्तान अपने मैच खेलने के लिए भारत नहीं जाएगा।''

भारत को 2031 तक भारत को आईसीसी के तीन पुरुष टूर्नामेंट की मेजबानी करनी है. जिसमें श्रीलंका के साथ मिलकर 2026 टी-20 विश्व कप, 2029 चैंपियंस ट्रॉफी तथा बांग्लादेश के साथ मिलकर 2031 वनडे विश्व कप का आयोजन किया जाएगा।

# द. अफ्रीका ने श्रीलंका को 233 रन से हराया

एजेंसी, डरबन

तेज गेंदबाज मार्को यानसन के 11 विकेट से दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को पांचवें दिन किंग्समीड में खेले गए पहले टेस्ट मैच में श्रीलंका को 233 रनों से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त बना ली।

श्रीलंका ने जीत के लिए 516 रनों के लगभग असंभव जैसे लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी दूसरी पारी में 282 रन बनाये। टीम के लिए दिनेश चांदीमल ने सबसे ज्यादा 83 रन बनाए।

श्रीलंका की टीम ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 103 रन से आगे से की और चांदीमल ने 174 गेंद की पारी में 12 चौके लगाने के साथ छठे विकेट के लिए कप्तान धनंजय डिसिल्वा (59) के साथ 95 और सातवें विकेट के लिए कुसल मेंडिस (48) के साथ 75 रन की साझेदारी कर दक्षिण अफ्रीका के जीत के इंतजार को लंबा किया।

वह गेराल्ड गोएत्जी की गेंद पर उन्हीं को कैच देकर आउट हुए, जिससे



श्रीलंका ने आखिरी चार विकेट 11 रन के अंदर गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका के लिए पहली पारी में सात विकेट लेने वाले यानसेन ने दूसरी पारी में 73 रन देकर चार विकेट लेकर 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए। उन्होंने पहली पारी में सात विकेट चटकाए थे, जिससे श्रीलंका की पहली पारी मात्र 42 रन पर सिमटी गई थी। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 191 और दूसरी पारी में पांच विकेट पर 366 (पारी घोषित) बनाए थे।

टीम के लिए दूसरी पारी में कैगिसो रबाडा, कोएत्जी और स्पिनर केशव महाराज ने दो-दो विकेट लिए। पिछले सात टेस्ट में छठी जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में भारत के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर खिसक गया है। सीरीज का दूसरा मैच पांच दिसंबर से खेला जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड दूसरे टेस्ट मैच से बाहर

एजेंसी, एडिलेड

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटिल होने के कारण भारत के खिलाफ छह दिसंबर से यहां शुरू होने वाले दूसरे दिन-रात्रि टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यह जानकारी दी।

ऑस्ट्रेलिया पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में 295 रन की हार के कारण पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 0-1 से पीछे चल रहा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने यहां जारी विज्ञप्ति ने कहा,''जोश हेजलवुड बाईं ओर हल्की चोट के कारण दूसरे टेस्ट



जोश हेजलवुड

मैच में नहीं खेल पाएंगे। हेजलवुड हालांकि सीरीज के बाकी मैचों की तैयारी के लिए एडिलेड में टीम के साथ बने रहेंगे।''

तेज गेंदबाज सीन एबॉट और ब्रेंडन डोगेट को एडिलेड टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। विज्ञप्ति के अनुसार ,''सीन एबॉट और ब्रेंडन डोगेट को एडिलेड में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम में शामिल किया गया है। एबॉट और डोगेट एडिलेड टेस्ट मैच के लिए ब्यू वेबस्टर के साथ टीम से जुड़ गए हैं।'' ऑस्ट्रेलिया के पास हेजलवुड के स्थान पर तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड को अंतिम एकादश में शामिल करने का विकल्प भी है।

## क्रिकेट

### न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियम्सन के 9000 टेस्ट रन पूरे

# इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड पर कसा शिकंजा

क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड)

केन विलियम्सन ने मैच में दूसरा अर्धशतक जड़ा और शनिवार को यहां 9,000 रन पूरे करने में कामयाब हुए, लेकिन इंग्लैंड ने पहले टेस्ट के तीसरे दिन न्यूजीलैंड पर दबदबा बनाए रखा। विलियम्सन ने पहली पारी के 93 रन के बाद दूसरी पारी में 61 रन बनाए।

न्यूजीलैंड की टीम ने दिन में इंग्लैंड की पहली पारी की 151 रन की बढ़त को खत्म कर किया, लेकिन विलियम्सन इससे पहले आउट होने वाले पांच बल्लेबाजों में से एक रहे।

स्टंप तक न्यूजीलैंड का स्कोर छह विकेट पर 155 रन था, जिससे टीम की बढ़त महज चार रन की थी और अब सिर्फ गेंदबाजों को बल्लेबाजी करनी है। डेरिल मिचेल 31 रन और नाथन स्मिथ एक रन बनाकर खेल रहे थे। इंग्लैंड के लिए ब्राइडन कार्स ने 22 रन देकर 3 विकेट झटके, जिससे उनके मैच में सात विकेट हो गए हैं। इंग्लैंड



विकेट लेने के बाद खुशी मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी।

ने शनिवार को सुबह 'बैजबॉल' सिद्धांत के अनुसार बल्लेबाजी करते हुए दबदबा बनाया और न्यूजीलैंड की 348 रन की पहली पारी का स्कोर पार करते हुए 499 रन बनाकर अच्छी बढ़त हासिल की। हैरी ब्रूक ने 132 रन से खेलते हुए 171 रन बनाएऔर बेन स्टोक्स के साथ 159 रन की भागीदारी निभाई। स्टोक्स ने रात के 37 रन के स्कोर को 80 रन तक पहुंचाया।

गुस एटकिंसन ने 26 गेंद में 48 और कार्स ने 24 गेंद में तीन गगनदायी छक्कों से 33 रन बनाए। इंग्लैंड ने 33 ओवरों में 180 रन जोड़े। ब्रूक ने अपना सातवां शतक जड़ा और टेस्ट में तीसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। स्टोक्स ने 105 गेंद में अपना 35वां अर्धशतक जड़ा और फिर अगले 30 रन 41 गेंद में बनाए।

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने अपने दोनों सलामी बल्लेबाज टॉम लाथम (01) और डेवोन कोनवे (08) के विकेट जल्द गंवा दिए, जबकि तब बोर्ड पर 23 रन टंगे थे। रचिन रविंद्र (24) भी पहली पारी की तरह खराब शॉट खेलकर आउट हो गए, लेकिन विलियम्सन ने धैर्य से बल्लेबाजी करते हुए उदाहरण पेश किया।

रविंद्र को कार्स की शॉर्ट गेंद ने पैवेलियन भेजा। विलियम्सन जब 26 रन पर पहुंचे तो उन्होंने टेस्ट में 9,000 रन पूरे किए। फिर उन्होंने 74 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

## अंडर-19 एशिया कप

# पाकिस्तान ने भारत को 43 रन से हराया

दुबई। पाकिस्तान ने अंडर-19 एशिया कप में भारत को 43 रन से हरा दिया। दुबई में खेले गए इस मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 281 रन बनाए। शहजैब खान ने सबसे ज्यादा 159 रन बनाए।

जवाब में भारतीय टीम 47.1 ओवर में 238 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। निखिल कुमार ने 67 रन की पारी खेली। पाकिस्तान की ओर से अली रजा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। जबकि फहम और सुभान को 2-2 विकेट मिला।

भारत की ओर से समर्थ नागराज ने 3 विकेट झटके जबकि आयुष म्हात्रे को 2 विकेट मिला। ग्रुप-ए में यह दोनों टीमों का पहला मैच था। भारत का दूसरा मुकाबला जापान से 2 दिसंबर को होगा।